12:10:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 279 epaper.rashtriyakhabar.com आश्विन, कृष्णपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080



## विदुर नीति

दानं होमं दैवतं मंगलानि प्रायश्चित्तान विविधांल्लोक वादान।

एतानि यः कुरुते नैत्यकानि तस्योत्थानं देवता राधयन्ति॥

भावार्थ : जो व्यक्ति दान, देवपूजन, शुभकार्य, प्रायश्चित तथा लोकाचार के अनुरुप विविध कार्यों को करता है। देवता भी उसकी उन्नति की कामना करते हैं।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 30.00 °c | 20.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17.26 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.44 बजे

## इस मंदिर में देवी का दाहिना पैर भैसें पर नजर आता है

# दो हजार साल पुरानी है दुर्गा प्रतिमा

- इस मंदिर का दरवाजा त्रिकोणीय है
- दुर्गा देवी का रंग यहां पर काला है
- दोनों तरफ अष्ट मातृका स्वरुप है

राष्ट्रीय खबर

**पुरुलियाः** कहने को तो यह पूरा इलाका ही परंपरा और संस्कृति का प्रतीक है। झारखंड के पुराने मानभूम में शामिल इस इलाके में भी पारंपरिक छौ नृत्य की संस्कृति बसती है। यहां की सड़के अधिकतर लाल रंग की नजर आती हैं। इतिहास के आंकड़ों के मुताबिक इसी इलाके में शायद सबसे प्राचीन दुर्गा प्रतिमा स्थापित है। देउलघाटा का इलाका पुरुलिया शहर से करीब 27 किमी दूर कंसावती नदी के तट पर स्थित है। घने जंगलों से घिरे देउलघाटा में करीब दो हजार साल पुराना एक दुर्गा मंदिर है। इस पकी हुई मिट्टी के मंदिर में



देवी दुर्गा स्थापित हैं। यह मंदिर बौद्ध मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस काल में यहां बौद्ध वास्तु प्रचलित थी। इतिहास बताता है कि प्राचीन मंदिर का निर्माण पाल वंश के दौरान हुआ था। मंदिर में अद्भुत पत्थर की मूर्तियां हैं। मंदिर का दरवाजा भी आम मंदिरों से बिल्कुल अलग यानी त्रिकोणीय आकार का है। यह सब गौरवशाली इतिहास है, जो आम तौर पर लोगों की जानकारी में नहीं है।

यहां स्थापित मातृ मूर्ति देवी दुर्गा का सामान्य रूप नहीं है। देवी की मूर्ति में भी एक आश्चर्य है। देवी का रंग काला है। आमतौर पर माता का बायां पैर भैंसे पर होता है लेकिन यहां नहीं। बल्कि देवी का दाहिना पैर भैंसे पर है। देवी प्रतिमा के सिर पर चक्र स्तंभ है। पैरों के नीचे परियों की मूर्तियाँ हैं। माता के दोनों ओर अष्ट मातृका स्वरूप है। किंवदंति है कि पहले यहां मंदिर होने के बावजूद मां की मूर्ति पेड़ के नीचे थी। वहां पूजा का आयोजन किया गया। फिर मूर्ति को

›› पेज 2 भी देखें

## शादी के कारण राजस्थान में मतदान की तिथि बदली

**नईदिल्ली:** राजस्थान में विधानसभा मतदान का दिन बदल गया। राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने नये दिन की घोषणा की। पिछले सोमवार को आयोग ने बाकी चार राज्यों के साथ राजस्थान में भी विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की थी। बताया गया कि 23 नवंबर को मतदान होगा। लेकिन आयोग ने बुधवार को इसमें बदलाव कर दिया। आयोग ने बुधवार को कहा, राजस्थान में 25 नवंबर को मतदान होगा। परिणाम घोषणा की तारीख अपरिवर्तित रहेगी। बाकी चार राज्यों के साथ-साथ राजस्थान में भी 3 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी। राष्ट्रीय चुनाव आयोग के मुताबिक, उस दिन राजस्थान में कई शादियां और सामाजिक समारोह हैं।

## एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले जवानों का सम्मान

**नयी दिल्ली:** भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को एशियाई खेलों में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा और अविनाश सावले सहित अन्य खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया। आज यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक समारोह में सेना प्रमुख ने एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सेना के खिलाड़ी जवानों को सम्मानित किया और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के अटूट निष्ठा, ध्यान और समर्पण के परिणामस्वरूप देश को यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। सेना प्रमुख ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में अविनाश साबले और पुरुष कबड्डी टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने वाले अर्जुन देशवाल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के प्रयासों में उनके प्रदर्शन को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर समर्थन, अत्याधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे और विश्वस्तरीय कोचिंग सुविधाओं का आश्वासन भी दिया।

## महिला आरक्षण कानून को हाईकोर्ट में चुनौती

**नैनीतालः** उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी सेवा में मिलने वाले क्षैतिज आरक्षण की संवैधानिक वैद्यता को उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी है। अदालत ने फिलहाल सरकार से छह सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। मामले को उत्तराखंड संयुक्त राज्य इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा, 2021 में शामिल उम्मीदवार काजल तोमर की ओर से चुनौती दी गयी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की युगलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि सरकार ने इंजीनियरिंग के पदों को भरने के लिये वर्ष 2021 में विज्ञप्ति जारी की लेकिन 2022 में सरकार ने उत्तराखंड की महिलाओं के लिये अधिवास के आधार पर 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया।

## सीबीआई ने न्यूजक्लिक पोर्टल के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के उल्लंघन को लेकर समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दो स्थानों पर तलाशी ली है। सीबीआई सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया था और न्यूजक्लिक से जुड़े कई पत्रकारों के आवास पर छापेमारी की थी। इसके बाद पुलिस ने इस सिलसिले में दो लोगों प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस ने पहले कहा था कि परिसर में कुल 37 पुरुष और नौ महिला संदिग्धों से उनके रहने के स्थानों पर पूछताछ की गई। पुलिस ने पहले कहा था कि कुछ डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। उधर, न्यूजक्लिक ने एक्स पर लिखा, सीबीआई वर्तमान में न्यूजक्लिक कार्यालय और हमारे प्रधान संपादक के आवास पर तलाशी और जब्ती अभियान चला रही है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## हस्तक्षेप › गाजा पट्टी पर पूर्ण कब्जे को लेकर सेना का अभियान जारी

# इजरायल-हमास संघर्ष में लेबनान भी कूदा

- लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने हमला किया
- गाजा पट्टी इलाके की पूर्ण घेराबंदी कर दी गयी
- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा पूर्ण सहायता प्रदान करेंगे

राष्ट्रीय खबर

**तेल अवीवः** इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच जंग में लेबनान भी शामिल हो गया है और लेबनान के हिजबुल्लाह समूह ने टैंकरोधी मिसाइलों से इजरायली सेना पर हमला किया जिसके बाद इजरायली सेना ने लेबनान की ओर भी मोर्चा खोल दिया है। उधर इजरायली हमले में हमास के दो बड़े कमांडरों के मारे जाने की खबर के बीच गुरुवार को ब्रुसेल्स में नाटो की एक महत्वपूर्ण बैठक में इजरायली रक्षा मंत्री नाटो देशों को संघर्ष की ताजा स्थिति की जानकारी देंगे। ताजा आंकड़ों के अनुसार इजरायली फौज के हाथों कम से कम 900 फिलिस्तीनियों की मौत हुयी जबकि हमास ने शनिवार को संघर्ष शुरू होने के बाद से 1200 से अधिक इजरायलियों को मौत के घाट उतारा है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला करके दुनिया को चौंका दिया है। इजरायल द्वारा सोमवार को पूरी तरह से नाकाबंदी करने के आदेश के बाद, गाजा पट्टी इलाके में पानी, खाद्य और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो गयी। हमास से जुड़े एक फिलिस्तीनी चैनल अल अक्सा ने बुधवार को बताया कि गाजा पट्टी के दक्षिण में इजरायली हवाई हमले के दौरान हमास आंदोलन की सशस्त्र शाखा, अल-कसम ब्रिगेड के

›› पेज 2 भी देखें



### हमास की निंदा, पर फिलिस्तीनियों का सम्मान भी जरूरी : थरूर

नयी दिल्ली: कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शशि थरूर ने इजरायल पर हमास के हमले को एक जघन्य आतंकवादी हमला करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है और कहा है कि भारत ने हमेशा से चाहा है कि इजरायली एवं फिलिस्तीनी दोनों ही अपनी अपनी सुरक्षित सीमाओं में शांति और सम्मान से रहें लेकिन इसके लिए संघर्ष का रुकना एवं शांति बहाली जरूरी है। श्री थरूर ने इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर कांग्रेस कार्यसमिति के बयान लेकर उठे विवाद पर पार्टी की राय विस्तार से रखी और कहा, सबसे पहले पूरी स्थिति इजरायल में राष्ट्रीय अवकाश के दौरान हमास द्वारा अचानक किए गए हमले से भड़की है, यह एक आतंकी ऑपरेशन था। उन्होंने निर्दोष नागरिकों, बच्चों को मार डाला। बुजुर्ग लोग और युवा एक संगीत समारोह में भाग ले रहे हैं। हमास ने जो किया उसके लिए किसी भी औचित्य को स्वीकार करना वास्तव में असंभव था।

## जगन्नाथपुर मंदिर में पोशाक संबंधी पाबंदी लागू होगी

# फटा जिंस और हाफ पैंट जैसे ड्रेस नहीं चलेंगे

राष्ट्रीय खबर

**भुवनेश्वरः** पुरी मंदिर श्रीक्षेत्र में सबसे पवित्र स्थान माना जाता है। इसी तरह मंदिर में भी कई नियम होते हैं। नियमों की सूची में अब ड्रेस कोड भी जुड़ गया है। मंदिर समिति के मुताबिक, हाथ से कटे कपड़े, रिप्ड जींस, हाफ पैंट पहनकर मंदिर में प्रवेश नहीं किया जा सकता। जगन्नाथ पुरी की मंदिर समिति ने जानकारी दी है कि अगले साल 1 जनवरी से आगंतुकों के लिए नया ड्रेस कोड लागू किया जाएगा अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि इस नियम का सख्ती से पालन किया जाए। मंदिर के अंदर रिप्ड जींस, स्लीवलेस शर्ट या हाफ पैंट की अनुमति नहीं है।

ड्रेस कोड में यह भी कहा गया है कि समुद्र तट पर कुछ खास कपड़े पहने जा सकते हैं, लेकिन मंदिरों में नहीं। पुरी में जगन्नाथ मंदिर के अधिकारियों का दावा है कि कई तीर्थयात्री देव दर्शन के लिए मंदिर के अनुरूप कपड़े नहीं पहनकर आते हैं। इसलिए अधिकारी



जगन्नाथ मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए एक नया ड्रेस कोड लाने जा रहे हैं।

यहां तक कहा गया है कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कपड़े नहीं पहने जा सकते संयोग से, दक्षिण भारत के कई मंदिरों में एक ड्रेस कोड है। 20 अक्टूबर 2021 से वहां के पुजारियों का ड्रेस कोड भी लागू कर दिया गया है। पूजा के दौरान उन्हें धोती, तौलिया, पट्टा पहनना होगा इस बार फैंस के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया जा रहा है

मुख्य

›› पेज 2 भी देखें

## अपने विधायक अमानतुल्लाह खान से मिलने के बाद दिया बयान

# आप को खत्म कर देना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरी कोशिश है कि आम आदमी पार्टी( आप )को कुचलकर खत्म कर दिया जाए। ओखला से आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने मंगलवार को हुई प्रवर्तन निदेशालय( ईडी ) की कार्रवाई को लेकर आज पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, अमानतुल्लाह खान के यहां ईडी की छापेमारी हुई। यह पहला मौका नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर छापेमारी कराई है। जब से हमारी दिल्ली के अंदर सरकार बनी है, प्रधानमंत्री की पूरी कोशिश यही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए, खत्म कर दिया जाए। वर्ष 2015 में दिल्ली में हमारी सरकार बनी और वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री ने हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी बैठाई। शुंगलू कमेटी हमारी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइल मंगाई, जो तकरीबन चार सौ थीं। बड़े-बड़े अफसरों ने सारी

›› पेज 2 भी देखें

## विशेषाधिकार समिति के समक्ष हाजिर नहीं हुए रमेश विधूड़ी



**नईदिल्ली :** लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को कहा कि दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने सदन में विशेषाधिकार हनन के आरोपों के संबंध में विशेषाधिकार समिति को मौखिक साक्ष्य प्रदान किया था। बिधूड़ी ने पिछले महीने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सांसद दानिश अली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया था।

विशेषाधिकार समिति की बैठक सांसद सुनील सिंह भाजपा की अध्यक्षता में हुई और सांसद रमेश विधूड़ीसे मौखिक साक्ष्य लिए गए। पता चला है कि बिधूड़ी ने चेयरमैन को पत्र लिखकर मंगलवार की बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई, लेकिन कहा कि वह अगली बैठक में उपस्थित रहेंगे। अगली सुनवाई में, समिति से बिधूड़ी, दानिश अली और अन्य विपक्षी सांसदों के साक्ष्यों का मूल्यांकन करने की उम्मीद है, जिन्होंने समिति को पत्र लिखकर दक्षिण दिल्ली के सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी परिस्थितियों की जांच की मांग की है। जिसके कारण संसद में घटना हुई। लोकसभा टीवी पर इस घटना का सीधा प्रसारण हो गया था, जिसमें विधूड़ी को अपशब्द बोलते हुए सुना गया है। इसी वजह से घटना से इंकार करने की गुंजाइश नहीं रह गयी है। बिधूड़ी फिलहाल राजस्थान के टोंक जिले में हैं, जहां वह चुनाव प्रभारी हैं और पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं। लोकसभा की विशेषाधिकार समिति ने बिधूड़ी से सदन में चंद्रयान-3 मिशन पर चर्चा के दौरान कथित अनुचित आचरण के लिए उनके और अली के खिलाफ कई सांसदों से प्राप्त शिकायतों के बारे में मौखिक साक्ष्य मांगा था। संसद का विशेष सत्र खत्म होने के एक दिन बाद बीजेपी ने भी कारण बताओ नोटिस भेजा।

## एक और वीडियो सामने आने के बाद मणिपुर पुलिस की सफाई

# दो लोगों को जलाकर मार डालने का वीडियो

राष्ट्रीय खबर

**अगरतलाः** सांप्रदायिक झगड़े में घिरे मणिपुर में हिंसा का एक नया वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर फैले सात सेकेंड के वीडियो में उन्मादी भीड़ एक शख्स को आग के हवाले कर रही है। मणिपुर पुलिस के मुताबिक, घटना 4 मई को कांगपोकपी और थौबल जिलों की सीमा पर हुई। उस दिन दो कुकी महिलाओं को नग्न कर दिया गया। उस घटना का वीडियो जुलाई के तीसरे हफ्ते में सोशल मीडिया पर फैल गया था। स्वतंत्र स्तर पर दोनों वीडियो की



प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है। राजधानी इंफाल से 35 किलोमीटर दूर थौबल जिले में स्ट्रिप और सामूहिक बलात्कार की घटना में कथित संलिप्तता के लिए पुलिस पहले ही कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एक पीड़िता का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा, वहां उनके पिता और भाई को उस दिन मैतेई समुदाय के हमलावरों ने मार डाला था। माना जा रहा है कि सरेआम जलाने का वीडियो उसी घटना का है।

थौबल लागोआ के कोंगपोकपी जिले के बी फेनोम गांव की रहने वाली 21 वर्षीय महिला ने कहा कि यह घटना 4 मई को थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस

›› पेज 2 भी देखें

## अनुसंधान › जलवायु परिवर्तन के खतरे के प्रति वैज्ञानिकों ने फिर आगाह किया

# तापमान और बढ़ा तो लोग झेल नहीं पायेंगे

- खतरे के इलाके में भारत महाद्वीप भी
- खुद को ठंडा नहीं कर पायेगा इंसान भी
- आठ सौ मिलियन लोगों पर खतरा है

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** जलवायु परिवर्तन का असर तो हर तरफ दिख रहा है। इसके बीच ही वैज्ञानिकों ने आगाह किया है कि यदि वैश्विक तापमान 1 डिग्री सेल्सियस या वर्तमान स्तर से अधिक बढ़ जाता है, तो हर साल अरबों लोग इतनी अधिक गर्मी और आर्द्रता के संपर्क में आएंगे कि वे स्वाभाविक रूप से खुद को ठंडा करने में असमर्थ होंगे। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में आज (9 अक्टूबर) प्रकाशित एक नए लेख के नतीजों से संकेत मिलता है कि ग्रह का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने से पूरे ग्रह में मानव स्वास्थ्य के लिए तेजी से विनाशकारी होगा।



›› पेज 2 भी देखें

### अनुसंधानकर्त्ताओं ने कहा है कि

यह समझने के लिए कि जलवायु परिवर्तन जैसी जटिल, वास्तविक दुनिया की समस्याएं मानव स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करेंगी, आपको ग्रह और मानव शरीर दोनों के बारे में विशेषज्ञता की आवश्यकता है। पेन स्टेट के शोधकताओं द्वारा पिछले साल प्रकाशित काम के अनुसार, युवा, स्वस्थ लोगों के लिए परिवेशी वेट-बल्ब तापमान सीमा लगभग 31 सी है, जो 100 फीसद आर्द्रता पर 87.8 फॉरेनहाइट के बराबर है। हालाँकि, तापमान और आर्द्रता के अलावा, किसी विशिष्ट क्षण में किसी भी व्यक्ति के लिए विशिष्ट सीमा उनके परिश्रम स्तर और हवा की गति और सौर विकिरण सहित अन्य पर्यावरणीय कारकों पर भी निर्भर करती है। अध्ययन के नतीजे बताते हैं कि यदि वैश्विक तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 2 डिग्री सेल्सियस ऊपर बढ़ जाता है, तो पाकिस्तान और भारत की सिंधु नदी घाटी के 2.2 अरब निवासी, पूर्वी चीन में रहने वाले एक अरब लोग और उप-सहारा अफ्रीका के 800 मिलियन निवासी प्रभावित होंगे। हर साल कई घंटों की गर्मी का अनुभव होता है जो मानव सहनशीलता से अधिक है। इन क्षेत्रों में मुख्य रूप से उच्च आर्द्रता वाली गर्मी का अनुभव होगा। उच्च आर्द्रता वाली हीटवेव अधिक खतरनाक हो सकती हैं क्योंकि हवा अतिरिक्त नमी को अवशोषित नहीं कर सकती है, जो मानव शरीर से पसीने और कुछ बुनियादी ढांचे, जैसे बाष्पीकरणीय कूलर से नमी के वाष्पीकरण को सीमित करती है।

## नाटो द्वारा कोसोवो में शांति सेना को भारी हथियार दिये गये

एजेंसियां

**प्रिस्टिनाः** नाटो के एक शीर्ष कमांडर ने मंगलवार को कहा कि गठबंधन ने कोसोवो में अपने शांति सेना को लड़ाकू शक्ति के हथियारों से लैस किया है। हाल ही में नकाबपोश सर्ब बंदूकधारियों और कोसोवो पुलिस के बीच हुई गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे और तनाव बढ़ गया था। एलाइड ज्वाइंट फोर्स कमांड नेपल्स, इटली के एडमिरल स्टुअर्ट बी. मुन्स्च ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम से लगभग 200 सैनिकों और रोमानिया से 100 अन्य की एक बटालियन नाटो के नेतृत्व वाले कोसोवो के लिए युद्धक शक्ति



हासिल करने के लिए भारी हथियार ला रही है। शांतिरक्षक - 27 देशों के लगभग 4,500 सैनिकों से बने हैं और जून 1999 से कोसोवो में हैं, मूल रूप से हल्के हथियारों और वाहनों के साथ तैनात हैं। सर्बिया और कोसोवो के बीच 1998-1999 का युद्ध 78 दिनों के नाटो बमबारी अभियान के बाद समाप्त हुआ जब सर्बियाई

›› पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### जेपी जयंती पर झारखंड जदयू नेताओं ने किया पुष्प अर्पित

रांची: झारखंड जदयू ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर पार्टी कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार जेपी आंदोलन के संघर्षो से उपजे हुए पौधे हैं। जिनके नेतृत्व में आज भारत में नई क्रांति का बीजारोपण हो रहा है। वहीं बैद्यनाथ प्रसाद सिंह (विकल) ने कहा कि आज युवाओं में उसी शैक्षणिक क्रांति, सामाजिक और राजनीतिक क्रांति की जरूरत है। युवा रोजगार के लिए एकजुट हो जाएं। मौके पर रत्ना शर्मा, डॉ ऑफताब जमील, भगवान सिंह, संजय सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, बैद्यनाथ पासवान, डॉ राजनारायण पटेल, राम जी प्रसाद, प्रवीण कुमार झा, महेश्वर चौधरी तथा अन्य

सुनवाई

झारखंड की सरकार ने हाइकोर्ट को बताया

# लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए बनायी गयी है कमेटी

राष्ट्रीय खबर




रांची:विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति सहित नेता प्रतिपक्ष मामले को लेकर दाखिल विभिन्न याचिकाओं की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया कि लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए एक कमेटी गठित की गई है, जल्दी लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जायेगी। राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर निर्धारित की। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा था कि चीफ इंफॉर्मेशन कमिश्नर और लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए शीघ्र बैठक होगी। इससे पहले विधानसभा सचिव ने हाइकोर्ट द्वारा उठाये गये दो बिंदुओं पर झारखंड हाइकोर्ट में शपथ पत्र दायर किया था। जिसमें कहा गया था कि हाइकोर्ट अपने क्षेत्राधिकार के तहत विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश नहीं दे सकता है। हाइकोर्ट हाउस के बिजनेस में एंट्री नहीं कर सकता है। संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाइकोर्ट विधानसभा की कार्यवाही में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। विधानसभा स्पीकर को निर्देश देने का उसे पावर नहीं है।

पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने पूछा था कि संविधान के आर्टिकल 226 के तहत हाइकोर्ट के पास क्या पावर है कि वह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को विपक्ष का नेता बनाने का निर्देश दे सकता है। इसके जवाब में विधानसभा अध्यक्ष की ओर से कहा गया था कि संविधान के आर्टिकल 212 के तहत हाइकोर्ट को पावर नहीं है कि वह विधानसभा की कार्यवाही में किसी तरह का हस्तक्षेप करे।

बाबूलाल ने सीएम को लिखा पत्र, कहा

## भ्रष्टाचार पर मुख्य सचिव की चुप्पी ठीक नहीं



राष्ट्रीय खबर

रांची: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिया है। बाबूलाल ने सीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से केंद्रीय जांच एजेंसियों को कार्रवाई के मामले में गुमराह किया जा रहा है। बाबूलाल ने कहा कि झारखंड के शीर्ष अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं। मुख्य सचिव से कार्रवाई की मांग भी की गई है, लेकिन उन्होंने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही स्वीकृति दी है। यह एक बड़ी चिंता का विषय है कि इतने गंभीर मुद्दे पर मुख्य सचिव चुप्पी साधे हैं। बाबूलाल ने कहा कि इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि है कि ठोस सबूतों के बावजूद शीर्ष अधिकारियों को बचाने के लिए यह बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हैं। ऐसी यह अकेली घटना नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने योजनाओं का ब्यौरा उपलब्ध कराया है

# रांची में शहरी कार्य मंत्रालय से चल रही 2779 करोड़ की परियोजनाएं

राष्ट्रीय खबर



रांची:आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र में 2779 करोड़ रुपए की परियोजनाएं संचालित हो रही हैं। इनमें कई और परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और कई पर कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, स्मार्ट सिटी मिशन, अटल नवीकरण शहरी परिवर्तन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, एनयूएलएम जैसी योजनाओं के माध्यम से बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। शहरी क्षेत्र में जीवन की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है। इस जानकारी को लेकर केंद्रीय शहरी कार्य और आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सांसद संजय सेठ को एक पत्र लिखा है। रांची शहरी क्षेत्र में 32433 शहरी आवास स्वीकृत किये गये हैं जिसमें 16479 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस कार्य के लिए भारत सरकार के द्वारा 526 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है और 376 करोड़ रुपये जारी भी कर दिये गये हैं। वहीं स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया है कि यह प्रोजेक्ट 1980 करोड़ रुपये का है, जिसमें 24 प्रकार के कार्य होने हैं। 18 प्रकार के कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि 699 करोड़ रुपए की लागत से 6 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। वहीं अमृत योजना के तहत रांची में 271 करोड़ रुपए की लागत से आठ परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, जिसमें 54 करोड़ रुपए लागत की छह परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। वहीं 221 करोड़ रुपए की लागत से भी परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। अमृत योजना क्क के तहत 2.31 करोड़ रुपए की लागत की तीन परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत 6690 लोगों को लाभ दिया गया है। यह राशि 9.175 करोड़ रुपए की है। वही एनयुएलएम के तहत शहरी क्षेत्र की झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को रोजगार के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जाना है। इसके तहत रांची में 3305 और कपाली में 94 स्वयं सहायता समूह तैयार किये गये हैं जिसमें रांची में 2100 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है जबकि कपाली में 84 स्वयं सहायता समूह को राशि उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावे रांची शहर में 14128 लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है, जिसमें 5224 लोगों का नियोजन विभिन्न संस्थाओं में किया गया है।

# कार्डिनल तेलेसफोर पी टोप्पो के निधन पर नायक ने शोक व्यक्त किया

राष्ट्रीय खबर

रांची: कार्डिनल तेलेसफोर पी टोप्पो के निधन पर झारखंड बचाओ मोर्चा के केन्द्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक श्री लॉबिंन हेम्ब्रम एवं झारखंड बचाओ मोर्चा केन्द्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने अपने संयुक्त शोक संदेश में कहा कि कार्डिनल टोप्पो ने एक छोटे से गांव में जन्म लेकर अपने संघर्ष के बदौलत अपनी मुकाम को पूरा किया और वह झारखंड के दायरे से बाहर निकलकर प्रेम ,भाई चारा,संप्रदायिक सद्भाव के



विचारो को पुरे दुनिया मे फैला कर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाया

। श्री हेंब्रम एंव श्री नायक ने आगे कहा कि कार्डिनल टोप्पो के असमय निधन होने से हमने झारखंड का एक महारत्न खोने का काम किया है जिसकी पूर्ति होना संभव नहीं है ।वे एक दूरदर्शी व्यक्तित्व के साथ साथ जाति धर्म से उपर उठकर झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और सांप्रदायिक सद्भाव के क्षेत्र में काफी काम किया विशेष तौर पर झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज के लिए किए गए कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा।

## हेमंत सरकार गाजर-मूली नहीं कि उखाड़ फेंकें : सुप्रियो भट्टाचार्य

राष्ट्रीय खबर

रांची: प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्यपाल को पत्र लिखकर हेमंत सोरेन की सरकार को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग पर झामुमो ने पलटवार किया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल मरांडी 2024 और आगामी दिनों होने वाले पांच राज्यों के चुनाव में निश्चित हार को देख कर बौखला गए हैं। कारण केवल यही नहीं है। उनकी संकल्प यात्रा पूरी तरह विफल रही है। न जनता आ रही है, न उनके भाजपा नेता। पूरी तरह अकेले पड़ चुके हैं। ऊपर से देश की सारी केंद्रीय एजेंसियां हेमंत सरकार को अस्थिर करने, विकास को प्रभावित करने का प्रयास करने के बाद भी यह सरकार निरंतर काम कर रही है। यह सब देख कर वे अपना आपा खो चुके हैं। बाबूलाल मरांडी अपने पत्र में सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हैं। वो सूत्र कौन है, क्या-क्या जानकारी उनको दिए हैं। किस आधार पर पत्र लिखे हैं, यह अपने आप में सवाल खड़ा करता है। बाबूलाल जान लें, हेमंत सरकार कोई गाजर-मूल नहीं है, जिसे आप और आपके चचा इसे उखाड़ फेंकेंगे।

संकल्प यात्रा

कांग्रेस ने गरीबों की कभी नहीं की चिंता, भाजपा ने किए गांव गरीब किसान के विकास

# सोरेन परिवार ने आदिवासियों का हक मारा, सोरेन परिवार मतलब संथाल और आदिवासी समाज नहीं: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



रांची:संकल्प यात्रा के सातवें चरण के दौरान जुगसलाई विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोरेन परिवार पर जमकर हमला बोला एवं भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त शासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी गाँव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गाँव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है। माँ बहनों की कठिनाइयों को देखा है इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने माँ बहनों को ध्यान में रखकर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या मोदी जी द्वारा भेजे जा रहे पैसों का भी बंदरबाँट कर दिया। प्रधानमंत्री जी गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दिया। जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। जबकि कांग्रेस शासन में शहर वालों को ही मिलता था। आज गाँव गाँव तक गैस पहुँच गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण पैसे वालों के लिए किया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जनधन खाते खुलवाकर एक एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदी जी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। किसानों के खाते में सीधे पैसे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रहे हैं। अनाजों की चोरी करवाने वाले मुख्यमंत्री को हटाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में गरीब पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पाते थें। मोदी जी ने आयुष्मान योजना लाकर हर गरीब को पाँच लाख तक आयुष्मान से इलाज की सुविधा दिया जबकि हेमंत सरकार की लापरवाही के करण कई गरीब इस योजना से वंचित हो गये हैं। भाजपा की सरकार बनी तो घर घर जाकर अधिकारी राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनायेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 60 वर्षों तक शासन किया किंतु अलग राज्य के सपने को कभी पूरा नहीं किया। आंदोलन करने वाले कांग्रेस के गोद में खेलते रहे, अलग राज्य के सपने को अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया। कांग्रेस कभी भी गरीबों की चिंता नहीं किया झारखंड का विकास भाजपा के सरकारों में हुआ। कांग्रेस शासन में किरोसिन के लिये लड़ाई होती थी, भाजपा ने गाँव गाँव तक बिजली पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार में बालू पर टैक्स नहीं लगता था। हेमंत सरकार ने बालू घाट दिल्ली मुंबई वालों को दे दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है।

## पेज एक का शेष

### दो हजार साल पुरानी .. .. ..

मंदिर के अंदर रख दिया गया क्योंकि सूर्य की किरणों से मूर्ति नष्ट हो रही थी। दैनिक पूजा आज भी नियमानुसार की जाती है। दुर्गा पूजा के चार दिनों में विशेष व्यवस्था होती है। परंपरा के अनुसार, महालया के दिन से चंडी पाठ के साथ पूजा शुरू होती है। मैं अब भी कहता हूं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को बकरे की बलि दी जाती है। इस पूजा को देखने के लिए काफी लोग जुटते हैं। भारत की सबसे प्राचीन दुर्गा पूजा को देखने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी लोग आते हैं।

### इजरायल-हमास संघर्ष में .. ..

कमांडर के रिश्तेदार मारे गए। एक इजरायली युद्धक विमान ने अल-कसम के मुख्य कमांडर मोहम्मद अल-दीफ के भाई के घर को निशाना बनाया। चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में घर को पूरी तरह से नष्ट हो गया और हमले में खान यूनिस शहर में उनके भाई, साथ ही उनके भाई के बेटे और बेटी की मौत हो गयी है। आज गाजा पट्टी पर इजरायली हमले में हमास के दो राजनीतिक अधिकारी मारे गए। इसबीच इजरायली रक्षा बलों ने (आईडीएफ) ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आज एक इजरायली लड़ाकू विमान ने गाजा पट्टी में उस इस्लामिक विश्वविद्यालय को नेस्तनाबूद कर दिया जिसका उपयोग हमास सैन्य खुफिया कार्यकर्ताओं के लिए हथियारों के विकास और उत्पादन के साथ-साथ प्रशिक्षण शिविर के रूप में करता था। आईडीएफ ने यह भी कहा कि इजरायल पर लेबनान की ओर से टैंकरोधी मिसाइलें दागी गयीं हैं जिसके बाद इजरायली सेना जवाबी कार्रवाई रही है। नाटो के प्रतिनिधि कल इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से मिलेंगे और उनसे ताजा हालात की जानकारी लेने के बाद आगे की रणनीति पर विचार करेंगे। इसी बीच, नीदरलैंड की रक्षा मंत्री काजसा ओलोंग्रेन ने कहा, फिलिस्तीन-इजरायल के बीच संघर्ष बढ़ने से क्षेत्र में अस्थिरता एवं असुरक्षा का खतरा और अधिक फैल गया है लेकिन नाटो का पूरा ध्यान यूक्रेन पर भी है। उधर मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने संवाददाताओं से कहा, रूस, इजरायल और फिलिस्तीन दोनों के साथ बातचीत करता है लेकिन वह आतंकवादी कृत्यों की निंदा किए बिना नहीं रह सकता है।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि सप्ताहांत में हमास के हमलों का जवाब देना इजरायल का अधिकार और कर्तव्य है, जिसे उन्होंने सरासर दुष्ट कृत्य करार दिया है। श्री बाइडेन ने कहा कि अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा रहेगा और उसे जो भी सहायता की आवश्यकता होगी वह प्रदान करेगा। राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता ने कहा कि कम से कम 20 अमेरिकी लापता थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि उनमें से कितने को हमास ने बंदी बना लिया है। उन्होंने कहा,अमेरिका में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। न यहूदियों के खिलाफ, न मुसलमानों के खिलाफ, न किसी के खिलाफ।

### फटा जिंस और हाफ पैंट .. ..

प्रशासक का कहना है कि मंदिर अधिकारियों के मुताबिक ऐसे कपड़े न केवल अशोभनीय हैं बल्कि पवित्र स्थान का अपमान भी करते हैं। हालाँकि, यदि आपकी उम्र 12 वर्ष या उससे कम है, तो आपको इस ड्रेस कोड का पालन करने की आवश्यकता नहीं है। फिलहाल मीडिया और माइकिंग के जरिए अभी से ही आगंतुकों को नये ड्रेस कोड के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### आप को खत्म कर देना .. ..

फाइलों की जांच की और एक पैसे का भी घोटाला नहीं निकला। उन्होंने कहा, शुंगलू कमेटी की जांच में कोई भ्रष्टाचार नहीं मिलने के बाद श्री मोदी ने हमारे उपर झूठे केस करने शुरू कर दिए। प्रधानमंत्री अभी तक आम आदमी पार्टी के विधायकों पर 170 से ज्यादा केस कर चुके हैं। इसमें से 140 से अधिक केस में कोर्ट का फैसला आ चुका है जिसमें निर्णय पार्टी के पक्ष में आए हैं। अब पिछले दो साल से प्रधानमंत्री ने हमारे मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू किया है। प्रधानमंत्री का मकसद भ्रष्टाचार खत्म करना नहीं है। वह दूसरी पार्टियों के सारे भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर ली है। उन्होंने कहा कि आज देश का माहौल बहुत ज्यादा खराब हो चुका है। पहली बार हो रहा है कि भारत छोड़-छोड़कर लोग दूसरे देशों की नागरिकता ले रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। बहुत बडे स्तर पर लोग भारत छोड़-छोड़ कर जा रहे हैं। व्यापार और उद्योग बर्बाद हो चुका है। व्यापारी-उद्योगपति, मीडिया और आम जनता डरी हुई। इसके बाद भी आप डटी हुई है। यह देशभक्तों और ईमानदार लोगों की पार्टी है। इस दौरान विधायक ने कहा, ईडी हमारे घर पर 12 घंटे तक रही और इस दौरान पूरा परिवार परेशान रहा। हम लोग पूरे दिन खाना तक नहीं खा पाए।

### दो लोगों को जलाकर मार .. ..

स्टेशन से दो किलोमीटर दूर बी फेनोम गांव के पास ताउबू गांव के पास हुई। उसने सैकुल पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज की और हमलावरों के खिलाफ हत्या और बलात्कार सहित कई आरोप दर्ज किए। महिला ने कहा, कई अपराधियों के पास एके -47, आईएनएसएस और एसएलआर सहित आधुनिक आग्नेयास्त्र थे। उनकी संख्या कई सौ थी। गांव में घुसकर उन्होंने अंधाधुंध घरों में आग लगा दी और फायरिंग की। हममें से पांच-तीन महिलाएं और दो पुरुष (पीड़िता के पिता और भाई) पास के जंगल में भागकर बच निकले। लेकिन थाने लौटते वक्त सड़क पर बदमाशों ने हमें घेर लिया। महिला ने यहां तक कहा कि उसके साथ गैंग रेप हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके पिता और भाई को भीड़ ने मार डाला, उन्होंने कहा, पहले मेरे 56 वर्षीय पिता को मारा गया। मुझे बचाने की कोशिश में मेरा भाई भी मारा गया। लेकिन सिर्फ उसके साथ बलात्कार नहीं हुआ क्योंकि महिला हमलावरों से परिचित थी।

### तापमान और बढ़ा तो लोग .. ..

मनुष्य केवल गर्मी और आर्द्रता के कुछ संयोजनों का ही सामना कर सकता है, इससे पहले कि उसके शरीर में गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे हीट स्ट्रोक या दिल का दौरा, का अनुभव होने लगे। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन दुनिया भर में तापमान को बढ़ा रहा है, अरबों लोगों को इन सीमाओं से परे धकेल दिया जा सकता है।

औद्योगिक क्रांति की शुरूआत के बाद से, जब मनुष्यों ने मशीनों और कारखानों में जीवाश्म ईंधन जलाना शुरू किया, दुनिया भर के तापमान में लगभग 1 सेंटीग्रेड या 1.8 डिग्री फारेनहाइट की वृद्धि हुई है।

शोधकताओं ने कहा कि परेशान करने वाली बात यह है कि ये क्षेत्र निम्न-से-मध्यम आय वाले देशों में भी हैं, इसलिए प्रभावित लोगों में से कई के पास एयर कंडीशनिंग या गर्मी के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों को कम करने के किसी प्रभावी तरीके तक पहुंच नहीं हो सकती है। शोधकताओं ने निष्कर्ष निकाला कि यदि ग्रह का तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 3 डिग्री सेल्सियस ऊपर जारी रहता है, तो मानव सहनशीलता से अधिक गर्मी और आर्द्रता का स्तर पूर्वी समुद्री तट और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य भाग को प्रभावित करना शुरू कर देगा - फ्लोरिडा से न्यूयॉर्क तक और ह्यूस्टन से शिकागो। वार्मिंग के उस स्तर पर दक्षिण अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में भी अत्यधिक गर्मी का अनुभव होगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका में अधिक ताप तरंगों का अनुभव होगा, लेकिन दुनिया के अन्य क्षेत्रों की तरह इन ताप तरंगों के मानवीय सीमा को पार करने की भविष्यवाणी नहीं की गई है।

### नाटो द्वारा कोसोवो में शांति सेना .. ..

सेना को कोसोवो से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा। 10,000 से अधिक लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर कोसोवो अल्बानियाई थे।

24 सितंबर को, लगभग 30 सर्ब बंदूकधारियों ने कोसोवो पुलिस के एक अधिकारी की हत्या कर दी और फिर कोसोवो पुलिस के साथ घंटों तक गोलीबारी शुरू करने से पहले उत्तरी कोसोवो में बैरिकेड्स लगा दिए। तीन बंदूकधारी मारे गए। 29 मई को जातीय सर्बों के साथ संघर्ष के बाद नाटो ने सबसे पहले लगभग 600 तुर्की सैनिकों के साथ अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाई थी।

# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

**तिलौथू (रोहतास)** : प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। जिसमें सुंदर रंगोली बनाई गई जागरूकता स्लोगन लेखनी साइकल रैली सहित बालिकाओं को जागरूकता संबंधित जानकारी दी गई। डीपीएम विजय कुमार ने बालिकाओं से संबंधित सरकार की योजनाओं पर चर्चा किया जिसमें बिहार में लिंगानुपात में असमानता पर बालिकाओं के सर्वांगीण विकास शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। मुखिया संजय चौधरी ने बताया कि बेटियां किसी भी छेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उप मुखिया अमित गुप्ता ने बताया कि बेटियां हमारी सौभाग्य है। इसलिए बेटियों को सशक्त बनाने में जो कुछ भी हो सकता है किया जाना चाहिए। सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज सी 3 नामक संस्था के जिला कोर्डिनेटर श्याम सुंदर ने प्रखण्ड कोर्डिनेटर आशा सिंह, प्राचार्य विनोद कुमार सिंह, वार्ड सदस्या आशा देवी, किरण देवी, अंजू देवी, मीरा देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जयंती समारोह पर भाजपा का मिलन समारोह आयोजित

## नीतीश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा नेताओं ने लगाया गंभीर आरोप

### जमीन कब्जा कर नितीश ने लगवाई पिता और पत्नी की प्रतिमा : सम्राट

राष्ट्रीय खबर



**पटना** : राजधानी के बापू सभागार में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जयंती अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जन भर विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। इस दौरान नेताओं ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमीन कब्जा करने का गंभीर आरोप लगाया है। दरअसल बिहार भाजपा अध्यक्ष के लालू यादव को राजनीतिक कैंसर बताने के बाद पहले तेज प्रताप और फिर सीएम नीतीश कुमार ने उनके पिता पर टिप्पणी की जिस पर पलटवार करते हुए सम्राट चौधरी ने यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब वह हाफ पैंट पहने थे, तब मेरे पिता सेना में रहकर चीन और पाकिस्तान के दांत खट्टे कर रहे थे। जयप्रकाश नारायण समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू यादव करारा हमला बोला। सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार ने जमीन कब्जा कर अपने पिता और पत्नी की प्रतिमा लगवाई है। सम्राट चौधरी बापू सभागार में पार्टी की ओर जेपी जयंती और जदयू व राजद नेताओं के भाजपा में मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान, उन्होंने कहा कि नीतीश के पिता वैद्य से नकली स्वतंत्रता सेनानी बन गए। उन्होंने कहा, नीतीश कुमार मेरे पिता से 20 वर्ष छोटे हैं। नीतीश कुमार जब हाफ पैंट पहनकर घूमते थे ना, तब मेरे पिता देश के लिए सेवा का काम कर रहे थे। उन्होंने तीन बार पाकिस्तान व चीन के खिलाफ देश के लिए युद्ध लड़ा और तब राजनीति में आए। नीतीश ने तो लव-कुश समाज को ही धोखा दे दिया है, जिसने नीतीश को सम्मान दिया। पूर्व विधान पार्षद रणवीर नंदन ने जदयू के सभी पदों से विगत 27 सितंबर को इस्तीफा दे दिया था। बुधवार को लोक नायक जयप्रकाश नारायण के जन्म तिथि के मौके पर राजधानी के बापू सभागार में अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान संबोधन करने वालों में भाजपा नेता ऋतुराज, सांसद रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल, राधामोहन सिंह, डॉ. प्रेम कुमार, विजय सिन्हा, हरि साहनी, उपाध्यक्ष संतोष पाठक, अर्चना राय भट्ट सहित अन्य शामिल थे।

# न्यूज फटाफट

## शोक सभा : इजराइल में जान गंवाने वाले नेपाली छात्रों की याद में जले दिप

**सलार्ही** : इजराइल में जान गंवाने वाले नेपाली छात्रों की याद में सलार्ही में दीप जलाया गया. मंगलवार की शाम सलार्ही के मलंगवा नगर पालिका स्थित शहीद पार्क में मुख्य जिला पदाधिकारी इंद्रदेव यादव, मानव पदाधिकारी, पत्रकार, छात्र-छात्राएं एवं अन्य लोगों की उपस्थिति में दीप जलाया गया. इसी तरह लालबंदी नगर पालिका में जंज्योति मल्टीपरपज कैंपस में पढ़ने वाले छात्र और छात्राओं ने इजराइल में जान गंवाने वाले नेपाली छात्रों की याद में दीप जलाया। शनिवार को हमास के हमले में 10 नेपाली छात्र मारे गए थे. इजराइली सरकार के 'अर्न एंड लर्न' कार्यक्रम के तहत 265 नेपाली छात्र इजराइल गए। उनमें से 119 छात्र कृषि और वानिकी विश्वविद्यालय से, 97 छात्र त्रिभुवन विश्वविद्यालय से और 49 छात्र सुदुरपश्चिम विश्वविद्यालय से गए थे। सरकार इजराइल में फंसे नेपालियों को बचाने और उन्हें अपने देश वापस लाने के लिए पहल कर रही है। इसी तरह कृषि एवं वानिकी विज्ञान के छात्रों ने इजराइल के साथ युद्ध में फंसे नेपाली लोगों को बचाने के लिए सरकार पर दबाव बनाया है और सतर्क किया।

## नशे की हालत में दो शराबी गिरफ्तार

**जमालपुर**: ईस्ट कॉलोनी थाना पुलिस ने बुधवार को नशे की हालत में दो शराबी को गिरफ्तार किया है। इस बावत ईस्ट कॉलोनी एसएचओ विजय यादवेन्दु ने बताया कि नशे की हालत में नयागांव में दो शराबी हंगामा करने की सूचना मिली थी। पुलिस गश्ती टीम ने शराबी नयागांव निवासी कन्हैया कुमार और मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया है। तथा मेडीकल कराकर उत्पाद अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## ठगी के शिकार से बचने के लिए बच्चों को किया गया जागरुक

**कोचस (रोहतास)** : स्थानीय पुलिस के द्वारा बुधवार को सैडबॉक्स विद्यालय में साइबर सुरक्षा अभियान के तहत साइबर ठगी का शिकार हो रहे लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालय में अभियान चलाया गया। ठगी का शिकार हो रहे बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में बताया। स्थानीय पुलिस के द्वारा साइबर क्राइम को रोकने के लिए उपाय बच्चों को बताया गया। विद्यालय में पुलिस ने छात्र एवं छात्राओ का क्लास लेकर उन्हें साइबर ठगी के संबंध मे जागरुक किया। जैसे अपरिचित नंबर से लिंक को क्लिक न करें, किसी अपरिचित को फोन पर अपनी निजी जानकारी न दे, एटीएम पीन संबंधित ओटीपी नंबर न दे तथा आधार कार्ड पैन कार्ड नंबर साझा ना करे। अगर आप ठगी का शिकार अथवा साइबर अपराध का शिकार होने की स्थिति में हो तो तुरंत इसकी जानकारी कोचस थाने की इस नंबर 94318 22821 पर संपर्क कर जानकारी दे। चलाई जा रही इस अभियान को आप लोग अपने घर व आसपास के लोगों में जाकर साझा जरूर करें ताकि ठगी का शिकार हो रहे लोगों लोगों को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सके। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक रविकांत रंजन, कोचस थानाध्यक्ष अमोद कुमार, उप थाना अध्यक्ष भागीरथी कुमार, शिक्षक, छात्र छात्राएं सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन संपन्न

**पटना** : राजधानी में अमृता दृष्टि नेत्र स्वास्थ्य विजन सेंटर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूतनाथ वार्ड नंबर 46 पानी टंकी के पास आयोजित इस कार्यक्रम को नगर निगम की महापौर सीता साहू एवं वार्ड 46 के पार्षद पूनम शर्मा द्वारा फिता काटकर किया गया। जहां 24 लोगों को निशुल्क नेत्र जांच की गई। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि सरोज ठाकुर, मनीष कुमार, ललन पासवान, रामानंद शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज आयेंगे बगहा

## थारू संघ भवन हरनाटांड के बाद पतिलार में है भाजपा का गरीब कल्याण सम्मेलन, तैयारी पूरी

### दीपक यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोग लेंगे भाजपा की सदस्यता

राष्ट्रीय खबर



**बगहा** : भाजपा के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय आज बगहा आयेंगे। जहां पर उनको जिले के तमाम भाजपा नेता व कार्यकताओं के साथ दो कार्यक्रम में शिरकत करना है। सर्वप्रथम सुबह के ग्यारह बजे केंद्रीय गृह राज्य मंत्री का बगहा -2 के हरनाटांड स्थित भारतीय थारु कल्याण महासंघ के संघ भवन में आगमन होगा। जहां पर उनके साथ राज्य सभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, बिहार कार्यसमिति के सदस्य दीपक यादव, भाजपा बगहा विधायक राम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष भुपेंद्र नाथ तिवारी सहित भाजपा के तमाम नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। हरनाटांड के संघ भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता थारू संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दीपनारायण प्रसाद करेंगे ।

बताया जाता है कि थारु कल्याण महासंघ के संघ भवन का सौन्दर्यीकरण भाजपा नेता दीपक यादव द्वारा किया गया इसके लिए भारतीय थारु कल्याण महासंघ ने धन्यवाद दिया। इस दौरान केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री संघ भवन के सौन्दर्यीकरण का उद्घाटन भी करेंगे। इसके पश्चात केंद्रीय गृह राज्य मंत्री चौतरवा के पतिलार में आयोजित गरीब कल्याण सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जहां पर जिले के विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों से लोग शामिल होंगे। पतिलार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा गरीब कल्याण सम्मेलन का भव्य आयोजन आज गुरुवार को राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दीपक यादव हैं तथा राज्यस्तरीय एवं जिलास्तरीय भाजपाई शामिल होंगे।इस दौरान अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से आये हजारों लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

## पीड़ित दंपति ने लगाई निष्पक्ष जांच की गुहार, चोरी के आरोप को राजू ने बताया बेबुनियाद

राष्ट्रीय खबर



**पटना** : जिला के गौरीचक थाना क्षेत्र से एक मामला प्रकाश में आया है। जहां शक के आधार पर चोरी के केस में फसाया गया है। दरअसल, लखीपुर कोली गांव का रहने वाला पीड़ित राजू सिंह का कहना है कि गांव के ही पप्पू सिंह चोरी के आरोप लगाकर घर में बंद कर पिटाई किया। इसी बीच पुलिस आई और गिरफ्तार कर थाना ले गई। जहां से संपतचक पीएससी में ले जाया गया, और हालत सही नहीं रहने के कारण एनएमसीएच रेफर कर दिया गया। स्वास्थ्य ठीक होने के बाद मुझे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जहां 2 महीने जेल में रहने के बाद 5 अक्टूबर को बेल हुआ 6 अक्टूबर को बाहर निकलना था तो गौरीचक थाना कोर्ट में प्रोटेक्शन भेज दी। जबकि हमने थाना में जो प्राथमिकी दर्ज फिर किया था, उस पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया। पीड़ित राजू सिंह और पत्नी सपना का कहना है कि मामले को जांच किया जाए इसलिए कि बिना जांच पड़ताल किए ही पुलिस आरोपी बना दी है। पीड़ित दंपति ने निष्पक्ष जांच करने की मांग सरकार से की है। इस मामले पर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया की राजू सिंह पुलिस केस में जेल भेजा गया है। अब तो जांच के बाद ही पता चलेगा की किसकी बातों में कितनी सच्चाई है।

## मध्य विद्यालय में नये एचएम ने किया पदभार ग्रहण

**काराकाट (रोहतास)** : प्रखंड काराकाट के मध्य विद्यालय दहियाड़ी के नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक मो. सलामुद्दीन ने अपना पदभार संभाले। विद्यालय के बच्चे ने उनका स्वागत रंगोली बनाकर एंव फुल बरसाकर भव्य स्वागत किया इसके उपरांत मध्य विद्यालय दहियारी के पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक राजेश कुमार के द्वारा बूके देकर सम्मानित किया गया इसके बाद विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका द्वारा फूल माला से स्वागत किया गया। नवपदस्थापित प्रधानाध्यापक ने कहे की मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी विद्यालय में शिक्षा गुणवत्तापूर्ण हो आर्थिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जा सके। मौके पर पूर्व प्रभारी राजेश कुमार, धीरज कुमार, कुमार प्रभाकर, चंदेश्वर नारायण सिंह, जय मंगल पासवान, टोला सेवक हरेंद्र राम, शम्भू राम एवं सभी छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

## भाजपा के जिला प्रवक्ता बनें श्रीराम, मिल रही बधाइयां

**नौहट्टा (रोहतास)** : भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील चन्द्रवँशी द्वारा श्रीराम सिंह को जिला प्रवक्ता बनाया गया। चन्द्रबंशी ने बताया कि संगठन व पार्टी मजबूती के लिए कार्यकताओं को जगह दी गई है। पूर्व में ये मंडल अध्यक्ष बन कर संगठन के लिए मजबूती से कार्य किए है। सांसद प्रतिनिधि प्रणव पांडेय ने बताया कि खुशी की बात है कि कर्मठ कार्यकर्ता को जिला में जगह मिला है। इससे संगठन और मजबूत होगा। जिला प्रवक्ता बनाएं जाने पर सांसद छेदी पासवान, एमएलसी सन्तोष सिंह, निवेदिता सिंह, व्यापार मंडल प्रदीप सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि बसन्त कुमार, भानु मिश्रा, मंडल अध्यक्ष गुड्डू सिंह, अरुण चौबे, राजेश्वर प्रसाद, महेंद्र पासवान, विजय प्रताप सिंह, बबलू पाठक, संजय गुप्ता, विनय पासवान, पासवान, राकेश गुप्ता, जनेश्वर प्रसाद आदि लोगो ने बधाई दी है।

# अवैध रूप से बिजली चोरी में सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

राष्ट्रीय खबर

**बिक्रमगंज (रोहतास)** : अवैध बिजली चोरी में सात लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी। इस संबंध में दिनारा कनीय अभियंता कम खपत वाले एवं विद्युत कनेक्शन विच्छेदित उपभोक्ताओं की जांच को लेकर पंचायत-महरोढ के ग्राम-नियाजीपुर में विशेष कार्य दल एसटीएफ के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन कर विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-नियाजीपुर के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर शारदा पासवान पर 41635 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। आगे बताते चलें कि मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर अनिल राम पर 17010, लाल बहादुर राम पर 19568, नजमा बेगम पर 14478, मो० मोहिद्दीन अंसारी पर 14222, तेझा बेगम पर 8088 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली की चोरी करने को लेकर मो० हसमुद्दीन अंसारी पर 17864 रुपये आर्थिक दंड लगाई गई है। ऊक्त व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। विद्युत संबंधित दस्तावेज की मांग करने पर कोई कागजात नही दिखाई गई। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकाश कुमार शर्मा के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा की गई है ।

# हमारे मेहमान देंगे ज्ञान कार्यक्रम में डॉ. अस्थाना एवं समाजसेवी देवेन्द्र सिंह हुए सम्मानित

### बालमजदूरी एवं उन्मूलन पर आधारित फिल्म कल के भविष्य का हुआ प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर



**मोतिहारी** : लोक नायक जयप्रकाश नारायण के जयंती अवसर पर बाल मजदूरी उन्मूलन एवं उनके पुनर्वास को दशार्ती महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रशंसा पत्र प्राप्त टेलीफिल्म कल के भविष्य का बच्चों के बीच विशेष प्रदर्शन किया गया। वहीं पेंटिंग एवं भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मौका था मुजीब बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में हमारे मेहमान देंगे ज्ञान कार्यक्रम के आयोजन का। जिसमें विद्यालय के सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त फिल्म अभिनेता निर्देशक डॉ. राजेश अस्थाना एवं विशिष्ट अतिथि युवा समाजसेवी मोटिवेटर देवेन्द्र सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापक मो. नेयाज अहमद एवं कार्यक्रम के संयोजक राजीव कुमार झा ने फिल्मों में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. अस्थाना एवं सामाजिक कार्यों के लिए देवेन्द्र सिंह को अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। तत्पश्चात बड़े टीवी स्क्रीन पर युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत डॉ. अस्थाना द्वारा लिखित अभिनीत एवं निर्देशित बाल मजदूरी उन्मूलन एवं उनके पुनर्वास को दशार्ती महामहिम राष्ट्रपति द्वारा भविष्य का बच्चों के बीच विशेष प्रदर्शन किया गया।

# धन्य फल्गु की धार, धन्य है गयाधाम की धरा महान...

## फल्गु नदी के ब्राह्मणी घाट पर शब्दाक्षर का काव्य गोष्ठी आयोजित

### तीर्थयात्रियों के बीच किया चाय वितरित

राष्ट्रीय खबर




**गया** : राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर की बिहार प्रदेश इकाई द्वारा शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र पद्मनाभ एवं शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-शब्दाक्षर बिहार की प्रदेश साहित्य मंत्री डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के संयुक्त समन्वयन एवं संयोजन में फल्गु तट पर अवस्थित ब्राह्मणी घाट पर पितृपक्ष मेला महासंगम में पधारे तीर्थयात्रियों के लिए एकदिवसीय निःशुल्क चाय सेवा शिविर लगाया गया। श्री पद्मनाभ एवं डॉ रश्मि के नेतृत्व में शब्दाक्षर के सभी पदाधिकारियों ने तीर्थयात्रियों को सेवा निःशुल्क चाय एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया। साथ ही, इस अवसर पर पितृपक्ष के मद्देनजर शब्दाक्षर काव्यगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। काव्यगोष्ठी में शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ रश्मि प्रियदर्शनी, प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र 'पद्मनाभ', शब्दाक्षर जहानाबाद की जिलाध्यक्ष सावित्री सुमन, शब्दाक्षर जहानाबाद के उपाध्यक्ष महेश कुमार मिश्र मधुकर, शब्दाक्षर गया के सदस्य प्यारचन्द कुमार मोहन, शब्दाक्षर जहानाबाद की नवनियुक्त जिला साहित्य मंत्री सुप्रिया गुप्ता व आमंत्रित अन्य कवि-कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया। डॉ रश्मि ने अपनी स्वरचित कविता ₹धन्य फल्गु की धार, धन्य है गयाधाम की धरा महान। धन्य विष्णुपद, धन्य पूर्वजों के प्रति श्रद्धामय सम्मान। धन्य कामना मोक्ष-प्राप्ति की, धन्य आत्मउन्नति हित ज्ञान। धन्य महालय पक्ष, धन्य याचक को दिया गया शुभ दान। धन्य महासंगम विराट, सत्कर्मों का यह शुचि मेला। धन्य-धन्य, है धन्य-धन्य, यह पितृपक्ष की शुभ वेला₹ द्वारा अंतःसलिला फल्गु एवं मोक्षधाम गया जी पर आयोजित पितृपक्ष महासंगम को अपनी श्रद्धा निवेदित की। पी. के. मोहन ने ₹पितृपक्ष की वेला में हम फल्गु तट पर आये हैं, तीर्थयात्रियों की सेवा में पलकें यहाँ बिछाये हैं₹ पंक्तियाँ पढ़ीं। महेश मधुकर की कविता ₹हे राम कृष्ण, एक बार फिर भारत में आना होगा₹ पर खूब वाहवाहियां लगीं। मनोज मिश्र पद्मनाभ ने देश के कर्मठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सम्मान में मेरे जागने की वजह तुम हो, मैं तो सो रहा था गहरी नींद में₹ पंक्तियाँ पढीं। श्रोताओं ने सावित्री सुमन की ₹दोनों हाथों को जोड़कर आलिंगन करो उसका जरा। और देखो तेरे साथ जमीं पर नीचे आकाश बैठा होगा₹ को भी सराहा। सुप्रिया गुप्ता ने ₹हरी भरी धरती को देखकर चांद हो गया मोहित₹ पंक्तियाँ पढीं। काव्य गोष्ठी के उपरांत शब्दाक्षर पदाधिकारियों ने फल्गु तट पर नवनिर्मित रबर डैम का भी परिभ्रमण किया तथा प्राकृतिक सुषमा एवं पितृपक्ष मेला महासंगम का दर्शन किया। कार्यक्रम का समापन पावन शांति पाठ से हुआ। मौके पर शब्दाक्षर झारखंड प्रदेश प्रचार मंत्री अश्विनी कुमार, पंकज मिश्र आदि की भी उपस्थिति रही। शब्दाक्षर बिहार प्रदेश इकाई द्वारा पितृपक्ष पर आयोजित काव्यगोष्ठी-सह-निःशुल्क चाय सेवा के सफल आयोजन पर शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह ने हर्ष जताया तथा शुभकामनाएं दीं।

# अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**धरहरा/ मुंगेर** : अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर अमारी पंचायत के अदलपुर गांव में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन कुशवाहा विकास मंच के तत्वावधान में पूर्व मुखिया रत्नेश कुशवाहा की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत विधायक राजीव कुमार सिंह , पूर्व जिला परिषद सदस्य पिंकी देवी , पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिला संयोजक पुरूषोत्तम कुमार कुशवाहा , प्रखंड सचिव गोपाल कुशवाहा , प्रखंड अध्यक्ष अजय कुशवाहा , कोषाध्यक्ष रोहित राज, मीडिया प्रभारी सूरज कुशवाहा , ग्राम समिति अदलपुर के अध्यक्ष किनोदी कुशवाहा , सचिव कृष्ण मुरारी कुशवाहा अधिवक्ता , दिवाकर कुशवाहा मुख्य रूप से उपस्थिति थे । कार्यक्रम के शुरू होते ही मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम प्रखंड के कुशवाहा समाज के सदस्यों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया । कुशवाहा विकास मंच के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के कुशवाहा समाज की बेटियों को कुशवाहा समाज के नाम रौशन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया गया। विधायक ने कहा आज के समय में बेटियां हर विभाग में अपनी योग्यता से दावेदारी बनाई हुई हैं तथा सरकार भी बेटियों को शिक्षा तथा समाज में समानता का अधिकार दिलाने के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं लाई हुई है। उन्होंने कुशवाहा समाज की बेटियों से कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त योजना का लाभ उठाकर कुशवाहा समाज का नाम रौशन करे ताकि समाज ज्यादा से ज्यादा तरक्की कर हर क्षेत्र मे अपनी विकास की गाथा लिखे।

# मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से पीड़ित बच्चों का होगा समुचित इलाज : डीएम

मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 14 आसाध्य बीमारियों की चिकित्सा

सिकटा प्रखंड के धनकुटवा एवं मैनाटांड़ प्रखंड के इनरवा में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया, प च** : जिला अंतर्गत सिकटा प्रखण्ड के धनकुटवा तथा मैनाटांड़ प्रखण्ड के इनरवा पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं डी अमरकेश, पुलिस अधीक्षक, बेतिया जन संवाद कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया। इसके उपरांत ग्रामीणों के सुझाव एवं प्रतिक्रिया भी लिए गए।

इस दौरान ने ग्रामीणों से कहा कि यह अत्यंत ही अपार हर्ष का विषय है कि जिला प्रशासन को आप सबों के बीच आने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। मैनें अपने पदस्थापन के बाद से लगातार क्षेत्रों का भ्रमण प्रारम्भ कर दिया था एवं आम जन से मिलना जुलना मेरे दैनिक दिनचर्या में शामिल है। मैं शुक्रवार को जनता दरबार लगाता हूँ और उस दिन दूर-दराज से आए लोगों के साथ मिलकर उनकी बातों को सुनता हूं और यथासंभव निराकरण का प्रयास करता हूँ। फिर भी कई लोग वंचित रह जाते हैं। इसके निवारण को एक प्रयास के रूप में सभी प्रखंडों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुझे और एसपी को प्रत्येक प्रखंड में दो जगहों पर, अनुमंडल पदाधिकारी को एक जगह पर और बीडीओ/सीओ को दो-दो जगहों पर जनसंवाद करना है। उन्होंने कहा कि हमारे समय में बिजली नहीं था, बाद में जब आया भी तो एक निश्चित समय के लिए ही आता था, लेकिन अब देखिए कि 20 से 22 घंटे बिजली उपलब्ध रहता है। ये सब मैं आप लोगां को इस लिए बता रहा हूं ताकि आप पिछले समय से आज के समय की तुलना कर सकें। विद्यालय के समय छात्राओं को साईकिल से पढ़ने जाते देखना कितना सुखद लगता है, यह राज्य सरकार की ही देन है। विद्यालयों में, आंगनवाड़ी में बच्चों को पोषाहार दिया जा रहा है। पढ़ने के लिए किताब और पहने के लिए ड्रेस भी दिया जा रहा है। मेरा सभी गर्जियनों से अनुरोध होगा अपने बच्चों को स्कूल ड्रेस और किताब के साथ ही विद्यालय भेजें। इन बच्चों से ही हमारा कल निश्चित है। उन्होंने कहा कि मुझे अपार हर्ष हो रहा है कि आपके क्षेत्र के खास ह्यह्यमर्चा धानह्रह्र को जीआई टैग प्राप्त हो गया है। जिला प्रशासन के द्वारा इसके लिए काफी मेहनत किया गया है। मर्चा धान को जीआई टैग मिल जाने से ना केवल वैष्विक पहचान मिलेगा, बल्कि राज्य/जिला को आर्थिक बल भी मिलेगा। मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत चंवर विकास योजना एक अप्रतिम योजना है। इसके तहत मछली का उत्पादन तो किया ही जा सकता है, उसके अतिरिक्त पोखरा के मेढ़ पर मुर्गी/बगरी पालन भी कर सकते हैं।

## न्यूज फटाफट

### बाल विकास परियोजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया

**सुगौली, पू. चः** बाल विकास परियोजना कार्यालय ने बुधवार को अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। इसको लेकर परियोजना कार्यालय की टीम ने सीडीपीओ रणजीत कुमार के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन शहर के दीनदयाल परियोजना बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया और टॉप प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राम विजय यादव,प्रखण्ड समन्वयक तथा सभी महिला पर्यवेक्षिका मौजूद रही।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजन गमगीन

**बेतिया/ नौतन :** थाना क्षेत्र के हाई स्कूल चौंक पर मंगलवार की शाम अचानक ग्यारह हजार हाईटेंशन तार के चपेट में आने से एक युवक की चिकित्सा के क्रम में मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मध्य रात्री चिकित्सा के दौरान युवक ने आखिरी सांस ली। मृत युवक बन्हौरा मुसहर टोली के कृपा मांझी का अठारह वर्षीय पुत्र मालधनी कुमार बताया गया है। शाम के समय घर से नौतन हाई स्कूल चौक पर गया। युवक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया है, युवक तीन भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा बताया गया है। माता घुनी देवी समेत सभी परिजनों का बुरा हाल है। गांव में पसरा मातमी सन्नाटा, गांव के लोगों ने परिजनों को सांत्वना देने में लगे हुए हैं।

### अपराधियों युवक को मौत के घाट उतारा

**पटना :** सिटी में गोली मारकर युवक की हत्या मामला खजेकलाखां थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। जहां घसियारी गली में बेखौफ बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। मृतक का नाम प्रिंस उर्फ पीयूष बताया जा रहा है। घटना बुधवार के देर शाम की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रिंस को पीएमसीएच ले गई। जहां, डॉक्टरों ने मृत घोषित कर, घोषित कर दिया थानाध्यक्ष के मुताबिक मृतक शराब मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गहन जांच कर रही है।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दौड़ व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

राष्ट्रीय खबर



**तुरकौलिया, पू.च.** : स्थानीय मध्य विद्यालय बालक में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जहां मध्य विद्यालय में दौड़ व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय एचएम विनोद भगत व सीडीपीओ संगीता कुमारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जहां 50 छात्राओं की दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम विजेता इशरत जहां, द्वितीय आसिया व तृतीय स्थान पाने वाली गुड़िया कुमारी को सीडीपीओ संगीता कुमारी ने उपहार देकर छात्राओं का हौसला बुलंद किया। साथ ही पेंटिंग में भी स्थान पाने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया। वही एचएम श्री भगत ने छात्राओं के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। साथ ही बताया कि जीवन में परेशानी आने पर किस तरह सामना करना है। कार्यक्रम में सीडीपीओ संगीता कुमारी, पर्यवेक्षीका मंजू कुमारी, माला कुमारी, स्मिता कुमारी, रेखा कुमारी, सुचिता कुमारी, किशोरी कुमारी, रिंकी कुमारी, एचएम विनोद भगत, शिक्षक वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार चौधरी, इमरान अहमद, राजकिशोर राम, सरिता कुमारी, गुंजा कुमारी, अनिल कुमार, विश्वनाथ राम आदि मौजूद थे।

## बिहार सरकार अपनी खोलो कान, नहीं तो होगा चक्का जाम

### सेविकाओं ने सीडीपीओ कार्यालय में तालाबंदी कर बाधित किया कार्य

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया :** 'बिहार सरकार अपनी खोलो कान,नही तो होगा चक्का जाम'। मझौलिया प्रखण्ड की आंगनबाड़ी सेविकाएं तथा सहायिकाओं ने इन्ही नारों के साथ सीडीपीओ कार्यालय मझौलिया में तालाबंदी कर विरोध जताया। मांगो के समर्थन में सेविकाएँ आगामी 02 नवंबर से 06 नवंबर तक जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगी।इस पर भी सरकार अगर मांगे पपूरा नही करेंगी तो पटना में 30 नवंबर 2023 से घेरा डालो, डेरा डालो कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।यह कहना है बिहार राज्य आंगनबाड़ी संघर्ष समिति के मझौलिया प्रखण्ड अध्यक्ष रीना कुमारी का आईसीडीएस कार्यालय मझौलिया में विगत 29 सितंबर 2023 से वेतनमान की मांग पर धरना प्रदर्शन कर रही है। सूबे की सरकार को चुनाव में सबक सिखाने का शंखनाद किया, सरकार विरोधी नारे लगाये गये है। सचिव बबिता कुमारी ने कहा कि वेतनमान लागू नही करने की स्थिति में सेविकाओं को 25 हजार, सहायिकाओं को 18 हजार तत्काल मानदेय उपलब्ध कराए। उन्होंने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। इस अवसर पर तब्बसुम प्रवीण,संगीता देवी,पूनम रानी,लालसा देवी,किरण उपाध्याय,शबनम आरा आदि ने धरना को संबोधित किया। इस तरह से सेविकाएँ बड़ी आक्रामक नजर आयी।

## वितिय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**भैरोगंज :** बाजार स्थित उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के द्वारा मंगलवार के दिन वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भैरोगंज थाना अंतर्गत मंझरिया में किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए सहायक शाखा प्रबंधक प्रेम रंजन रौनक ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, तथा अटल पेंशन योजना के विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही जिन लोगों के पास बैंक खाता नहीं है उन्हें खाता खुलवाने के लिए भी प्रेरित किया गया । इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों से भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए पीडीआईपी रेसोलेशन 2004 के बारे में भी बताया गया मौके पर उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक के सहायक शाखा प्रबंधक प्रेम रंजन रौनक मौजूद रहे साथ ही बैंक मित्र आदित्य कुमार, राजेश कुमार सोनी आदि मौजूद रहे वहीं ग्रामीणों में राजन मिश्रा,राधेश्याम उपाध्याय,राजेंद्र शर्मा,गोटन मिश्रा , सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

## जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

राष्ट्रीय खबर



**बगहा/पिपरासीः** प्रखंड के सौराहा पंचायत के वार्ड नं दो मोतीनाज में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य धनेश्वर यादव ने किया । वहीं संचालन प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष दिनेश्वर तिवारी ने किया । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार व विशिष्ठ अतिथि के रूप में सीओ पिपरासी ललित कुमार सिंह मौजूद रहे । इस जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत रूप से बताया गया । वहीं उपस्थित जन समूह ने पदाधिकारीयों से भी कई योजनाओं के बारे में जानकारी लिया । प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार ने बताया कि इस जनसंवाद कार्यक्रम में राजस्व, शिक्षा, बाल विकास ,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड , स्वास्थ्य ,श्रम कल्याण, मुख्यमंत्री नाली गली आदि योजनाओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई है । बैंक से लोन लेन देन करने में लोगों को कठिनाई हो रही है । कैसे सहूलियत मिलेगी इस पर भी विशेष रूप से जानकारी दिया गया है। वही वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड ,कन्या सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना आदि से संबंधित भी जानकारी दी गई है । उन्होंने बताया कि अब प्राथमिक विद्यालयों में 25000 , मध्य विद्यालयों में 50000 तथा अधिक संख्या वाले विद्यालयों में 75000 की राशि रख रखाव के लिए विभाग द्वारा दिया गया है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को लेबर कार्ड के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि श्रम विभाग द्वारा लेबरों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है ।जिससे तमाम प्रकार की सुविधा सरकार द्वारा लेबर को उपलब्ध कराई जा रही है । उन्होंने कहा कि किसी भी पंचायत वासी को किसी कार्य में कोई परेशानी हो रही है तो वह सीधे प्रखंड कार्यालय स्थित उनके कक्ष में उनसे संपर्क कर सकते हैं । जिससे समय उनके कार्य का निष्पादन किया जाएगा । वहीं अंचल अधिकारी ललित कुमार सिंह ने राजस्व के बारे में लोगों को ऑनलाइन म्यूटेशन व परिमार्जन आदि संबंधित जानकारी उपस्थित जनसमूह को दिया गया ।

## जन संवाद कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों ने दर्ज कराई अपनी शिकायतें

जन संवाद कार्यक्रम आयोजित, ग्रामीणों ने दर्ज कराई अपनी शिकायतें

प्रभारी डीएम ने दिया शिकायतों को गंभीरता से लेकर निस्तारण करने के निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**जगदीशपुर/भोजपुर :** सरकारी योजनाओं के संबंध में आमजनों को जानकारी प्रदान करने, योजनाओं को पारदर्शी तरीके से लागू कर लोगों को लाभान्वित करने और उनके समस्या, सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर उनका निराकरण को प्रखंड के तेंदूनी गांव में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम के अनुपस्थिति की वजह से कार्यक्रम में प्रभारी डीएम सह डीडीसी विक्रम विरकर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जहां उनके साथ एडीएम मनोज कुमार झा, एसडीएम संजीत कुमार, एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, मुखिया संजू देवी सहित अन्य मौजूद थे। मुखिया संजू देवी ने पर्यावरण संरक्षण पर संदेश देते हुए पौधा, मोमेंटो और अंग वस्त्र से सभी का सम्मान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति देखी गई। इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। जहां ग्रमीणों ने पेंसन, राशन कार्ड, कृषि सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलने का शिकायत किया। जिसके बाद कैंप लगाकर राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पेंशन बनाने सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए डीडीसी ने प्रखंडस्तर के पदाधिकारी को निर्देशित किया। इस मौके पर बीडीओ राजेश कुमार, बीपीआरओ अरुण कुमार, सीओ अजय कुमार, एमओ अमृता कुमारी, मनरेगा पीओ शिवनारायण लाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डीडीसी ने कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं को हम सुनने आए हैं ,उन समस्याओं का निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई तरह की योजनाएं चल रही है। जानकारी और जागरूकता के अभाव में कई लोग लाभ लेने से वंचित हैं। वहीं डीएसपी ने गृह विभाग से संबंधित मामलों की आम लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने थाने की व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी। डीएसपी ने कहा कि पहले की अपेक्षा आज पुलिस में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। बिहार इस मामले में सबसे आगे। सोशल मीडिया पर किसी के बारे में गलत पोस्ट करने वाले व साइबर अपराध को रोकने के लिए साइबर थाना खोला गया है। प्रखंड के हरिगांव में थाना खोला जाएगा इसके लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर सेविकाओं ने किया धरना प्रदर्शन

राष्ट्रीय खबर

**बगहा प.च. :** अनुमंडल के गंडक पार के ठकराहा प्रखंड परिसर में आंगनबाड़ी सेविकाओं व सहायिकाओं ने बुधवार को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बिहार राज्य आगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले एकत्रित सेविकाओं व सहायिकाओं ने संघ के प्रखंड अध्यक्ष पूनम देवी के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजीव विरोध प्रदर्शन किया।विरोध प्रदर्शन कर रही सेविका और सहायिकाओं ने बिहार सरकार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि हम एक सरकारी शिक्षक से भी अधिक काम करते हैं, कोरोना काल में लोगों को मरने से हमने बचाया। एड्स मरीज और टीवी मरीज को घूम कर दवा खिलाने का काम हम लोग करते हैं, समाज को कुपोषण मुक्त कराने में हम आंगनबाड़ी सेविका सहायिका ही विषम परिस्थितियों में पोषक क्षेत्रों में पहुंच कर उनकी देखभाल करते आ रहे हैं। बावजूद इसके बदले में सरकार हमें महज 6 हजार रुपए का मानदेय देकर बिहार सरकार हम सभी को अपने कारगुजारियों को थोपते आ रही है।हमें भी सरकारी कर्मी का दर्जा दिया जाए और वेतनमान तय किया जाए। इस दौरान संघ के प्रखंड महासचिव गीता देवी, कोषाध्यक्ष अर्चना तिवारी,उपाध्यक्ष पुष्पा देवी,कालिंदी देवी,सरिता चौधरी,रंजू देवी, नुरजहा बेगम,मुन्नी देवी,कुमुद देवी,अनीता देवी,समेत दर्जनों सेविका सहायिका उपस्थित रही।वही सीडीपीओ सावित्री दास ने बताया की सेविकाओ के हड़ताल पर जाने के कारण केंद्रों पर स्कूल पूर्व शिक्षा दैनिक पोषाहार कुपोषित बच्चों की देखभाल तथा स्वास्थ्य संबंधित कार्य आदि ठप है लेकिन मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना परवरिश योजना आदि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ कार्यालय से लाभुको संपर्क स्थापित कर प्राप्त कर रहे है।

## सनातन से प्रभावित होकर जर्मनी की महिलाओं ने फल्गु नदी में पूर्वजों का किया पिंडदान और तर्पण

### विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु चरण पर टेका मत्था

राष्ट्रीय खबर



**गया :** मोक्ष धाम गया जी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष में लेकर दौरान पूरे देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार को जर्मनी से गया आईं विदेशी श्रद्धालुओं धर्म प्रचारक लोकनाथ गौड़ के दिशा-निर्देश में पूरी श्रद्धा-भक्ति के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की मुक्ति व शांति के लिए देवघाट पर श्राद्ध व तर्पण किया। भगवान विष्णुजी की नगरी गयाजी को मोक्ष की भूमि भी कहा जाता है। इसी आस्था से जर्मनी से विदेशी महिलाएं और पुरुष अपने पूर्वजों समेत अपने माता-पिता व दादा-दादी बेटे के लिए गयाजी पिंडदान करने पहुंची।

जर्मनी, फ्रांस रूस यूक्रेन में हिंदू धर्म जागरण समिति के प्रचारक लोक नाथ गौर ने कहा कि जर्मनी से पिंडदान करने आई विदेशी महिलाओं ने कहा कि भारतीय परंपरा और गयाजी में पिंडदान करने का बड़ा महत्व है। यहां पिंडदान करने से पितरों को मुक्ति मिलती है। इसकी जानकारी मिलने के बाद वे अपने पितरों व लोगों की तर्पण करने की इच्छा लेकर गयाजी देवघाट के समीप पिंडदान और तर्पण किया। ताकी उनके माता-पिता किसी के बेटे समेत पूर्वजों की आत्मा को मुक्ति व मोक्ष मिले। इस संबंध में जर्मनी से आई विदेशी महिला श्रद्धालु ने बताया अपने माता-पिता समेत बेटे का पिंडदान करने मोक्ष की नगरी गयाजी पहुंचकर पिंडदान और तर्पण किया। बताया मैं भी सनातन धर्म का प्रचार करने वाले नागालिया सरनमा का शिष्य हूं।

पिंडदान और कर्मकांड के दौरान जर्मनी की सभी 11 महिला पिंडदानी पारंपरिक वेशभूषा आम महिलाओं की तरह साड़ी पहन रखी थीं। जर्मनी से आए पुरुष श्रद्धालु धोती कुर्ता पहने हुए थे। सभी ने अपने हाथों से पिंड बनाया और पुरोहित के निर्देश पर सभी कर्मकांड विधि विधान से पूरे किए। फल्गु के बाद पिंड सहित अपने पुरोहित के साथ विष्णुपद मंदिर के गर्भगृह में स्थित भगवान विष्णु के चरणों में पिंड अर्पित कर श्रद्धा के साथ माथा टेका। बताया कि यह सारा कार्य आत्मा को स्पर्श करता है। और सनातन धर्म की क्रिया हमें अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा निवेदित करने का एक अवसर प्रदान करती है। यह अतुलनीय है। विदेशी युवती बताती हैं कि भारतीय परंपरा, भारत के इतिहास और खासकर गयाजी में पितरों को पिंडदान करने से उन्हें मुक्ति मिल जाती है, ऐसे पढकर वे यहां आईं हैं। गया जी के बारे में पूरी जानकारी ली और यहां आईं।

## किसान सभा का आयोजन संपन्न, केंद्र सरकार पर लगे कई आरोप



राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया :** बिहार राज्य किसान सभा का आयोजन अंचल के माधोपुर कमेटी के समीप इसराइल अहमद के आवासीय परिसर में किया गया। सभा की अध्यक्षता मोहन महतो व संचालक मोहम्मद अतिउल्लाह ने किया। जहां सभा को संबोधित करते हुए रामबचन तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों से वादा किया था कि 2023 तक आमदनी दुगुना हो जाएगा। लेकिन महंगाई से किसानों का कमर टूट रहा है। खाद महंगे दाम पर मिल रहा है और वह भी हमेशा नहीं मिलता है। सभी किसानों को एकजुटता दिखाना होगा। जबतक सरकार हम लोगों के मांगों को नही मानेगी तब देश, प्रदेश व जिले में आंदोलन जारी रहेगा। वही सभा को मोहन महतो, मो. अताउल्लाह, किसान सभा के अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद कुशवाहा, महासचिव अशोक प्रसाद, रामायण सिंह सचिव, विजय शंकर सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

संपादकीय

# आधार कार्ड की सुरक्षा पर इंतजाम जरूरी

आधार कार्ड के जरिए ठगी का कारोबार इनदिनों तेजी पर है। पहले इस बारे में पश्चिम बंगाल से शिकायतें मिली थी। जिसमें पता चला था कि कई लोगों के बैंक खाते से अनजाने तरीके से पैसे निकाल लिये गये थे। बाद में पुलिस ने कहा कि जालसाजों ने आधार कार्ड में दर्ज फिंगर प्रिंट के जरिए यह नकल की थी। जिसके बाद प्रशासन को आधार कार्ड में निजी विवरण की सुरक्षा करने की हिदायत जारी की गयी थी। इस बार अपराधियों ने कथित तौर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और डीएमके सांसद दयानिधि मारन के बचत बैंक खाते से ?99,999 चुरा लिए हैं। इस संबंध में ग्रेटर चेन्नई पुलिस की साइबर क्राइम विंग में शिकायत दर्ज कराई गई थी। श्री मारन ने एक्स पर पोस्ट किया, रविवार को, सभी सामान्य सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार करते हुए के माध्यम से नेट बैंकिंग ट्रांसफर के माध्यम से मेरे एक्सिस बैंक के व्यक्तिगत बचत खाते से ?99,999 चोरी हो गए। एक ओटीपी, ऐसे लेनदेन के लिए मानक प्रोटोकॉल, न तो मेरे लिंक किए गए मोबाइल नंबर पर



उत्पन्न हुआ और न ही प्राप्त हुआ। इसके बजाय, खाते के संयुक्त धारक, मेरी पत्नी के नंबर पर कॉल की गई और धोखेबाजों को यह पूछने का साहस हुआ कि क्या लेनदेन हुआ था। उन्होंने खुद को बैंक से होने का दिखावा किया लेकिन उनकी डिस्प्ले सीबीआईसी इंडिया लिखा था। इससे मेरे संदेह की पुष्टि हो गई और मैंने तुरंत अपने खाते पर सभी गतिविधियों को ब्लॉक कर दिया। सांसद ने कहा, मेरे लिए यह पहेली है कि उन्होंने इतनी आसानी से निजी जानकारी तक कैसे पहुंच बनाई और सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन कैसे किया। यह कोई फि शिंग हमला नहीं था और न ही कोई संवेदनशील विवरण प्रकट किया गया था। बैंक को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि हमला कैसे हुआ और न ही वह इस बारे में कोई ठोस स्पष्टीकरण दे सका कि लेनदेन के लिए मेरे नंबर से ओटीपी की आवश्यकता क्यों नहीं थी। उन्होंने आगे कहा, अगर ऐसा किसी ऐसे व्यक्ति के साथ हो सकता है जो तकनीक के बारे में जानता है और निजी डेटा को लेकर सतर्क है, तो पहली बार डिजिटल उपयोगकर्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ क्या होगा? क्या किसी का डेटा सुरक्षित है? अतीत में, मैंने एक सांसद के रूप में अपनी क्षमता में साइबर अपराध पीड़ितों के लिए मदद मांगने के लिए माननीय वित्त मंत्री को पत्र लिखा था। आज, एक पीड़ित के रूप में, मैं जवाबदेही और न्याय की मांग करता हूं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि जनवरी 2020 से जून 2023 तक भारत में 75 फीसद साइबर अपराध वित्तीय धोखाधड़ी के कारण हुए। उन्होंने कहा कि 2018 में संवेदनशील आधार डेटा बेचे जाने की खबरें सामने आई और कहा कि बैंक डेटा उल्लंघन और रैंसमवेयर हमले नियमित समाचार बन गए हैं। भारत को डिजिटल दुनिया में उत्कृष्टता हासिल करने या फिनटेक हब के रूप में उभरने के लिए, हमें मजबूत सुरक्षा और सरकारी कार्रवाई की आवश्यकता है। सरकार हमारे निजी डेटा की सुरक्षा के लिए क्या कार्रवाई कर रही है? क्या वित्त मंत्री इस पर श्वेत पत्र जारी करेंगे? हमें उत्तर चाहिए और हमें अभी उनकी आवश्यकता है, श्री मारन ने कहा। इस बीच, पुलिस ने कहा कि श्री मारन ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। सोमवार को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, सेंट्रल क्राइम ब्रांच में मामला दर्ज किया गया। अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है और खोई हुई राशि को जल्द से जल्द वापस पाने के लिए पेमेंट गेटवे को अनुरोध भेजा गया है। जनता से ऑनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी के प्रति सचेत रहने का अनुरोध किया गया है। ग्रेटर चेन्नई पुलिस के पुलिस आयुक्त/पुलिस महानिदेशक संदीप राय राठौड़ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा। लेकिन एक पूर्व केंद्रीय मंत्री के बैंक खाते से यह चोरी साबित करती है कि केंद्र सरकार के लगातार आश्वासन दिये जाने के बाद भी आम जनता के निजी विवरण आधार कार्ड में सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। इसलिए सरकार को सिर्फ सफाई देने के बदले इस मामले को नये सिरे से जांचना चाहिए कि आखिर गड़बड़ी कहां से हो रही है और उसे कैसे स्थायी तौर पर रोका जा सकता है। इससे पहले भी कई अवसरों पर लोगों के निजी विवरण आधार कार्ड के जरिए ही सार्वजनिक हो चुके हैं। निजी लोगों तक इसकी पहुंच की एक वजह आउट सोर्सिंग से काम कराने की प्रवृत्ति भी हो सकती है। दैनिक भुगतान पर काम करने वाले अपने साथ कौन से आंकड़े ले जा रहे हैं और बाद में उनका कैसे इस्तेमाल हो रहा है, यह तो हम देख ही पा रहे है। इसलिए जिम्मेदारी टालने के बदले सरकार इस दिशा में काम करे। सिर्फ जुबानी जमा खर्च से आम जनता का पैसा सुरक्षित नहीं है, यह तो कई बार साबित हो चुका है।

# हड़बड़ी में पार्टी की फजीहत करवाते भाजपा नेता

राजस्थान में भाजपा को चुनाव जीतने की कितनी जल्दी बाजी हो रही है। इसका एक उदाहरण हाल ही में सामने आया है। जिससे भाजपा की बड़ी फजीहत हो रही है। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा द्वारा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ नहीं सहेगा राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिनो पूर्व इसी अभियान के तहत भाजपा द्वारा किसानों से जुड़ा हुआ एक पोस्टर जारी किया गया था। जिस पर एक किसान का फोटो लगाकर लिखा गया था कि राजस्थान में 19000 से अधिक किसानों की जमीनें नीलाम नहीं सहेगा राजस्थान।

पोस्टर पर जिस किसान माधुराम की फोटो लगाई गई है उसका कहना है कि पोस्टर में मेरी जमीन नीलाम होने की बात लिखी गयी है। जबकि मेरी तो कोई जमीन नीलाम ही नहीं हुयी है। मुझसे पूछे बिना ही बेवजह पोस्टर पर मेरी फोटो लगा दी गई है। मेरा कहीं भी किसी भी बैंक में कोई लोन बकाया नहीं है। जिसने भी मेरी फोटो का गलत इस्तेमाल किया है उनको तुरंत ही मेरी फोटो पोस्टर से हटाकर माफी मांगनी चाहिए। पूरे प्रदेश में मेरी फोटो लगे पोस्टर लगने से मेरी बहुत बदनामी हुई है। मेरे पास आज भी 188 बीघा जमीन है। मगर किसी का भी कोई कर्जा नहीं है।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र पत्रकार

करीबन 70 वर्षीय माधुराम जयपाल जैसलमेर जिले के रामदेवरा क्षेत्र के रिखियों की ढाणी के रहने वाले हैं। पोस्टर पर अपनी फोटो आने के बाद उन्होंने भाजपा के जिला स्तरीय नेताओं से संपर्क कर अपनी फोटो हटवाने के लिए बोल दिया है। इस बाबत जैसलमेर जिले के भाजपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शारदा का कहना है कि सभी तरह के पोस्टर प्रदेश स्तर से बनवाए गए हैं। स्थानीय स्तर पर हमारी जानकारी में ऐसी कोई बात नहीं थी। एक किसान ने आकर बताया था। हम प्रदेश नेतृत्व को अवगत करवा देंगे। माधुराम का कहना है कि 2 महीने पहले दो लड़के हमारे गांव में कैमरे लेकर आए थे। तब उन्होने बोला था कि हम फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। सरकार के सामने आपके फसल खराबे की रिपोर्ट रखेंगें। तब उन्होंने मेरी फोटो ली थी। उगर उन्होंने मुझे नहीं बताया था कि पोस्टर पर मेरी फोटो लगाई जाएगी। किसान माधुराम के सबसे छोटे बेटे जुगताराम का कहना है कि जब से मेरे पिताजी को पोस्टरों पर उनकी फोटो लगने के बारे में पता लगा है तब से वह बहुत टेंशन में रहने लगे हैं। मुझे बार-बार पूछते हैं कि वह फोटो हटी कि नहीं। मेरी बहुत बदनामी हो गई। मेरे पिताजी को बहुत तकलीफ हो रही है। हम लोग भाजपा के नेताओं से प्रार्थना करते हैं कि पोस्टरों से मेरे पिताजी की फोटो को हटवा देवें।

इस तरह की घटनाओं से राजनेताओं ने तो अपना स्वार्थ साध लिया है। मगर गांव में रहने वाले एक इज्जतदार किसान की इज्जत तो खराब हो गई जिसकी भाजपा कैसे भरपाई कर पाएगी। भाजपा नेताओं को चाहिए कि कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छी तरह से जांच परख कर ही आगे बढ़ायें। जिस तरह की घटना एक गरीब किसान माधुराम के साथ घाटी है उस घटना को उसका परिवार जन्म-जन्मांतर तक नहीं भूला सकेगा। जिन पोस्टरों के बल पर भाजपा राजस्थान में सरकार बदलने के लिए हवा बन रही है। वह पोस्टर ही फुस्स हो गया। भाजपा के एक झूठ ने पूरे अभियान की हवा निकाल कर रख दी है।

इसी तरह सिरोही जिले के रेवदर कस्बे में एक अति उत्साही भाजपा नेता ने अपने बैनरों पर प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के स्थान पर विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लगे बैनर बनवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर प्रचार भी शुरू कर दिया। उन्होंने ऑटो रिक्शा पर बैनर लगाते वक्त भी उसको देखना उचित नहीं समझा। जब शहर में लोगों ने टोका-टाकी की तो कहा गलती हो गई। रेवदर शहर में भाजपा के स्थानीय नेता रमेश कोली को पार्टी ने सदस्यता अभियान का विधानसभा का संयोजक नियुक्त कर रखा है। रमेश कोली खुद बीजेपी की टिकट के लिये दावेदारी जता रहें हैं। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रभाव जमाने के लिए कई ऑटो रिक्शा पर बैनर लगवा कर बूथ जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। बैनर पर रमेश कोली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी तथा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की फोटो लगा रखी थी। यहां गलती से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो के स्थान पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी की फोटो लग गई और बैनर छपवाकर ऑटो रिक्शा पर लगाकर शहर भर में घूमवा दिए गए। जब लोगों ने इस बैनर के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया तब रमेश कोली को पता लगा और उनके कार्यकर्ता दौड़कर ऑटो रिक्शा पर सीपी जोशी की फोटो पर सफेद कागज चिपकाते नजर आए।

चुनाव से पहले भाजपा में इस तरह की घटनाएं होना पार्टी को जगहंसायी का पात्र बनती है। पार्टी की गंभीरता कम होती है। किसान माधुराम की घटना से तो लगता है कि भाजपा जमीनी कार्यकताओं की के बजाय किराये की एजेंसियों से काम करवा रही है। किसान की फोटो किसी एजेंसी के लोगों द्वारा मंगवाई गई थी। जिसकी सत्यता की जांच करवाना भाजपा नेतृत्व ने उचित नहीं समझा। यदि यही काम जिला व मंडल इकाइयों द्वारा किया जाता तो गलत व्यक्ति की फोटो लगने से बचा जा सकता था और पार्टी की प्रदेश भर में जो फजीहत हुई है वह भी नहीं होती। इसी तरह से भाजपा के विस्तारको द्वारा हर विधानसभा क्षेत्र से तीन-तीन लोगों के नाम का पैनल बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। उसके बाद से भाजपा में अंदरूनी टांग खिंचाई शुरू हो गई है। जिन लोगों के नाम संभावित पैनल में शामिल नहीं किए गए वह लोग भाजपा मुख्यालय पर जाकर धरने प्रदर्शन करने लगे हैं इससे पार्टी का माहौल खराब हो रहा है। कहने को तो हर विधानसभा क्षेत्र में कार्य कर रहे विस्तारक संगठन से जुड़े बताए जा रहे हैं मगर उनके द्वारा फर्जी पैनल बनाकर वायरल करने की घटना से पार्टी बचाव की मुद्रा में आ गई है। मगर ऐसे विस्तारको पर शायद ही कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही हो पाए।

एन चुनाव के वक्त ऐसी घटनाओं से पार्टी के आंतरिक झगड़ा बढ़ते हैं और कार्यकताओं में अविश्वास की भावना पनपती है। इस तरह की घटनाओं को नहीं रोक पाना भाजपा संगठन की एक बड़ी कमजोरी मानी जा रही है। संगठन से जुड़े लोगों द्वारा ही अफवाह फैलाने कि घटना से पार्टी की हवा खराब हो रही है। इन घटनाओं से लगता है कि राजस्थान के भाजपा नेताओं में आपसी तालमेल की कमी है तथा सभी नेताओं में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ मची हुई है। ऐसी होड़ में पार्टी के नेताओं द्वारा अक्सर ऐसी गलतियां हो जाती है जो पार्टी के लिए शर्मिंदगी का कारण बन रही है।

# ईश्वर के दर्शनसेठ

प्रेरक प्रसंग

गतांक से आगे .. .. ..

मंत्री की तो मानों सारी चिंताए समाप्त हो गयी। उसने सन्यासी से पूछना चाहा की आप राजा को ईश्वर के दर्शन किस प्रकार कराओगे, परन्तु सन्यासी ने कहां की वे स्वयं दरबार में चलकर राजा को उत्तर देंगे। फिर मंत्री सन्यासी को लेकर राजा के दरबार में पंहुचा और राजा से निवेदन किया की महाराज यह महात्मा आपको ईश्वर के दर्शन करा देंगे। राजा ने प्रसन्ता से उस महात्मा का स्वागत किया। फिर महात्मा ने राजा से एक बड़ा सा पात्र मंगवाया जिसमे कच्चा दूध भरा हुआ था।
महात्मा ने कहा की राजन अभी आपको ईश्वर के दर्शन करा देता हूँ। और ऐसा



बोलकर उस पात्र के दूध को चम्मच से हिलाने लगे। उस चम्मच को हिलाते-हिलाते कुछ समय बीत गया, परन्तु राजा को कोई ईश्वर का दर्शन नहीं हुआ। तो राजा ने महात्मा से पूछा की आप क्या कर रहें है।
वह धीरे-धीरे ईश्वर भजन में रूचि लेने लगा, उसके मन में था की अब कुछ ही दीन की तो जिंदगी है और इतना सारा धन-दौलत क्या करू सोच कर ईश्वर भजन में खोया रहता था।
वह ईश्वर भक्ति में खोया हुआ अंतिम दिन में अपनी मृत्यु का इन्तजार कर रहा था। तभी संत अमरनाथ जी पहुंचे और सेठ से बोले, क्यों सेठ जी अब पता चला की मै इतना निश्छल कैसे रहता हूँ।
कहानी का तात्पर्य यह है की कोई भी कार्य हो चाहे वह ईश्वर भक्ति या अन्य जरुरी काम हम किसी दूसरे चीजों में उलझे रहतें है और जब अंत नजदीक आता है तब हमे अपनी गलतियों का अहसास होता है। **समाप्त।**

नजरिया

# हकीकत के आइने में सूचना का अधिकार



**आत्मदीप**
पत्रकार

भारत में हर नागरिक को सूचना का अधिकार मिले 18 वर्ष हो चुके हैं। इतने अरसे बाद भी क्रियान्वयन के स्तर पर इस महत्वपूर्ण अधिकार की जमीनी हकीकत क्या है? 12 अक्टूबर, 2005 को देश में लागू हुये सूचना का अधिकार अधिनियम के स्थापना दिवस पर इसकी वर्तमान स्थिति की समीक्षा करना जरूरी है।

संयुक्त राष्ट्र की पहल और लम्बे जन आंदोलन की बदौलत भारत में लागू हुये इस कानून को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माना गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिकार को संविधान के अनुच्छेद-19 के तहत मौलिक अधिकार माना है। इसकी महत्ता का अहसास इसलिये भी होता है कि इसके अधिनियम में इस कानून को अन्य कानूनों से उपर माना गया है। इसके माध्यम से देश के आम आदमी को इतनी शक्ति प्रदान की गई है कि जो सूचना देने से संसद या विधानमंडल को इंकार नहीं किया जा सकता है, वह सूचना देने से आम नागरिक को भी वंचित नहीं किया जा सकता है।

**संयुक्त राष्ट्र की पहल और लम्बे जन आंदोलन की बदौलत भारत में लागू हुये इस कानून को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माना गया है।**

इस कानून का मूल मंतव्य है कि हमारी निर्वाचित सरकारें और समूचा सरकारी तंत्र जनता के प्रति जवाबदेह बने, सरकार और उसकी मशीनरी के कार्यों में शुचिता व पारदर्शिता आये। भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर रोक लगे। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था स्वस्थ व सुदृढ़ बने और उसमें जनभागीदारी को बढ़ावा मिले। आजादी के अमृतकाल में इन पवित्र उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राष्ट्रीय बहस आवश्यक है। बेशक इस अधिकार से भ्रष्टाचार व धांधलियों पर एक सीमा तक अंकुश लगा है। लोक धन के दुरूपयोग व नियम विरूद्ध काम करने के प्रति लोक सेवकों में भय पैदा हुआ है। किन्तु कटु सत्य है कि इस कानून के क्रियान्वयन की कारगर व्यवस्था करने में हमारी सरकारें अब तक नाकाम रही हैं। इसका मुख्य कारण है, इस कानून के सर्वहितकारी प्रावधान केंद्र व राज्य सरकारों की प्राथमिकता नहीं बन सके हैं। बल्कि सरकारी स्तर पर जनता के इस कानून को मजबूत करने की बजाय कमजोर करने का प्रयास हुआ है।

मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों का दर्जा, वेतन एवं कार्यकाल बिना औचित्य के घटा दिया गया है। डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट की धारा-29 (2) के जरिये आरटीआई एक्ट का शेष कानूनों पर सर्वोपरि प्रभाव खत्म कर दिया गया और धारा-30 (2) के जरिये विधायिका को जो जानकारियां दी सकती है, वे नागरिकों को भी देना जरूरी होने का प्रावधान हटा दिया गया है। जनता के जानने के हक की रक्षा करने की बजाय सरकारें और उनका तंत्र इस अधिकार को नुकसान पहुंचा रहा है। जनता के हितों की दुहाई देने वाली ये सरकारें इस सबसे ताकतवर अधिकार का प्रचार कर इसका लाभ जन-जन तक पहुंचाने में विफल रही हैं। वे इसके राह की रूकावटों को दूर करने में भी मौन क्यों हैं। आखिर क्या वजह है कि जनता के बडे.हिस्से को इस कानून की प्रारंभिक जानकारी तक नहीं मिल सकी है।

केंद्रीय सूचना आयोग व राज्य सूचना आयोग में आयुक्तों की नियुक्तियां समय पर नहीं की जाती है। आज स्थिति यह है कि सूचना के अधिकार के सबसे बडे. संरक्षक इन अर्द्ध न्यायिक निकायों में स्वीकृत पद स्वीकृत पद अरसे तक खाली पडे रहते.हैं, जिससे आम जनता को समय पर जानकारी व न्याय नहीं मिल पा रहा है। झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्तियां नहीं होने से राज्य सूचना आयोग 3 साल से ठप पड़ा है। सूचना आयोग के दंड का भय खत्म हो जाने से सरकारी विभाग आम जनता को मांगी गई सूचनायें नहीं दे रहे हैं।

जानकारी

## वाराणसी में मौत के इंतजार में आते हैं लोग



बनारस को काशी और धर्म नगरी भी कहा जाता है। यहां पर आपको चारों तरफ मंदिर और मंदिर से आती घंटियों की आवाज सुनाई देगी। जो इस जगह को पवित्र और धर्ममयी बना देती है। इस शहर के धार्मिक नजारे को देखने के लिए विदेशों से भी लोग यहां पर पहुंचते हैं। काशी में कई ऐसी चीजें हैं, जिनके बारे में शायद ही आपने कभी सुना होगा। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको काशी की एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर रुककर लोग मौत का इंतजार करते हैं। काशी की इस जगह को मुक्ति भवन कहा जाता है। काशी है मोक्ष की नगरी

वाराणसी को मोक्ष की नगरी कहा जाता है। काशी लाभ-मुक्ति भवन में देशभर से लोगों को देखा जा सकता है। बता दें कि इस भवन तक की लोगों की यह यात्रा दुनिया के अंतिम यात्रा होती है। क्योंकि यहां आने पर वह लोग सीधे परलोक सिधारते हैं।

## Apple iPad Air (5th gen) पर मिल रहा भारी डिस्काउंट

साइबर दुनिया

नई दिल्ली : Amazon Great India Festival सीजन चल रहा है और 15 अक्टूबर तक ग्राहकों को डिस्काउंट मिलने वाला है। इलेक्ट्रॉनिक कैटेगरी में बैंक ऑफर और एक्सचेंज ऑफर के साथ कई प्रकार के डिस्काउंट हैं, जिनसे कीमत कम हो सकती हैं। यह डील उन ग्राहकों के लिए एक फायदेमंद समय है जो कोई नया इलेक्ट्रॉनिक गैजेट खरीदने का प्लान बना रहे हैं। सेल के दौरान अस्त्रस्त्र्ी⁄ढं Air (5th जनरेशन) किफायती दामों पर उपलब्ध है। यह समय एप्पल पैड खरीदने के लिए खास है, क्योंकि इस वक्त काफी डिस्काउंट मिल रहा है। आइए iPad Air पर मिलने वाली डील के बारे में जानते हैं।



**Amazon सेल में iPad Air (5th gen) पर डिस्काउंट**

iPad Air (5th gen) के वाई-फाई ओनली वर्जन के 64GB स्टोरेज वेरिएंट 59,900 रुपये और 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 79,900 रुपये है। वहीं वाईफाई + सेल्युलर वर्जन के 64GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 74,900 रुपये और 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 89,000 रुपये है। टेक दिगग्ज के 2022 टैबलेट पर अमेजन सेल के दौरान छूट दी गई है। बैंक ऑफर के तहत रइक डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान पर अतिरिक्त इंस्टेंट डिस्काउंट मिल सकता है। पुराने टैबलेट पर एक्सचेंज ऑफर भी दिया जा रहा है। ध्यान देने वाली बात यह है कि iPad Air (5th gen) की कीमत सेल के दौरान बदलती रहेगी। मौजूदा सेल कीमतों के हिसाब से छूट मिल रही है। फिलहाल पता चल रहा है कि iPad Air (5th gen) के सभी वेरिएंट की कीमतों में 10 हजार रुपये का इंस्टेंट डिस्काउंट दिया जा रहा है।

**iPad Air (5th gen) के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

अमेजन पर मौजूदा सेल के दौरान iPad Air (5th gen) एक शानदार डील है। iPad Air (5th gen) में टू टोन के साथ 10.9 इंच की लिक्विड रेटिना डिस्प्ले दी गई है।

### टॉप ट्वीट

'ईश्वर आपको दीर्घायु दे। मेरी समझ में यह नहीं आता कि आपको हर चीज के पीछे कांग्रेस पार्टी ही क्यों नजर आती है? कांग्रेस पार्टी की ओर से वैसा कोई भी ट्वीट नहीं किया गया है,जैसा कि आप जिक्र कर रहे हैं। अगर आपको वाकई लगता है कि आपके खिलाफ किसी ने ट्वीट किया है तो आप उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करिए।'

**कमलनाथ**
**कांग्रेस नेता**





'मैंने इस बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं की है और अब भी मैं ज्यादा कुछ नहीं कह पाऊंगा। लेकिन मैं टाइटल बता सकता हूं। फिल्म का नाम 'सितारे जमीन पर' है। ''

**आमिर खान**
**बॉलिवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

### जाति जनगणना बिखराव

बिहार सरकार ने जाति जनगणना करवा कर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है और विपक्ष इसे अपना पुराना एजेण्डा बता कर श्रेय लेने का प्रयास कर रहा है। भले ही राजनीतिक पार्टियां इसे समाज के हर तबके के समान विकास का अच्छा प्रयास कर रही है और जनता खुश है कि मेरी जाति की संख्या का पता चल गया। परन्तु वास्तविकता में जनता के लिए यह कितना फायदेमंद होगा, यह तो भविष्य ही बताऐगा लेकिन ये तो सच है यह देश को टुकड़े- टुकड़े में बांटकर वोट बैंक की ही राजनीति है। आज धर्म और सम्प्रदाय के नाम पर खालिस्तान, सरना धर्म कोड, अलग राज्य की मांग जैसी समस्याओं को देश झेल रहा है कल यदुस्थान, कुर्मीस्थान, तेलीस्थान, ब्रम्हस्थान, ब्रह्मऋषिस्थान, जैसी मांग भी उठे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। चुनाव लड़ते वक्त हर प्रत्याशी को यह ज्ञात होता है कि उसके क्षेत्र में किस जाति की जनसंख्या कितनी है, उसी के आधार पर वे राजनीतिक विसात बिछाते हैं। अब विकास और भागीदारी का खोखला स्वप्न दिखाकर अपने फायदे के लिए राजनीतिज्ञ देश को बांटना चाहते हैं। राजनीति समाजसेवा है न कि सरकारी नौकरी, इस बात का ख्याल जनता के इन हमदर्दों को समझना चाहिए।

**देवेश कुमार देव**
**इसरी बाजार, गिरिडीह**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## तस्करी के लिए जा रहे 6 बैल व पिकअप सहित चालक गिरफ्तार

**बगहा** : पुलिस जिला के लौकरिया थाना की पुलिस ने बासठ पुल चौराहे पर सोमवार की शाम एक पीक अप पर लादकर 6 बैलों को ले जा रहे है एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना के एसआई संजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों की टीम वाहन जांच कर रही थी। इसी क्रम में हरनाटांड के तरफ से आ रहे एक पिक अप को रुकवाया गया तो उसमें तस्करी के लिए भेजे जा रहे 6 बैल मीले। पुलिस तुरंत चालक रशीद अहमद को हिरासत में लेकर वाहन सहित बैलों को लेकर थाना गई। लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान 6 बैलों को पिकअप सहित जप्त कर थाना लाया गया है। साथ ही पिकअप चालक सिकटा थाना के झुमका गांव निवासी रशीद अहमद को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अग्रेतर करवाई की जा रही है।

# अधिकारी व कर्मचारियों की मनमानी के कारण दस्तावेज का नकल लेने में लोगों के छूट रहे हैं पसीने

## जिला निबंधन कार्यालय मुंगेर में चलती है बाबूओं और दलालों की मनमानी

**दस्तावेज का नकल लेने के लिए 06 महीने से लोग लगा रहे हैं कार्यालय का चक्कर**

**राष्ट्रीय खबर**




**मुंगेर** : मुंगेर जिले में ऐसे तो सभी विभाग में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों का बोलबाला है। लेकिन सबसे अधिक भ्रष्टाचार जिला निबंधन कार्यालय मुंगेर तथा अभिलेखागार कार्यालय में इन दिनों देखने को मिल रहा है। लोग सरकारी दस्तावेज का नकल लेने के लिए यहां 06 महीने से कार्यालय का चक्कर लगाकर ऑफिस के अधिकारी व कर्मचारियों की जी हजूरी कर रहे हैं। इसके बावजूद भी आम लोगों को दस्तावेज का नकल नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण लोगों को खासे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनों कार्यालय में बाबूओं तथा कर्मचारियों की ऐसी मनमानी चलती है कि लोग बेबस दिखाई पड़ रहे हैं। कार्यालय में लाइसेंसी मुंशी द्वारा दस्तावेज का नकल के लिए आवेदन देने के बाद भी चांदी के सिक्का के लोग में अधिकारी और कर्मचारी दस्तावेज के नकल को निर्गत करने में जानबूझकर विलंब करते हैं। लोगों का कहना है कि ऐसा इसलिए कार्यालय के बाबुओं तथा कर्मचारियों द्वारा किया जाता है कि दस्तावेज लेने वाले लोगों से मोटी रकम की वसूली की जा सके। कई लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि कार्यालय के बड़ा बाबू तथा कर्मचारियों का रवैया लूट संस्कृति को जहां बढ़ावा दे रहा है, वही सुशासन सरकार के जीरो टॉलरेंस नीति की धज्जियां भी उड़ा रहा है। दस्तावेज का नकल लेने वाले कार्यालय के कई महीनों से चक्कर काटते दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि सीएम नीतीश कुमार भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध करवाई करने का लंबा चौड़ा भाषण तो देते हैं, लेकिन उनके अधीन कई कार्यालय में खुलेआम रिश्वतखोरों का बोलबाला है। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार कहती है कि दस्तावेज का सरकारी नकल ही मान होगा, वही लोगों को सरकारी दस्तावेज का नकल लेने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। सरकारी कार्यालय में फोटो स्टेट को मान नहीं दे रहे हैं। आखिर आम लोग जाएं तो जाएं कहां। लोगों ने बताया कि विभिन्न इलाकों में जमीन का सर्वे का कार्य चल रहा है। ऐसी स्थिति में बहुत सारे किसानों के पास जमीन का केवाला और खेतियान तक नहीं है किसानों, लेकिन उनके नाम से जमीन है। ऐसे किसान जिला निबंधन कार्यालय तथा अभिलेखागार में सरकारी दस्तावेज के लिए नकल का आवेदन तो दिया है, लेकिन लोगों को सरकारी दस्तावेज का नकल नहीं मिल रहा है। जिस कारण भू स्वामियों में हाहाकार मची हुई है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए जिला निबंधन कार्यालय के रजिस्ट्रार अमरेंद्र चौधरी से संपर्क करने का प्रयास किया गया जो सफल नहीं हो पाया । जिस कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका। अभिलेखागार कार्यालय के अधिकारी भी ऑफिस से नदारद दिखे। मोबाइल ही उनका व्यस्त कई घंटों तक रहा।

## न्यूज फटाफट

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**राष्ट्रीय खबर**

**सुगौली,पू चः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं परिवार विकास मिशन के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन टेस्ट, एचआईवी टेस्ट सहित अन्य जांच की गई। और गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन संबंधी सलाह दी गई। जिससे प्रसव के बाद परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधन को अपना कर पहले बच्चे के जन्म के बाद दूसरे बच्चे के जन्म में 3 साल का अंतर रखा जा सके। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत करीब 200 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। सभी लाभार्थियों को डॉक्टर के सलाह पर आयरन, कैल्शियम, ओआरएस का पाउडर दिया गया । मौके पर डॉ विनय शंकर सिंह, बीसीएम नितेश कुमार गिरी सहित एएनएम, जीएनम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### व्यवसायी से धोखाधड़ी मामले के दो अंतराज्यीय आरोपी गिरफ्तार



**राष्ट्रीय खबर**

बगहा : पुलिस जिला के पटखौली ओपी की पुलिस ने व्यवसायी पठखौली निवासी अभिषेक आनंद से धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामले की जानकारी पटखौली ओपी थानाध्यक्ष नितेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बगहा पुलिस जिला के पटखौली ओपी में दर्ज कांड संख्या 156 / 23 के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त अनुभव सक्सेना जयपुर राजस्थान व सुभाष शुक्ला कानपुर उत्तर प्रदेश निवासी है। जिनके द्वारा बगहा के व्यवसायी सात लाख पचहत्तर हजार रुपये की राशि लेने के बाद भी व्यवसायी अभिषेक को उसका माल नहीं दिया गया। रुपए वापस मांगने पर उनके द्वारा केवल आश्वासन दिया जाता था मगर पैसे वापस नहीं मीले। जिसके बाद व्यापारी द्वारा विगत जनवरी महीना में न्यायालय में केस किया गया था। जिसके आलोक में पटखौली थाना की पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कानुपर,उत्तर प्रदेश से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मुंगेर में बेखौफ अपराधियों ने ई-रिक्शा चालक की गोली मारकर कर दी हत्या

**सोमवार की देर शाम घर से कुछ देर में आने की बात कहकर निकला था आशीष**

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर** : अपराध के लिए चर्चित मुंगेर में अपराधियों का नंगा नाच रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस एक हत्या कांड की गुत्थी सुलझा नहीं पाती है कि बेखौफ अपराधी दुसरी काड को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। सोमवार की देर रात्रि अपराधियों ने ई- रिक्शा चालक आशीष कुमार की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया। मंगलवार की सुबह लोगों की सूचना पर शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कासिम बाजार थाना की पुलिस को सूचना मिली की संदलपुर मध्य विद्यालय के पीछे स्थित खेत में एक शव फेंका हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। आस पास के लोगों ने शव की पहचान की। हत्या की वजह का पता नहीं चला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।आशीष किराये पर ई-रिक्शा चलाता था। लौटकर आते है तो भोजन करेंगे। देर रात तक जब आशीष घर नहीं लौटा तो परिवार वालों को चिंता हुई।आसपास के लोगों से आशीष के बारे में जानकरी ली। कुछ साथी चालक से घरवालों ने पूछताछ की पर मालूम नहीं चला। मंगलवार की सुबह में लोगों की सूचना मिली की आशीष को किसी ने गोली मार दी है। वह संदलपुर मध्य विद्यालय के पीछे खेत में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ राजेश कुमार पहुंचे। आसपास के लोग और परिवार वालों से पूछताछ किया। घटना के पीछे कर्ज विवाद का एंगल सामने आ रहा है। आशीष का छोटा भाई मिट्ठू का पुलिस ने मोबाइल बरामद किया है। मोबाइल पर कई अपशब्द लिखा हुआ संदेश मिला है। मां ने बताया मिट्ठू कुछ लोगों से कर्ज ले रखा था। कर्ज वापस करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसलिए 15 दिनों से बेटे को हटा दिया था।

## बिहार आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने किया कार्यालय समक्ष धरना-प्रदर्शन



**राष्ट्रीय खबर**

**बरारी/ कटिहार** : प्रखंड मुख्यालय के समक्ष आंगनवाड़ी संघ की अध्यक्ष पिकी देवी के अगुवाई में अपने मांगो को लेकर सेविका व सहायिकाओं ने भूख हड़ताल पर बैठे। उनका आरोप है कि सरकार लगातार आंगनबाड़ी कार्यकताओं का शोषण कर रही है। हमें मेहनत के अनुरूप पारिश्रमिक नही मिल रहा है, जिससे हम काफी आहत है। हमारी पांच सूत्रीय मांग जब तक सरकार पूरा नही करती तब तक हम आंदोलन जारी रखेंगे। मांगो में सरकारी कर्मचारी का दर्जा, सेविका को 25 व सहायिका को 18 हजार मानदेय, ग्रेजुएटी का लाभ, अतिरिक्त प्रोत्साहन राशी, योग्य सहायिका को बहाली हेतू 10 बोनस अंक शामिल हैं। उन्होंने अपनी मांग पत्र को सीडीपीओ को सौपा। मौके पर अध्यक्ष पिकी देवी के अलावा सचिव किरण कुशवाहा, उपाध्यक्ष गुड्डी सुप्रिया भारती, ललिता देवी, दरकशा बानो, सोनी चौधरी, नरगीस बानो, निलम देवी, मनवारा खातून, गुलनूर खातून सहित अन्य मौजूद थे।

## मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि पर संकल्प सभा आयोजित

### धर्मनिरपेक्षता को चटकाने वालो का इस देश में कोई स्थान नहीं : सपा

**लोहिया के बाद का लोहिया थे मुलायम : पप्पू**

**राष्ट्रीय खबर**



**मुंगेर** : समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक भवन में भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष समाजवादी योद्धा समाजवादी पार्टी के संस्थापक धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव के प्रथम पुण्यतिथि के मौके पर एक संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। जहां सपाईयों ने देश की एकता अखंडता धर्मनिरपेक्षता को अक्षुण्य बनाए रखने का संकल्प लिया। मौके पर सपा जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि हमारे प्रणेता धरतीपुत्र मुलायम लोहिया के बाद के लोहिया थे। जिसने अपनी राजनीतिक जीवन में कई अचंभित करने वाले फैसले लेकर अपने अदम्य इच्छाशक्ति का परिचय दिया और जीवन प्रयत्न देश की धर्मनिरपेक्षता और संप्रभुता के लिए प्रतिबद्ध रहे। वही पार्टी के प्रधान महासचिव मनोज कुमार मधुकर ने नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुलायम सिंह यादव हकीकत में देश के किसानों मजदूरों मजलूमों दलितों अकलितों के वास्तविक नेता थे जो सैफई के सामान्य परिवार से निकालकर मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री का सफर तय किया और धरतीपुत्र से सम्मानित हुए। वही संकल्प सभा को संबोधित करते हुए महासचिव मिथिलेश यादव, नगर अध्यक्ष मो आजम, जमालपुर नगर अध्यक्ष अमर शक्ति , सदर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर मंडल, बरियारपुर प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र यादव, गोपाल वर्मा आदि ने कहा कि भारतीय राजनीति के आन वान शान हमारे नेता मुलायम सिंह यादव अब हमारे बीच नहीं है, लेकिन हम सपाई उनकी नीतियों और संघर्षों को अपने आंदोलन में जिंदा रखेंगे और मौकापरस्तो फिरपरस्तो को करारा जवाब देंगे। सभा में जिलाध्यक्ष रामनाथ राय, महिला सभा अध्यक्ष रंजना अराफात, सचिव नकुल यादव, संजय यादव, मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति, कृष्ण आजाद, छडपन मंडल, गौरव यादव, सत्यजीत पासवान, दिनेश साहू, डब्लू यादव, विरेन्द्र दास, संतोषी मंडल, रामदेव महतो, देवन यादव, रामानंद चौधरी, सिपाही यादव सहित अन्य सपाई उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली,पू चः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुगौली में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं परिवार विकास मिशन के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच किया गया। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का बीपी, वजन, हीमोग्लोबिन टेस्ट, एचआईवी टेस्ट सहित अन्य जांच की गई। और गर्भवती महिलाओं को परिवार नियोजन संबंधी सलाह दी गई। जिससे प्रसव के बाद परिवार नियोजन के अस्थाई और स्थाई साधन को अपना कर पहले बच्चे के जन्म के बाद दूसरे बच्चे के जन्म में 3 साल का अंतर रखा जा सके। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत करीब 200 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। सभी लाभार्थियों को डॉक्टर के सलाह पर आयरन, कैल्शियम, ओआरएस का पाउडर दिया गया ।मौके पर डॉ विनय शंकर सिंह, बीसीएम नितेश कुमार गिरी सहित एएनएम, जीएनम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## लापता नाबालिग को ढुढने में पुलिस ने की सहयोग की अपील



**बगहा** : पुलिस जिला अंतर्गत ठकराहा थाना क्षेत्र के बेलवारी पट्टी गांव निवासी सुरेश बैठा का 14 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार बैठा करीब तीन सप्ताह पूर्व अपने गांव से ही लापता हो गया। अपने पुत्र की तलाश में परिजन आसपास के रिस्तेदारो सहित अन्य संभावित स्थानों पर भी खाक छाना। मगर सभी जगहों से उन्हें निराशा ही हाथ लगी है। थक हारकर परिजन 22 सितंबर को स्थानीय थाना परिसर में पहुंचे और अपने नाबालिक पुत्र के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना में दिये आवेदन पत्र के अनुसार प्रिंस का कद-04 फुट, रंग-गेहूँआ है जो फुल पैन्ट, सर्ट-स्लेटी सफेद चेक में पहना हुआ था। इस संबंध में ठकराहां थाना काण्ड संख्या - 73 / 23 दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है मगर अभी तक लापता बालक का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने अपहता युवक के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना या जानकारी होने पर मोबाईल नम्बर 960800749 पर सूचित करने की अपील की है।

# राजस्थान के वर और बिहार की बधू ने बैराटी दुर्गा मंदिर में लिए सात फेरे

**पितृपक्ष में मेरे तरफ से नहीं थी शादी की इजाजत : पुजारी**

**सूचना प्राप्त हुए हैं, जिस आधार पर जांच की जाएगी : थानाध्यक्ष**

**नरेंद्र पांडेय**



**बगहा प.च.** : अनुमंडल अंतर्गत चिउटहा थाना क्षेत्र के मौनहा गांव निवासी शंभू शर्मा के बेटी के साथ राजस्थान के जिला झालावाड़ के ग्राम पोस्ट खेड़ा निवासी विक्रम सिंह ने मंगलवार को जंगलवर्ती सीमाई क्षेत्र के बैराटी माँ दुर्गा मंदिर के दुर्गा प्रतिमा के समक्ष सनातन धर्म पर आधारित अंतरजातीय विवाह कर जीने-मरने की कसमें खाई। इस दौरान लड़की के पिता शंभू शर्मा ने कहा कि लड़की की शादी हिंदू रीतिरिवाजों के साथ बड़े धूमधाम से सेमरा थाना अंतर्गत 10 वर्ष पूर्व में किया था। लड़की को उसके पति तथा घर वाले लगभग 9 वर्षों से कोई पूछताछ नहीं कर रहे थे। लाख पंचायत व सरोकारों के बावजूद भी हमारे लड़की को अपनाने को तैयार नहीं थे। अजीज होकर राजस्थान के विक्रम सिंह के साथ मैं और मेरे परिवार के सभी सदस्यों ने यह कदम उठाकर इस निष्कर्ष पर पहुंच कर शादी रचाने की हामी भरी है। इस संदर्भ में लड़की के साथ ब्याह रचाने वाले वर विक्रम सिंह ने कहा कि मैं जिस लड़की के साथ आज सात जन्मों की बंधन में बधें हैं। हर हाल में किसी भी प्रकार की कोई कमी इस औरत के साथ नहीं करेंगे। यदि मेरे तरफ से कोई गलती होती है तो इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी। कानूनी तौर पर बगहा कोर्ट से शादी निबंधन की बात कही गई तो दोनों पक्षों के लोगों ने कहा कि लड़का लड़की राजी तो क्या करेगा काजी। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए दोनों पक्षों के लोगों ने इस शादी की मुहर लगाकर मिठाईयां बांट खुशी का इजहार किया। उनकी जिम्मेदारी पर लड़की की बोझ को हल्का करने में मेरे तरफ से अंतरजातीय विवाह प्रस्ताव पर कोई एतराज नहीं है। इस संदर्भ में नौशाद आलम ने कहा कि इसके पूर्व में अपने खाला की लड़की की शादी इसी राजपुताना समुदाय में कराया हूँ। इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी। इस प्रकरण में मंदिर के पुजारी मनोज पांडेय ने बताया कि सनातन धर्म में पितृपक्ष में कोई शुभ कार्य अनैतिक माना गया है। बावजूद इसके मंदिर में दो पक्षों की आपसी सहयोग व प्रेम भाव से अचानक मंदिर के प्रांगण में पहुंच कर शादी कराने की पहल व दबाव बनाया गया। तदोपरांत उन दोनों पक्षों को धर्म के विपरीत परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा गया कि इस समय शादी ब्याह नहीं हो सकती। लेकिन दबाव में दोनों पक्ष की आपसी मिलावट के बाद शादी सम्पन्न हुई है। मेरे तरफ से इसकी इजाजत नहीं थी।

## मिशन इंद्रधनुष में ना हो लापरवाही, पीएचसी प्रभारी ने की स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक



**राष्ट्रीय खबर**

**भितहा** : मिशन इंद्र धनुष को सफलता के तहत लगने वाले टीकाकरण से कोई भी सम्बन्धित लाभुक बंचित न रहे। इसके लिए इस कार्यक्रम में ड्यूटी कर रही एएनम एवं आशा कर्मी सहीत अन्य सभी कर्मियों को सख्त हिदायत दिया गया है कि ससमय चिन्हित केंद्रों पर पहुच कर टीकाकरण का कार्य करे। उक्त बात पीएचसी भितहा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोरंजन ने एक बैठक करते हुए सम्बन्धित कर्मियों को सख्त निर्देश दिया। बैठक में उपस्थिय बीसीएम सुमित कुमार , बीएचएम रंजन कुमार, लैब टेक्नीशियन भारत भूषण पाठक सहित सम्बन्धित अन्य कर्मियों को निर्देशित करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि मिशन इंद्र धनुष के अंतर्गत वैसे बच्चे जो टीकाकरण से किसी कारण बस बंचित है। जो 0 से 5 के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को इस कार्यक्रम के अंतर्गत 14 अक्टूबर तक चिन्हित 44 जगहो पर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बीएचएम को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल कोई भी कर्मी अगर किसी भी प्रकार की लापरवाही करता है तो तत्काल इसकी सूचना देते हुए कार्यवाही के लिए अग्रसारित किया जाय। उन्होंने बताया कि सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नही कि जाएगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

**हरिहरगंज :** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पिपरा थाना के जंगली इलकों में लगातार अवैध शराब के अड्डों पर छापेमारी अभियान जारी है। बुधवार को भी पुलिस ने पीपरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह जंगल में अवैध शराब के अड्डों से 4 प्लास्टिक के ड्रम में करीब 200 किलोग्राम जावा महुवा को जप्त कर नष्ट किया। इसकी जानकारी पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने पत्रकारों को दी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### जागरूकता सह आउटरीच अभियान प्रखंड में चलाया



**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में आज 11/10/23 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में पाकुड़ जिला अंतर्गत हिरणपुर प्रखंड के दलदली आसमजेला समेत अन्य गांवों में विधिक जागरूकता सह आउटरीच अभियान चलाया गया। जिसमें पीएलवी विजय राजवंशी ने मानव तस्करी बाल श्रम बाल विवाह समेत अन्य कई विधिक जानकारी ग्रामीणों को दी। वहीं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के फुलपहारी समेत अन्य गांवों में पीएलवी चंदन रविदास ने विधिक जागरूकता के साथ मोटर वाहन दुर्घटना और मुवावजा, महिला सशक्तिकरण, दहेज प्रथा समेत अन्य जानकारी देकर लोगों को जागरूक की।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पंचायतों में संधारित योजना अभिलेख एवं पंजियों की होगी जांच

**पाकुड़ :** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम निर्देश दिया कि सभी पंचायतों में संधारित योजना अभिलेख एवं सात पंजी की जांच कराई जाएगी। उपायुक्त ने सभी बीपीओ को निर्देश दिया कि मनरेगा में दीदी बाड़ी योजना स्वीकृत करवाएं तथा मजदूरों का मास्टर रोल जेनरेट कराना सुनिश्चित करें। पोटो हो खेल मैदान की स्वीकृति कर कार्य 15 नवम्बर के पहले पूर्ण करायें। एरिया ऑफिसर एप में निबंधित सभी पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को योजना पर्यवेक्षण एप के माध्यम से लक्ष्य अनुरूप करने का निर्देश दिया गया। शत-प्रतिशत आधार सीडिंग करने एवं बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना की स्वीकृति करने हेतु निर्देश दिया गया।इसके अलावा उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु पाकुड़ जिला के सभी प्रखंडों/पंचायतों में दिनांक 15.09.23 से 10.10.2023 तक विशेष अभियान चलों करें आवास पूरा अभियान चलाया गया। उपायुक्त ने इसकी समीक्षा कर शेष बचे हुए आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसी प्रकार बाबा साहेब अंबेडकर आवास योजना 2023-24 के स्वीकृति में सभी प्रखंडों को तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बिरसा आवास योजना के समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि छूटे हुए पहाड़िया समुदाय के लोगों को बिरसा आवास योजना से लाभान्वित करें। मौके पर उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,परियोजना पदाधिकारी,जिला समन्वयक एवं एसएमपीओ सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

**पुरस्कृत** उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भारत स्काउट गाइड का कार्यक्रम आयोजित

# स्काउट गाइड के कैडेटों को सेवा कार्यों के लिये किया गया पुरस्कृत

- नैतिक शिक्षा के साथ-साथ कानूनी संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गढ़बाड़ी में भारत स्काउट गाइड की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम, पुलिस निरीक्षक प्रभू सहाय एक्का, थाना प्रभारी आनंद पंडित भी उपस्थित थे। भारत स्काउट गाइड के सदस्यों ने सर्वप्रथम विद्यालय के मुख्य द्वार से सभागार तक अतिथियों को स्कॉट कर लाया। सभागार में एसडीपीओ, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारी ने बारी-बारी से स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं को उनके सेवा कार्य के लिए पुरस्कार देकर पुरुस्कृत किया। स्काउट गाइड के सदस्यों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर एसडीपीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं स्काउट गाइड के सदस्यों ने पुलिस विभाग से संबंधित तथा कई अन्य बिंदुओं पर एसडीपीओ से प्रश्न पुछा। जिसे एसडीपीओ ने बारी-बारी से संतोषप्रद उत्तर देकर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासा को शांत किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रार्थना, नृत्य, काव्य वाचन आदि प्रस्तुत किया गया।

एसडीपीओ ने उपस्थित स्काउट गाइड के सदस्यों तथा छात्र-छात्राओं को सामाजिक, शैक्षणिक, नैतिक शिक्षा के साथ-साथ कानूनी संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा पुछे गए कुल 12 सवालों में विद्यालय प्रारंभ होने की अवधि तथा समाप्त होने की अवधि के वक्त विद्यालय से लक्खीपुर गांव तक मनचलों के द्वारा छात्राओं को परेशान करने की शिकायत पर एसडीपीओ ने तत्काल थाना प्रभारी को उक्त निर्धारित समय पर पुलिस गश्ती की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। ताकि ऐसे मनचलों पर नकेल कसी जा सके। साथ ही छात्राएं भय मुक्त माहौल में विद्यालय आना-जाना कर सकें। छात्र-छात्र-छात्राओं द्वारा पुछे गए सवालों में- आम जनता पुलिस से क्यों डरती है, पुलिस लोगों से कठोर वचन का प्रयोग करती है। क्या यह उनकी मजबूरी है या उनका वचन ही कठोर होता है। पुलिस सेवा में आने के बाद आपने क्या हासिल किया। कोई महिला कैदी थाने लाई जाती है तब उसके साथ कैसा वर्ताव किया जाता है। आईपीएस बनने के लिए क्या-क्या करना जरुरी है। पुलिस की वर्दी में लगे सितारे किस बात के परिचायक हैं।

## अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में 64 बंदी चिन्हित



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** अंडर ट्रायल रिव्यू कमिटी की बैठक पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठक में 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में अंडर ट्राइब रिव्यू कमेटी की पहली बैठक चार अक्टूबर को हुआ था। वही दूसरी बैठक 11 अक्टूबर बुधवार का वर्चुअल मोड में हुई। जिसमें अब तक कुल 64 बन्दियों को चिन्हित किया गया हैं। जिनमें जमानत के लिए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 13 कैटेगरी में बन्दियों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान नालसा के द्वारा स्पेशल यूटीआरसी कैंपेन के नाम से पूरे भारत में चलाया जा रहा है। इस अभियान से अंडर ट्रायल बन्दियों को जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में पलामू के प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव,उपायुक्त , शशि रंजन ,पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन, जेल अधीक्षक व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव बैठक में उपस्थित थे।

## डीडीसी ने राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण



राष्ट्रीय खबर

**दुमका:** उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को दुमका राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में रिफाइड सिस्टम, पुस्तकों की टैगिंग, सदस्यता राशि के संधारण, इन्टरनेट की सुविधा आदि की जानकारी पुस्तकालयाध्यक्ष से प्राप्त की गई। पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संवाद किया गया,जिसमें छात्रों द्वारा अतिरिक्त कर्सी,लाईट,बाथरूम की साफ-सफाई, पेयजल की सुविधा के संबंध में आग्रह किया गया। उक्त के आलोक में उप विकास आयुक्त महोदय द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष को वाटर फिल्टर की मरम्मति कराने, अतिरिक्त कुर्सी का प्रबंध करने,पर्याप्त लाईट की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया। पुस्तकालय में उपलब्ध राशि का उपयोग छात्रों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा प्रदान करने हेतु निदेशित किया गया । पुस्तकालय से निर्गत होने वाले पुस्तकों के सम्यक संधारण एवं निर्गत पुस्तकों की वापसी सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। सभी पुस्तकों का शीघ्र रिफाइड सिस्टम से टैगिंग करने एवं ई-ग्रन्थालय पर अपलोड कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधीक्षक, दुमका, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, दुमका पुस्तकालयाध्यक्ष एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## मत्स्य पालन की दिशा में कार्य योजना बनायें: उपायुक्त



राष्ट्रीय खबर

**पलामू:** उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिला पशुपालन पदाधिकारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी,डिस्टिक हॉर्टिकल्चर ऑफीसर व जेएसएलपीएस के डीपीएम संग बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर समीक्षा की।सर्वप्रथम उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा किये जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मत्स्य पदाधिकारी को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए हरिहरगंज में मत्स्य पालन को आजीविका के रूप में बढ़ावा दिया जा सके इस दिशा में काम करने की बात कही। उपायुक्त ने जेएसएलपीएस के पूरी मशीनरी को हरिहरगंज में सक्रिय रखने पर बल दिया।उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से तालाबों की संख्या,मछली उत्पादन का लक्ष्य,सप्लाई सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली।उन्होंने बीज वितरण,केज कल्चर,पोर्टेबल हैचरी,एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने सदस्य पदाधिकारी को जिले में बायोफ्लॉक तकनीक को बढ़ावा देने व इसके मदद से अधिकाधिक मछली का उत्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर से उनके द्वारा जिले में किये जा रहे कार्यों की जानकरी ली।उन्होंने हॉर्टिकल्चर ऑफिसर को जेएसएलपीएस के डीपीएम के साथ बेहतर समन्वय बनाते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। डीसी ने जिले में हार्टिकल्चर को लेकर किसानों को जागरूक करने की भी बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की प्रगति के क्रम में आवश्यक करने के निर्देश दिये।मौके पर उपरोक्त विभागों के पदाधिकारी समेत प्रशिक्षु आईएएस उपस्थित थे।

## जल्द करें मांग को पूरा नहीं तो होगा आंदोलन

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा पाकुड़ इकाई के ए एन एम, पारा चिकित्सक पारा अनुबंध कर्मियों को सातवें वेतनमान के विरुद्ध 15% तथा अस्थाई कर्मचारियों का एसीपी ेस्त्र एवं सेवा संपुस्ट के संबंध में शल्य चिकित्सा असैनिक रासायनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को ज्ञापन लिखकर जल्द से जल्द मांग पूरा करने की को कहा है ।पत्र में कहा गया है की झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पत्र 22 अगस्त के5 आलोक में उपरोक्त विषय की मांग पर सोप गई थी। परंतु अब तक उपरोक्त मांगों पर विचार विमर्श नहीं किया गया एवं टाल मटोल की नीति अपनाई गई है। पत्र में कहा गया है की सरकार की उपसचिव झारखंड सरकार के आदेश पत्रांक 109 /21 दिनांक दिनांक 8/5/23 के आलोक में एएनएम पारा चिकित्सा अनुबंध कर्मियों के सातवें वेतनमान के विरुद्ध 15% भुगतान की स्वीकृति की गई थी । जो कई जिलों में लागू कर दी गई है। किंतु पाकुड़ जिलों में अब तक इसे ठंडे बस्ते में रखकर कर्मचारियों के साथ हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । साथ ही संघ को प्रतिलिपि भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। अतः संघ एक बार पुनः मांग करता है की पत्रांक 11 / 22 अगस्त के आलोक में जल्द से जल्द मांगों पर कार्रवाई की जाए। अन्यथा संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा । इसकी जानकारी जिला अध्यक्ष झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ पाकुड़ ने दी।

**कार्यक्रम** डाकिया योजना के अंतर्गत

## समय पर अनाज नहीं मिलने पर अनशन सह विरोध प्रदर्शन

- विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे
- डीलरों की मनमानी के कारण प्रत्येक महीना चावल वितरण नहीं किया जाता है



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय के डाक बंगला परिसर में हिल एसेंबली पहाड़िया महासभा महेशपुर इकाई का एकदिवसीय अनशन सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन नारायण पहाड़िया के नेतृत्व में किया गया। अनशन सह विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में आदिम जनजाति के सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे। अनशन सह बिरोध प्रदर्शन में डाकिया योजना के तहत सही समय पर राशन वितरण नहीं करने तथा बीते अगस्त माह का चावल नहीं देने के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान राशन कार्ड ऑनलाइन करने के बाद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नाम पर पहाड़िया लोगों से 500 से 1000 रुपये तक की वसूली करने, बिरसा आवास स्वीकृत करने के नाम पर पहाड़िया जाती के लोगों से पदाधिकारीयों के द्वारा 10 हजार रुपये की मांग करने, पशु स्वीकृति के नाम पर 10 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। नारायण पहाड़िया ने बताया की डाकिया योजना के तहत मिलने वाले चावल प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के मनमानी के कारण उन लोगों के बीच वितरण नहीं किया गया है। जिस कारण आज पूरे पहाड़िया समाज में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बताया कि डाकिया योजना के तहत उन लोगों के घर पर 35 किलोग्राम करके चावल पहुंचाने का नियम है। परंतु नियम के विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं डीलरों की मनमानी के कारण प्रत्येक महीना चावल वितरण नहीं किया जाता है। जिस कारण पहाड़िया समाज को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अनशन सह बिरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में झारखंड सरकार हाय- हाय, हेमंत सोरेन हाय-हाय, हेमंत सोरेन मुदार्बाद के नारे लगाते हुए अपने मांगों के समर्थन में बीडीओ के नाम मांग पत्र बीडीओ की अनुपस्थिति में बीपीआरओ को सौपा। मांग पत्र की प्रतिलिपी झारखंड सरकार रांची, उपायुक्त पाकुड़ एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी के प्रेषित की गई है। मांग पत्र में पहाड़िया समुदाय के लोगों के बीच यथाशीघ्र अगस्त माह का चावल वितरण करने, डाकिया योजना के तहत घर-घर चावल पंहुचाने, प्रत्येक महीना चावल देने, पहाड़िया गांव में लगाए गए पानी टंकी मरम्मती करवाने से संबंधित मांगे शामिल है। अनशन सह बिरोध प्रदर्शन में सोनिया देहरी, तालाबति पहाड़िन, संदीप कुमार देहरी, नीलकांत देहरी, शंकर पहाड़िया, सुहानी पहाड़िन, वूनदासी देवी, तेरेसा पहाड़िन, गीता देवी समेत सैकड़ों पहाड़िया समाज के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### विधायक ने चौक का किया नया नामकरण



**पांकी:** पांकी प्रखंड के जरही चौक का नाम अब महावीर चौक के नाम से जाना जाएगा उक्त बातें पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता ने मंगलवार को जरही चौक के समीप निमार्णाधीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में स्वागत कार्यक्रम में कहीं, विधायक के आगमन पर हनुमान मंदिर निर्माण समिति के लोगों ने विधायक को भगवान श्री राम की प्रतिमा प्रदान करते हुए भव्य स्वागत किया इस दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि उक्त चौक पर हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य प्रारंभ होने से चौक को एक नई पहचान मिलेगी व चौक हनुमान महावीर चौक के नाम से जाना जाएगा, जो प्रखंड वासियों के लिए बड़े ही गौरव की बात होगी। इस दौरान मौके पर हनुमान मंदिर निर्माण समिति के सभी लोगों समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने चलाया पोल खोल अभियान



**पलामू :** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया लक्ष्य 2024 को लेकर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ पोल खोल हल्ला बोल अभियान पलामू जिला के पांकी प्रखंड में किया गया। पांकी प्रखंड में अध्यक्षता आफताब आलम संचालक एजाज खान ने किया। सभा में संबोधित करते हुए बिट्टू पाठक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार सभी मोर्चे पर लगातार फैल रही चाहे वह सुरक्षा की बात हो चाहे रोजगार की बात हो। मोदी सरकार जो वादा किया था वह पूरा करने में नाकाम साबित हुआ है केंद्र की मोदी सरकार ने वादा किया था कि प्रत्येक वर्ष नौजवान भाइयों को रोजगार देंगे भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे महंगाई कम करेंगे महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करेंगे किसानों को की आय दुगुनी करेंगे लेकिन आज तमाम लोगों को अपने दिल पर हाथ रखकर सोचने की जरूरत है की जो रोजगार का वादा किया गया था क्या वह दो करोड़ रोजगार युवाओं को मिला जो बात सुरक्षा का किया गया था क्या आज देश में महिलाएं सुरक्षित हैं किसानों का हाल उसे अलग नहीं है किसाने की आए दुगनी तो हुई नहीं लेकिन खाद बीज दवा आदि की दाम बेतहसा बढ़ गई। विधानसभा प्रभारी अरविंद कुमार तूफानी ने अपने बात रखते हुए कहा की ग्रामीण परिवेश में पैसा का रीड कहे जाने वाले मनरेगा योजना जो गरीब लोगो को पांच और दो हजार का नोट दिखाया आज उसी योजना ने केंद्र की मोदी सरकार ने बजट कम कर लोगो को ठगने का काम किया है। प्रखंड प्रभारी तारकेश्वर पासवान ने कहा कि आज देश में बढ़ती महंगाई ने लोगो का जीना मुहाल कर दिया है आज रसोई घर से दाल सब्जी गायब कर दिया है। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू शैलेश मेहता पूर्व प्रमुख उर्मिला देवी मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह विपिन सिंह अब्दुल हसन अजबुल हुसैन साजिद फिरोज गुड्डू आलम अभय पांडे अंशु पांडे अभय पांडे राजेंद्र गुप्ता सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### डालसा ने लगाया जागरूकता शिविर



**पलामू :** डालसा के द्वारा 100 दिनी जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन। मेदिनीनगर,पलामू जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा के टीम पाटन प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के छत्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया ।साथ ही जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त आशय की जानकारी पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि तस्करी ,दुर्व्यवहार ,बाल श्रम ,बाल विवाह, पोक्सो आदि का शिकार होने से कैसे बचें के बारे में जानकारी दी गई। बाल संरक्षण योजना से जुड़ने पर भी जानकारी दी गई ।साथ ही महिलाओं को सशक्त बनने की दिशा में जागरूक किया गया ।घरेलू तथा यौन अपराधों से बचाने व उचित मामले में पीड़ित प्रतिकर कैसे प्राप्त करे के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा सरकार के विभिन्न कल्याण कल्याणकारी योजनाएं दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक,ट्रांसजेंडर,एसटी, एससी के अधिकारों की भी जानकारी दी गई। मौके पर पी एल भी रविन्द्र कुमार सिंह छत्राओं के साथ प्रभात फेरी में शामिल थे।

### मनरेगा गड़बड़ी के पांच आरोपियों को मिली जमानत



**पलामू :** जिले के पाटन प्रखंड अंतर्गत मनरेगा में हुई भारी गड़बड़ी को लेकर चर्चित मुकदमा में पांच अभियुक्तों को झारखंड उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी है। अभियुक्तों कि ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने बताया कि मनरेगा में पलामू के तत्कालीन उपायुक्त ए डौडे ने पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत में मनरेगा के पशु शेड निर्माण में भारी गड़बड़ी को लेकर कर्मियों को बर्खास्त कर दिया गया था और मुखिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी को सहित लगभग 7 लोगों पर पाटन थाना कांड संख्या-104/22 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें माननीय उच्च न्यायालय में पांच अभियुक्तों ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी जिस पर अदालत में सभी को जमानत दे दी है मालूम हो कि इस मनरेगा में भारी गड़बड़ी को लेकर पलामू में काफी चर्चा हुआ था जिसमें मनरेगा के बीपीओ, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, एई, जेई, प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया पर प्राथमिकी दर्ज हुआ था जिसको लेकर पलामू में राजनीतिक पारा भी गरम हुआ था ।

### मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के तहत हो रहे कार्यो की समीक्षा की। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ उपायुक्त ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। उपायुक्त ने बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 के तहत हो रहे घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर, करेक्शन स्लिप एवं डेथ केस, पुअर इमेज, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो, रजिस्टर के माध्यम से मतदाताओं की विवरणी को शुद्धिकरण आदि कार्यो की समीक्षा की।

## शहर >> अपडेट

### प्रदीप कुमार दुबे ने की आत्महत्या

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत स्थित न्यू बस पड़ाव के निकट एक भाड़े के मकान में रहने वाले प्रदीप कुमार दुबे(42 वर्ष) ने बुधवार को अपने किराए के मकान में प्लास्टिक रस्सी के सहारे पंखा से झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पेटरवार पुलिस ने पंखे से लटकते हुए शव को नीचे उतारा और उसका पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया है। यह घटना बुधवार को दिन के 10 बजे के बाद की बताई जाती है। मृतक युवक मूलरूप से डाल्टेनगंज जिला के खामी गांव का निवासी था।उस वक्त उसकी पत्नी अपने मौसी से मिलने रामगढ गयी थी जबकि पुत्री खुशी कुमारी इंटर में पढ़ाई करती थी। जो शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्लस टू उच्च विद्यालय पेटरवार गयी थी। फांसी लगाकर आत्महत्या करने के पीछे कारण क्या था ज्ञात नही हो पाया है।

## सिटी अपडेट्स >>

### युवती ने जहर की आत्महत्या

**कोडरमा :** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गुमो की युवती ने प्रेम प्रसंग में धोखा खाने के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मामले को लेकर लड़की के पिता ने तिलैया थाना में आवेदन दिया है। परिजनों के अनुसार उनकी लड़की को गुमो तिवारी मुहल्ला के पवन तिवारी (30 वर्ष, पिता नकुल तिवारी) ने प्रेम जाल में फंसाया। वह पिछले दो वर्षों से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करता रहा। परिजनों को इसकी भनक लगने के बाद लड़की की शादी की तैयारी में जुट गए। इधर उक्त नाबालिग युवती के प्रेमी को जब इस बात की जानकारी हुई तो उसे शादी का झांसा देकर भागकर रांची और फिर गया ले गया। परिजनों द्वारा खोजबीन की सूचना प्रेमी को हुई तो वह युवती को कोडरमा स्टेशन पर छोड़कर फरार हो गया। बाद में परिजनों द्वारा युवती को स्टेशन से बरामद कर घर ले जाया गया। लेकिन तब तक युवती को एहसास हो चुका था कि उसके प्रेमी ने उसके साथ धोखा किया है। घर आने के बाद उसने किसी बहाने से बाथरूम में जाकर सल्फास की गोली खा ली। परिजनों को इसकी भनक लगते ही सदर अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। परन्तु वहां युवती ने परिजनों के समक्ष प्रेमी द्वारा धोखे दिए जाने की बात कहकर दम तोड़ दिया। अब मामले में पुलिस आगे की कार्यवायी में जुटी है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जल की गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण आयोजित

मरकच्चो :प्रखंड के नावाडीह1 पंचायत सचिवालय में बुधवार को नावाडीह एक के जल सहिया व सहिया के लिए जल जीवन मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। जल की गुणवता जाँच से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया ने सभी जल सहिया को जल की गुणवता जाँच करने हेतु टेस्ट कीट दिए गये। साथ ही उन्होंने कहा कि आज दूषित जल के सेवन से कई बीमारियां हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने - अपने पेयजल श्रोत की जाँच करवा कर जल का सेवन करेंगे तो कई बीमारियों से निजात पा सकेंगें। मौके पर सहिया सोनिया साहा, अष्टी देवी, कलावती देवी, जल सहिया पिंकी देवी, कंचन देवी, करिश्मा देवी, गीता देवी, जैनब खातून टेक्निकल मैनेजर पंकज कुमार, पवन यादव, अरुण राणा मौजूद थे।

**बैठक** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़का गांव कांग्रेस प्रखंड कमेटी ने की बैठक

# कार्यकर्ता व अभिकर्ता खेमेबाजी से बचें: यादव

- 2024 की लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे
- संगठन किसी की जागीर नहीं



राष्ट्रीय खबर

**बड़कागांव:** बड़कागांव लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस प्रदेश कमेटी के निर्देशन में बड़कागांव झारखंड महाविद्यालय के प्रांगण में बड़कागांव कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सह प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने की। बैठक शुरू होते ही उपस्थित पंचायत एवं प्रखंड स्तर के कार्यकताओं से बारी-बारी राय ली गई। कई कार्यकताओं द्वारा उपेक्षा करने का शिकायत दर्ज किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि हजारीबाग कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि जिस क्षेत्र में सांसद एवं विधायक होते हैं वहां कार्यकर्ता एवं अभिकर्ता दो खेमे में बट जाते हैं। कार्यकर्ता वे हैं जो पार्टी के लिए निष्ठावान होते हैं एवं अभिकर्ता अवसरवादी। लेकिन वरिष्ठ लोगों का कर्तव्य है कि दोनों को बीच समन्वय बनाकर रखें। 2024 लोकसभा चुनाव सामने है और इसके लिए पूरे देश में तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में हजारीबाग का भी संगठन के लिए सभी प्रखंडों में कार्यक्रम चल रही है। उन्होंने कहा कि योगेंद्र साव का दूसरा नाम संघर्ष है। काफी दिनों तक संघर्ष करने के बाद बड़कागांव विधानसभा में आजादी के बाद यहां कांग्रेस पार्टी जीत दर्ज की है।

संगठन किसी का पैकेट का वस्तु नहीं है। इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि मेरा पूरा परिवार बड़कागांव विधानसभा के लिए ऋणी है। मुझे पता है कि क्षेत्र में कंपनी में नौकरी, मुआवजा एवं विस्थापन को लेकर काफी नाराजगी है और यह होना भी स्वाभाविक है। क्योंकि जिस आशा और विश्वास के साथ मेरे परिवार को आशीर्वाद मिल रही है उनके हक एवं अधिकार दिलाना कर्तव्य बनता है।

उन्होंने कहा कि निजी लाभ के साथ-साथ लोगों को गांव मोहल्ले में सामूहिक योजना का मार्गदर्शन किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि परिवार एवं संगठन में मनभेद होती है लेकिन मतभेद नहीं। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन युवा कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हुसैन उर्फ.बाबर ने की।

बैठक में जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, बड़कागांव प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, जमाल सगीर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार, चंदर साव, कुलेश्वर राम, मोहम्मद शमशेर, छोटे खान, गिरेंद्र कुमार वीरेंद्र कुमार विमल, पदुम साव, आनंद कुमार, त्रिलोकी साव, सुरेश चौधरी, गिरधारी प्रजापति, श्याम सुंदर तिवारी, जमाल सगीर, चंद्रदेव राम, संतोष राणा, रमेश सिंह भोक्ता, महादेव हांसदा, विजय पासवान, कामेश्वर सिंह, अजय पासवान, श्याम भार्गव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लेहरदगा की बेटी उतरी राजनिती के मैदान में

## यंगिता उरावं कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत



राष्ट्रीय खबर

**लोहरदगा:** कुडू प्रखंड क्षेत्र के जिंगी गांव निवासी श्रीमती संगीता उरांव को लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिन्हें अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती गुंजन सिंह जी के द्वारा संगीता उरांव को लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इनको कांग्रेस कमेटी लोहरदगा जिला महिला कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने से कांग्रेस पार्टी लोहरदगा में और मजबूत होगी। संगीता उरांव को महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कई लोगो ने बधाई दी। बधाई देने वालो में विनोद उरांव, मोहम्मद अबू रेहान, राजकुमार उराँव, रीता रानी, महावीर उरांव, कमरुल इस्लाम, सुष्मिता उरांव, रोशनी टोप्पो, शनिवारों उरांव, पुनीता उरांव, सुशीला देवी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत डाक में मनाया फिलाटेली दिवस



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग देशभर में राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। आज 11 अक्टूबर फिलाटेलि दिवस के रूप में मनाया गया। लोगों को डाक टिकट संग्रह के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से पूरे हजारीबाग डाक प्रमंडल में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज विवेकानंद विद्यालय में विद्यार्थियों को डाक टिकट संग्रह के महत्व को बताने और टिकट संग्रह के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में आदित्य स्वर्णालता को प्रथम पुरस्कार, शिल्पी वर्मा को द्वितीय पुरस्कार तथा राजरानी पॉल एवं सुजल राज को तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डाक विभाग के सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान, डाक निरीक्षक ऋषिकांत सिंह, रविशंकर प्रसाद, पीताम्बर महतो, शमीम अहमद, राजीव कश्यप, विक्रम सिंह उपस्थित थे। विवेकानंद विद्यालय की प्राचार्या मौसमी मैती द्वारा डाक विभाग के इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना की तथा डाक विभाग के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## पानी टंकी निर्माण का हुआ शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखार पंचायत के ग्राम लहरियाटांड़ में सढ़े चार लाख लीटर क्षमता जलमीनार का निर्माण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा कराया जा रहा है जिसका भूमि पूजन खरखार मुखिया अंजू कुमारी ने बुधवार को पूजा अर्चना कर की। मौके पर मुखिया अंजू कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नल जल योजना के अंतर्गत युक्त जल मीनार का निर्माण किया जायगा। उन्होंने बताया कि यह योजना 2 वर्षो में पूर्ण कर पानी सप्लाई होना चालू हो जाएगा। बता दें कि युक्त जलमीनार से पानी पाइप लाइन के जरिए खरखार, नवलशाही, पहाड़पुर, लहरियाटांड, रतनपुर, पैसरा, उपरबाद आदि गांव के निवासियों को नल से जल मिलेगा। मौके पर पेयजल स्वच्छता विभाग के कर्मचारी एवं मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव, अर्जुन यादव, उमेश शर्मा, मुन्नी देवी,रंजीत यादव, ब्रह्मादेव यादव, विजय शर्मा, राजेंद्र यादव, अरुण शर्मा, राजेश राणा रिंकू देवी, माला देवी, कुंती देवी यदि अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायक ने आश्रितों को दिया मुआवजा



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार अंचल अधिकारी के कार्यालय कक्ष में बुधवार को सर्पदंश ओर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के सात लाभुकों के बीच गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आपदा प्रबंधन के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इसमें सर्पदंश के शिकार हुए तीन ओर सड़क दुर्घटना में मारे गए चार व्यक्ति शामिल है। विधायक ने सर्पदंश के शिकार हुए व्यक्तियों के तीन आश्रितों को चार- चार लाख ओर सड़क दुर्घटना में मृत हुए चार लोगों के आश्रितों को एक-एक लाख रुपये का स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

**विवाद** विवादित जमीन पर असर्फी कैंसर संस्थान हो रहा संचालित

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर लगाया रोक

राष्ट्रीय खबर



**कतरास :** रंगुनी मौजा में विवादित 85 एकड़ जमीन में से 11.92 एकड़ पर संचालित असर्फी कैंसर संस्थान में विवाद को लेकर प्रेस वार्ता किया गया।सीईओ हरेंद्र सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में न्यायमूर्ति अभय एस ओका एवं पंकज मिथल की खंडपीठ ने विगत 9 अक्टूबर को उपर्युक्त विषय पर सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुनाते हुए सभी पक्षकारो को नोटिस भेजते हुए एक्सेक्यूशन सहित इस मामले में हाई कोर्ट, रांची सहित अभी तक पारित सभी अदालतों के निर्णयों पर रोक लगा दिया है।बहस के क्रम में झारखण्ड सरकार के अधिवक्ता राजीव द्विवेदी ने जोरदार बहस किया तथा झारखण्ड सरकार ने पुरे 85 एकड़ पर अपना दावा किया है।अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया की सरकारी जमीन के विवाद में निचली अदालत में सुनवाई के दौरान झारखण्ड सरकार को पक्षकार नहीं बनाया गया था। सरकार द्वारा 11.92 एकड़ आवंटन मिलने के बाद असर्फी हॉस्पिटल ने कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कर दिया।इसकी सूचना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद रंगुनी में ग्रामीणों के बीच हर्ष का माहौल है।साथ ही धनबाद और आसपास के कैंसर के मरीजों के लिए यह एक राहत की बात है।क्योंकि अब कैंसर के इलाज में होने वाली बाधाएं समाप्त हो गईं हैं।विदित हो की असर्फी कैंसर संस्थान में कैंसर के मरीजों का ईलाज अप्रैल से ही शुरू कर दिया गया है।मरीजों का रेडिएशन थेरेपी के अलावा सभी प्रकार का ईलाज चल रहा है।रेडिएशन के लिए आयातित मशीने लीनियर एक्सेलेटर एवं पेट सिटी का भी लगाया जा चूका है।।जहाँ कैंसर से सम्बंधित सभी ईलाज संभव है।इस हॉस्पिटल के होने से धनबाद एवं आसपास के लगभग 2 करोड़ लोगों के लाभान्वित होने की संभावना है। ववाद में महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि दत्ता परिवार और पॉल परिवार के बीच इस जमीन का विवाद जमींदारी उन्मूलन के पहले चल रहा था।परन्तु नियमों के अनुरूप वर्ष 1956 में जमींदारी उन्मूलन के बाद यह पूरी जमीन झारखण्ड सरकार की सम्पति बन गई। यह बात जानते हुए भी दत्ता परिवार ने सहारा इंडिया को पूरा 85 एकड़ जमीन बेच दिया। लोगों के हित को ध्यान रख कर भावेश कोमोट्रेड ने आम इस्तेहार भी हाल ही में प्रकाशित करवाया था।अभी इस जमीन के लिए तीन-तीन टाइटल सूट जिसका नंबर 76/2006, 92/2010 और 210/2015 चल रहा है,जो लंबित है। सरकार के सही समय पर कदम उठाने के कारण फर्जी कागजातों के आधार पर अदालतों की आँखों में धूल झोंककर मूल्यवान सरकारी जमीन के लूट पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ब्रेक लग गया है।अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले के मूल तक जायेगा तथा दूध का दूध और पानी का पानी करते हुए न्याय सुनिश्चित करने का काम करेगा।

## न्यूज फटाफट

### आयुष कैम्प में कई मरीजों का हुआ इलाज



**जयनगर :** प्रखंड के राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय के प्रभारी डॉक्टर संदीप कुमार ने आयुष ग्राम ईरगोबाद में आयुष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया मरियम खातून खातून एवं आयुष प्रक्षेत्र के चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र, डॉक्टर तौशिक, डॉक्टर मतलुब आलम, डॉक्टर सुनील के द्वारा इलाज किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहिया मंजू देवी, सीमा देवी शामिल थे। डॉक्टर संदीप कुमार ने बताया कि कल 110 मरीज का इलाज एवं नि:शुल्क दवा वितरण किया साथ ही मलेरिया की जांच किया गया। कैंप में बुखार, गठिया, बीपी, बवासीर, शुगर, स्त्री रोग, सरदर्द सहित कई बीमारियों का इलाज किया।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का प्रशिक्षण संपन्न



**कोडरमा :**प्राथमिक विद्यालय सियारीटांड़ में विद्यालय प्रबंधन समिति का दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के 16 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण में पहले दिन मॉड्यूल के आधार पर और दूसरे दिन प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण कराया गया।प्रशिक्षण के दौरान सदस्यों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षक अर्जुन यादव ने विस्तृत रूप से जानकारी देते उनके कार्यो और दायित्व के बारे में बताया। प्रशिक्षण के के बाद प्रबंधन समिति के सदस्यों के समक्ष झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूल बैग का वितरण बच्चों के बीच किया गया। इस प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुखदेव सिंह,उपाध्यक्ष रेखा देवी,संयोजिका लक्ष्मी देवी, पुष्पा देवी,बीरेंद्र राणा,गुड़िया देवी,रानी सिंह, देवंती देवी,लालमती देवी,संगीता देवी,रिंकी देवी,इंदु देवी,सुजीत कुमारी के अलावा विद्यालय के सहायक अध्यापक सुभाष यादव मौजूद थे।

### फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया

**मरकच्चो :** नवलशाही पुलिस ने मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेला निवासी फरार नामजद अभियुक्त मोहम्मद साजिद अंसारी पिता डुमर अली को पुलिस के समक्ष हाजिर करने को लेकर उसके घर पर नवलशाही पुलिस ने बुधवार को ग्रामीणों व परिजनों के समक्ष ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी के विरुद्ध नवलशाही थाना कांड संख्या 47/23 धारा 366 ए भादवि दर्ज हैं। मौके पर एसआई रंजीत कुमार, एएसआई सिप्रआनुस तिर्की, चौकीदार समसुद्दीन मियां, मनोज पासवान आदि समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे ।

### आंगनबाड़ी केंद्र में बालिका दिवस मनाया

**मरकच्चो :** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पंचायत नावाडीह1 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 59 में स्थानीय मुखिया बैजन्ती देवी के उपस्थिति में सेविका नवीना देवी ने केक काट कर बालिका दिवस धूमधाम से मनाया। स्थानीय मुखिया में कहा कि समाज में समानता लाने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरूआत की थी। समाज के निर्माण में महिलाओं का समान योगदान है। आंगनबाड़ी सेविका ने 11 अक्टूबर को अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नई बालिका का आगमन आंगनवाडी केन्द्र में तिलक लगाकर प्रवेश कराई। मौके पर स्थानीय मुखिया बैजन्ती देवी,आंगनवाडी सेविका नवीना देवी, अनिता देवी सहायिका ममता वर्मा, सहिया सोनिया साहा, नेहा कुमारी मौजूद थे।

### खटाल और गोबर को हटाने का दिया निर्देश

**मरकच्चो :** मरकच्चो का साप्ताहिक जर्जर हाट बाजार का कायाकल्प जिला परिषद के द्वारा कराया गया। जिला परिषद विभाग से शेड, फाइबर ब्लॉक बनने से काफी खूब सूरत कर दिया गया है लेकिन बाजार परिसर में घरों का गंदा पानी का निकासी करने, बाजार परिसर में खटाल रहने से गोबर मल मूत्र से बाजार परिसर में दूषित गन्दे जल का जमाव होने से अगल बगल रहने वाले ग्रामीणों व साप्ताहिक हाट आने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के द्वार एक सप्ताह पूर्व उपायुक्त कोडरमा को भी एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौपा गया था। कुछ दबंग किस्म के लोग किसी की नही सुनते हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर बुधवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी पप्पु रज्जक, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता ने संयुक्त रूप से मरकच्चो साप्ताहिक हाट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खटाल मालिक राजकुमार यादव से खटाल व गोबर को दो दिनों के अंदर हटा लेने को कहा। ठेकेदार को पानी जमे स्थल व गोबर हटाये जाने वाले जगह को बाजार में कराए गए ईंट का सोलिंग करने को कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी के अलावे उप मुखिया प्रदीप राम, प्रवीण चंद्र गुप्त, सुजीत वर्मा, अजय कुमार मोदी, शमसाद आलम,शाहिद महमूद, राहुल यादव, मुरारी कुमार आदि उपस्थित थे।

### जर्जर तार को किया गया दुरुस्त

**सतगावां :** प्रखंड बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में बासोडीह, समलडीह, बरियारडीह रामडीह, राउतडीह कलीडीह आदि क्षेत्रों में दुर्गा पूजा को लेकर पूजा समिति एवं क्षेत्र के लोगों के द्वारा झूलते हुए जर्जर बिजली तार को लेकर शिकायत की गई थी। बिजली विभाग के एसडीई सुजीत कुमार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के बिजली मिस्त्री कुंजलेश कुमार एवं मेंटेनेंस मिस्त्री ने बाजार में झूम रहे बिजली तारों को दुरुस्त किया। कई स्थानों बिजली के तार जर्जर हो गया है वैसे तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से खराब स्ट्रीट लाइट को बदलने की मांग की है।

### पाक कला प्रतियोगिता आयोजित

**बेरमो :** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य शैक्षिक गतिविधियों एवं कार्य कुशलता को बढ़ाने हेतु भोजन एवं पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा नवम एवं दशम तक की बहनों के बीच पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। चॉकलेट, किसी ने पाव भाजी,केक सलाद,छोला चाट,गुपचुप, पूरी सब्जी खीर, चिल्ली, पनीर, आइसक्रीम, पावभाजी, सैंडविच, आलू चोप, पनीर चौप एवं अन्य प्रकार के लजीज व्यंजनों को बहनों के द्वारा बनाया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली बहनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विद्यालय के सचिव धीरज कुमार पांडे ने कहा की पाक कला में निपुण होना एक और गुण का विकास होना है। प्रधानाचार्य इंद्रावती मिश्रा ने कहा की बच्चों समेत अन्य लोगों के लिए पाक कला का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इसके कई फायदे भी हैं। इस प्रतियोगिता में लगभग 120 बहनों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएआचार्य जी एवं दीदी जी प्रियंका कुमारी, विभा सिंह, ह्रषिकेश तिवारी, संजू ठाकुर एवं परीक्षा प्रमुख कुमार गौरव विशेष रूप से उपस्थित थे।इस मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य जी दीदी जी एवं बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### सिंधु ओकुहारा को हराकर आर्कटिक ओपन के अगले राउंड में पहुंची



**वांटा :** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने आर्कटिक ओपन 2023 महिला एकल स्पर्धा के पहले दौर में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गयी है। सिंधु ने फिनलैंड के वांटा में एनर्जिया एरिना 3 के कोर्ट पर मंगलवार को खेले गये बीडब्ल्युएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबले में जापान की ओकुहारा को 21-13, 21-6 से शिकस्त दी। सिंधु आर्कटिक ओपन बैडमिंटन 2023 के महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में ओकुहारा को हराकर अगले राउंड में पहुंच गई है। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार शुरुआत की और ब्रेक तक 11-6 के स्कोर के साथ 5 अंकों की बढ़त हासिल कर ली। ब्रेक के बाद भी पीवी सिंधु ने गेम पर अपना नियंत्रण बरकरार रखा और नोज़ोमी के ख़िलाफ़ कोर्ट पर अपना वर्चस्व कायम करते हुए पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में भी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शानदार लय जारी रखते हुए ब्रेक तक 8 अंक की बड़ी बढ़त के साथ अपनी जापानी प्रतिद्वंदी पर दबाव बनाए रखा और ओकुहारा को कोई मौका नहीं दिया तथा 21-6 से दूसरा गेम जीतकर मैच को अपने नाम किया। उल्लेखनीय है दोनों खिलाड़ियों के बीच यह 19वां मुक़ाबला था जिसमें जीतने के साथ ही भारतीय खिलाड़ी हेड-टू-हेड आंकड़ों में नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ10-9 से आगे हो गईं हैं। दोनों दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ियों के बीच विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में भी दो बार मुक़ाबला हुआ है जहां दोनों ने एक-एक बार जीत दर्ज की है। एक अन्य महिला एकल मैच में आकर्षी कशयप ने कड़े मुकाबले में बेल्जियम की लियान टैन को 18-21, 22-20, 21-18 से हराकर राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह बनाई। राउंड ऑफ 32 के अपने मैच में दुनिया की 40वें नंबर की बेल्जियम की शटलर के खिलाफ पहला गेम 18-21 से हारने के बाद बैडमिंटन रैंकिंग में 41वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कशयप ने शानदार वापसी करते हुए अगले दोनों गेम में जीत हासिल की।

### यूईएफए ने यूरो 2028 और 2032 के मेजबान की घोषणा की




**न्योन :** यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूईएफए) ने यूरो 2028 और 2032 के मेजबान संघों के नामों की घोषणा की है। स्विट्जरलैंड के न्योन में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में की गई घोषणा के अनुसार इंग्लैंड, उत्तरी आयरलैंड, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और वेल्स यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप यूरो 2028 की मेजबानी करेंगे जबकि 2032 संस्करण इटली और तुर्किये में आयोजित किया जाएगा। यूरो 2032 के लिए इटली और तुर्की फुटबॉल संघों ने सहमति के साथ टूर्नामेंट के लिए संयुक्त बोली प्रस्तुत की थी। यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफ़रिन ने कहा, ''मैं बोलीदाताओं और मेजबान संघों को बधाई देना चाहता हूं, जिनके समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को आज विधिवत मान्यता दी गई है। साथ मिलकर, हम इस महान टूर्नामेंट के अविस्मरणीय संस्करण बनाएंगे जो हमें एकजुट करेंगा और खेल भावना का जश्न मनाएंगे।''

उपलब्धि

आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में

# शतकवीर कोहली, डी कॉक और मलान ने आईसीसी रैंकिंग में लगायी छलांग

▶▶ सलामी बल्लेबाज को एक पायदान ऊपर उठा कर छठा स्थान दिलाया है

एजेंसियां



**दुबई :** आईसीसी एक दिवसीय क्रिकेट विश्व कप में शतकों की झड़ी ने बल्लेबाज रैंकिंग पर जबरदस्त प्रभाव डाला है। ताजा रैंकिंग में विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड मलान शीर्ष दस बल्लेबाजों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं। गौरतलब है कि भारत में खेले जा रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती आठ मैचों में दस शतक लग चुके हैं। श्रीलंका के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक के धमाकेदार शतक ने सलामी बल्लेबाज को एक पायदान ऊपर उठा कर छठा स्थान दिलाया है।

आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट विश्व कप के शुरुआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पलटने वाली 85 रनों की पारी के बाद भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने दो पायदान ऊपर चढ़ कर सातवां स्थान हासिल किया है वहीं बांग्लादेश के खिलाफ 140 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज मलान ने सात पायदान की छलांग लगायी है और अब वह आठवें स्थान पर है। मलान अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेंटिंग 711 पर काबिज हो चुके है और कोहली से मात्र चार अंक पीछे हैं जबकि पाकिस्तान के इमाम-उल-हक से छह अंक आगे निकल आये हैं। इमाम तीन स्थान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। भारत के कीपर-बल्लेबाज केएल राहुल 15 पायदान चढ़कर 19वें स्थान पर आ गये है जबकि दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला खिलाड़ी एडेन मार्कराम 11 स्थान ऊपर उठकर अब 21वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ 10 और नीदरलैंड के खिलाफ पांच रन बनाने वाले पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम फिलहाल वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर हैं जबकि शुभमन गिल बीमारी के कारण बाहर रहते हुए भी दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। शीर्ष गेंदबाजों ने भी क्रिकेट विश्व कप पर तत्काल प्रभाव डाला है। पिछली रैंकिग में मोहम्मद सिराज के साथ स्थान साझा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड अब आईसीसी पुरुष वनडे बॉलिग रैंकिग में शीर्ष स्थान पर हैं।

भारत के खिलाफ 3/38 विकेट लेने के बाद हेज़लवुड 669 से 682 रेटिंग अंक पर पहुंच गए, जिसमें रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर के शुरुआती विकेट भी शामिल थे। स्पिनर रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के दम पर भारत ने वह मैच छह विकेट से जीता था जिन्होने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी क्रम को तोड़ते हुए उन्हें 199 रनों तक सीमित करने में मदद की थी।

सिराज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क का आखिरी विकेट लिया और 6.3 ओवर में 1/26 रन बनाए, लेकिन गेंदबाजी रैंकिग में पांच अंक गिरकर दूसरे स्थान पर आ गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 रन पर दो विकेट लेने वाले कुलदीप तीन पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि जडेजा (3/28) 22 स्थान ऊपर चढ़े हैं, लेकिन अभी भी शीर्ष 40 गेंदबाजों से बाहर हैं। न्यूजीलैंड के तेज तर्रार ट्रेंट बोल्ट दो स्थान ऊपर चढ़ कर तीसरे स्थान पर आ गये है और मैट हेनरी चार स्थान ऊपर उठकर पांचवें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन आईसीसी पुरुष वनडे ऑलराउंडर में शीर्ष स्थान पर हैं। उन्होने विश्व कप के शुरुआती दो मैचों में चार विकेट लिये थे। मिचेल सेंटनर 2/37 के स्कोर के बाद शीर्ष 10 में ऊपर चढ़ने वाले एकमात्र ऑलराउंडर हैं।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम घोषित

एजेंसियां



**नई दिल्ली :** रांची में 27 अक्टूबर से पांच नवंबर के बीच खेली जाने वाली झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये भारतीय टीम की घोषणा बुधवार को कर दी गयी। टूर्नामेंट में भारत के अलावा जापान, चीन, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमे हिस्सा लेंगी। भारतीय महिला टीम ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। सविता टूर्नामेंट में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान की भूमिका में होंगी। भारत टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 27 अक्टूबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगा जिसके बाद 28 अक्टूबर को उसका मुकाबला मलेशिया से होगा। भारत अपने तीसरे गेम में सोमवार यानी 30 अक्टूबर को चीन से भिड़ेगा जबकि 31 अक्टूबर को जापान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेगा। भारत अपना अंतिम पूल मैच दो नवंबर को कोरिया के खिलाफ खेलेगा। टूर्नामेंट का सेमीफाइनल चार नवंबर को और फाइनल पांच नवंबर को खेला जाएगा। सविता और बिचु देवी खारीबाम को टीम में गोलकीपरों की सूची में शामिल हैं जबकि निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी और दीप ग्रेस एक्का रक्षा पंक्ति में तैनात होंगी। निशा, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, मोनिका, ज्योति और बलजीत कौर मिडफील्ड लाइन-अप में जबकि लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया को टीम में फॉरवर्ड का जिम्मा संभालेंगी। इस बीच शर्मिला देवी और वैष्णवी विट्ठल फाल्के भी बैकअप विकल्प के रूप में टीम के साथ मौजूद रहेंगी। टीम के मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, '' एक टीम के रूप में हमारी गति और निरंतर सुधार को जारी रखने के लिए यह एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।

## ग्वालियर में कल से शुरू होगी जूनियरों के बीच भिड़ंत



एजेंसियां

**नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश के ग्वालियर में गुरुवार से शुरू होने वाली पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप (जोन ए) में पांच टीमें हिस्सा लेंगी। मध्य प्रदेश महिला हॉकी अकादमी में शुरू होने वाली चैंपियनशिप में खालसा हॉकी अकादमी (अमृतसर), भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता, मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी, सैल्यूट हॉकी अकादमी और एचआईएम अकादमी के बीच मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता का फाइनल 19 अक्टूबर को होगा। जूनियर और सब जूनियर महिला दोनों वर्गों में ग्रुप चरण के पूरा होने के बाद शीर्ष दो टीमें 19 अक्टूबर को चैंपियनशिप शोडाउन में स्थान सुरक्षित करेंगी। इस बीच, पूल चरण में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें तीसरे/चौथे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। ग्रुप चरण में जीतने वाली टीम को तीन अंक मिलेंगे जबकि ड्रॉ पर प्रत्येक टीम को एक अंक मिलेगा। निर्धारित समय के अंत में टाई होने की स्थिति में, शूट-आउट से विजेता का फैसला किया जाएगा। जोन ए में रोमांचक मैचों के बाद जोन बी में हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर महिला अकादमी चैंपियनशिप होगी जिसमें शेष भारत की अकादमियां शामिल होंगी ।

## खेल जगत अपडेट्स »

### बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में इजरायल के शुरुआती मुकाबले स्थगित



**जेरूसलम :** बास्केटबॉल चैंपियंस लीग में अगले सप्ताह होने वाले इजरायली टीमों के शुरुआती मैच इजरायल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिए गए हैं। इंटरनेशनल बास्केटबॉल फेडरेशन (फीबा) और इजराइल बास्केटबॉल एसोसिएशन (आईबीबीए) ने मंगलवार को अलग-अलग बयानों में यह घोषणा की। फीबा के निर्णय में हापोएल जेरूसलम और एसएल बेनफिका के बीच ग्रुप जी का खेल शामिल है, जो शुरू में इज़राइल में 17 अक्टूबर के लिए निर्धारित था जबकि ग्रुप एफ में टेलीकॉम बॉन और हापोएल होलोन के बीच मैच जर्मनी में अगली शाम खेला जाना था। फीबा ने जारी बयान में कहा कि इजरायल में परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नई तारीखों की घोषणा की जायेगी। यह निर्णय आईबीबीए से विचार विमर्श के बाद लिया गया है। इस बीच यूरोपीय हैंडबॉल महासंघ के अनुसार महिला हैंडबॉल यूरो 2024 क्वालीफायर में इजराइल के दो शुरुआती मैच, बुधवार को स्लोवाकिया के खिलाफ और शनिवार को जर्मनी के खिलाफ भी स्थगित कर दिए गए है। इजराइल हैंडबॉल एसोसिएशन ने कहा कि इज़राइल में अधिकांश महिला और पुरुष टीमों के विदेशी खिलाड़ी सुरक्षा स्थिति के कारण देश छोड़ चुके हैं।

### पांच खेलों को शामिल किये जाने का प्रस्ताव आईओसी के सत्र में किया जायेगा पेश

**नयी दिल्ली :** एलए 28 आयोजन समिति द्वारा पांच वर्षों में लॉस एंजिल्स में ओलंपिक खेलों में पांच खेलों को शामिल करने के प्रस्ताव मंजूरी के लिए इसे रविवार से शुरु होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी (आईओसी) के सत्र में पेश किया जायेगा। पहले एलए28 आयोजन समिति का प्रस्ताव आईओसी के ओलंपिक कार्यक्रम कमीशन में प्रस्ताव पर चर्चा की जायेगी, फिर आईओसी कार्यकारी बोर्ड को एक सिफारिश जारी करेगा। अगर यह स्वीकार कर लिया जाता है, तो इसे मंजूरी के लिए आईओसी के मुंबई में 15 से 17 अक्टूबर को होने वाले 141वें सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा।

## 81 वर्ष के हुए अमिताभ बच्चन

जन्मदिन



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले महानायक अमिताभ बच्चन आज 81 वर्ष के हो गये। 11 अक्टूबर 1942 को इलाहाबाद में जन्मे अमिताभ बच्चन ने अपने करियर की शुरुआत कोलकत्ता में बतौर सुपरवाइजर की जहां उन्हें 800 रुपये मासिक वेतन मिला करता था।वर्ष 1968 में कलकत्ता की नौकरी छोड़ने के बाद मुंबई आ गये।बचपन से ही अमिताभ बच्चन का झुकाव अभिनय की ओर था और दिलीप कुमार से प्रभावित रहने के कारण वह उन्हीं की तरह अभिनेता बनना चाहते थे । वर्ष 1969 में अमिताभ बच्चन को पहली बार ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी में काम करने का मौका मिला। वर्ष 1971 में अमिताभ बच्चन को राजेश खन्ना के साथ फिल्म आनंद में काम करने का मौका मिला। राजेश खन्ना जैसे सुपरस्टार के रहते हुये भी अमिताभ बच्चन दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहे। इस फिल्म के लिये उन्हें सहायक अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार दिया गया । निर्माता प्रकाश मेहरा की फिल्म..जंजीर .. अमिताभ बच्चन के सिने करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। फिल्म की सफलता के बाद बतौर अभिनेता अमिताभ बच्चन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गये। वर्ष 1973 मे निर्माता -निर्देशक प्रकाश मेहरा अपनी जंजीर फिल्म के लिये अभिनेता की तलाश कर रहे थे। अभिनेता प्राण ने प्रकाश मेहरा को अमिताभ बच्चन का नाम सुझाया और उनकी फिल्म ..बांबे टू गोवा ..देखने की सलाह दी।फिल्म को देखकर प्रकाश मेहरा काफी प्रभावित हुये और उन्होंने अमिताभ बच्चन को बतौर अभिनेता चुन लिया ।जंजीर के निर्माण के दौरान एक दिलचस्प वाकया हुआ ..स्टूडियो में फिल्म की शूटिंग के दौरान राजकपूर भी अपनी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थे ।उसी दौरान ..राजकपूर ..ने अमिताभ की आवाज सुनी लेकिन तब तक वह नहीं जानते थे कि यह किसकी आवाज है .. उन्होंने कहा कि एक दिन इस दमदार आवाज का मालिक फिल्म इंडस्ट्री का बेताज बादशाह बनेगा। फिल्म जंजीर की सफलता के बाद अमिताभ बच्चन की गिनती अच्छे अभिनेता के रूप मे होने लगी और वह फिल्म उद्योग में ..एंग्री यंग मैन ..कहे जाने लगे। वर्ष 1975 मे यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म .दीवार.. ने अमिताभ बच्चन की पिछली सभी फिल्मों के रिकार्ड तोड़ दिये और शोले की सफलता के बाद तो उनके सामने सारे कलाकार फीके पड़ने लगे और अमिताभ बच्चन फिल्म इंडस्ट्री में सुपर स्टार के सिंहासन पर जा बैठे ।

## 'एनिमल' का पहला गाना हुआ मैं रिलीज



एजेंसियां

**मुंबईः** फिल्म 'एनिमल' का पहला गाना हुआ मैं रिलीज हो गया है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित एनिमल में रणबीर कपूर,अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकार प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म 'एनिमल' का पहला गाना हुआ मैं रिलीज कर दिया गया है।'हुआ मैं' एक रोमांटिक ट्रैक है। जिसमें रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की लव स्टोरी को दर्शाया गया है। इस गाने में रणबीर कपूर-रश्मिका मंदाना दुनिया से बेपरवाह हुए एक-दूसरे के साथ किस करते हुए नजर आ रहे हैं। हुआ मैं को राघव चैतन्य और प्रीतम ने गाया है। इस गाने को मनोज मुंतशिर शुक्ला को लिखा हैं। फिल्म एनिमल 01 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म एनिमल भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी की सिने1 स्टूडियोज़ और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्र्स द्वारा निर्मित है।

### राम का संग्राम में नजर आयेंगे राघव नैयर

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता राघव नैयर फिल्म राम का संग्राम में काम करते नजर आयेंगे। राघव नैयर की फिल्म ह्यराम का संग्राम की पूरी शूटिंग उत्तरप्रदेश की धर्मनगरी बनारस में हुई है। इस फिल्म में राघव नैयर का किरदार एक बेहद ही आक्रामक युवा का है जो कि अपने अधिकारों के लिए किसी से भी टकरा जाने की हिम्मत रखता है ।

## फिल्म 'छावा' के लिये विक्की कौशल ने 12 किलो वजन बढ़ाया

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म 'छावा' के लिये 12 किलो वजन बढ़ाया है। बताया जा रहा है कि ह्यफिल्म छावा की शूटिंग 14 अक्टूबर से शुरू हो जाएगी। विक्की इस फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे के रोल में नजर आएंगे। फिल्म छावा मराठा शूरवीरों की गाथा है। माना जाता है कि संभाजी राजे ने अपने समय में तकरीबन 210 युद्ध लड़े थे। इसकी शूटिंग शुरू करने से पहले ही विक्की कौशल तलवारबाजी और घुड़सवारी से लेकर ऑस्ट्रेलिया में खास ट्रेनिंग ले चुके हैं। फिल्म छावा के लिए विक्की कौशल ने 10 से 12 किलो वजन बढ़ाया है, जिससे वह संभाजी महाराज की लंबी चौड़ी कद काठी को मैच कर सकें।फिल्म के लिए विक्की ने फिजिकल हेल्थ पर काफी काम किया है।

## आमिर खान की अगली फिल्म होगी 'सितारे जमीन पर'

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान फिल्म सितारे जमीन पर में काम करते नजर आयेंगे। आमिर खान ने बताया है कि उनके अगले प्रोजेक्ट का नाम 'सितारे जमीन पर' है जिसकी थीम ह्यतारे जमीन परह्व से मिलता जुलता है। आमिर ने कहा, 'मैंने इस बारे में सार्वजनिक रूप से बात नहीं की है और अब भी मैं ज्यादा कुछ नहीं कह पाऊंगा. लेकिन मैं टाइटल बता सकता हूं। फिल्म का नाम 'सितारे जमीन पर' है। तारे जमीन पर की थीम पर 'सितारे जमीन पर' के जरिये हम 10 कदम आगे बढ़ रहे हैं। तारे जमीन पर एक इमोशनल फिल्म थी, यह फिल्म आपको खूब हंसाएगी।यह आपका मनोरंजन करेगी। लेकिन थीम वही है इसलिए हमने ये नाम बहुत सोच समझकर रखा है। इस बार फिल्म में स्पेशल चाइल्ड ईशान का किरदार है। मेरा किरदार ने तारे जमीन पर में ईशान की मदद की थी, लेकिन सितारे जमीन पर, वे 9 लड़के मेरी मदद करेंगे जिनकी खुद की समस्याएं हैं. मतलब उसका उल्टा।

## प्रदेश >> अपडेट

### गैस टेंकर में आग से चालक की मौत

**नरसिंहपुर**: मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक गैस टेंकर के डिवाईडर पर चढ़ने और पलट जाने से उसमें सवार चालक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक 44 नरसिंहपुर लखनादोन मार्ग पर मुंगवानी थाना क्षेत्र के डुडवारा गांव के पास कल एक गैस टेंकर डिवाईडर पर चढ़ा गया और इसके बाद टेंकर के पलट जाने से आग लग गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### 'इंडिया' में शामिल होने संबंधी खबरें फर्जी, सतर्क रहें समर्थक: मायावती

**लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने की खबरों को फर्जी करार देते हुये इसे एक एजेंडे के तहत भ्रम फैलाने की साजिश बताया और अपने समर्थकों से सावधान रहने की अपील की। सु मायावती ने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया सपा नेता रामगोपाल यादव के हवाले से बीएसपी के 'इण्डिया' गठबंधन में शामिल होने के लिए मुलाकात की न्यूज18 चैनल पर प्रसारित खबर पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद व फेक न्यूज। बार-बार ऐसी मनगढ़न्त खबरों से मीडिया अपनी इमेज खराब करने पर क्यों तुला है। कहीं ये सब किसी एजेण्डे के तहत तो नहीं। उन्होने कहा मीडिया द्वारा ऐसी अनर्गल खबरों का सपा व उनके नेता द्वारा खण्डन नहीं करना क्या यह साबित नहीं करता है कि उस पार्टी की हालत यहाँ उत्तर प्रदेश में काफी बदहाल है और वे भी उस घृणित राजनीति का हिस्सा हैं जो बीएसपी के खिलाफ लगातार सक्रिय है। ऐसी फेक खबरों से पार्टी के लोग सावधान रहें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### गेट फांद कर अखिलेश ने जयप्रकाश की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**लखनऊ** : समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को सुरक्षा कारणों से बंद किये गये जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) के गेट को फांद कर समाजवादी नेता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती के अवसर पर सपा ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को पत्र लिख कर जेपीएनआईसी प्रांगढ़ में लगी प्रतिमा पर माल्यार्पण की अनुमति मांगी थी जिसे साज सफाई और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुये अनुमति नहीं दी गयी थी। सपा ने इसे प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया और आज दोपहर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने समर्थकों के साथ जेपीएनआईसी पहुंच गये और बंद गेट को फांद कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### पटेल ने मुंबई में अग्रणी उद्योगपतियों के साथ की वन-टू-वन बैठक

**गांधीनगर**: गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अपने एक दिवसीय मुंबई दौरे के दौरान वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के संदर्भ में बुधवार को मुंबई में अग्रणी उद्योग संचालकों के साथ वन-टू-वन बैठकों का उपक्रम शुरू किया। सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि इस वन-टू-वन मुलाकात बैठक की शुरुआत में श्री पटेल ने सबसे पहले लार्सन एंड टुब्रो (एलएन्डटी) के चेयरमैन एस.एन. सुब्रह्मण्यन के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान एलएन्डटी के चेयरमैन ने समूह के बारे में कहा कि यह टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, निर्माण कार्य और उत्पादन क्षेत्र में बेजोड़ क्षमता रखने वाला 80 वर्षों से भी पुराना औद्योगिक समूह है। एलएन्डटी कंस्ट्रक्शन कंपनी देश की पहली हाई-स्पीड रेल, मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल के कुछ विभागों का क्रियान्वयन कर रहा है।

---

**विवाद** | राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने सुझाव दिया कि इस्तीफे चुनाव के साथ मेल खाने के लिए दिए गए

# रक्षा मंत्री के साथ विवाद के बाद दो सैन्य कमांडरों का इस्तीफा

- जानकारी मिली है कि 10 अन्य शीर्ष जनरल इस्तीफा दे रहे
- दोनों कमांडरों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई

**राष्ट्रीय खबर**



**वारसॉः** देश में आम चुनाव होने से कुछ ही दिन पहले रक्षा मंत्री के साथ स्पष्ट विवाद के कारण दो वरिष्ठ पोलिश सैन्य अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया, उनके प्रतिस्थापन की घोषणा मंगलवार को की जाएगी, अधिकारियों ने कहा। एक राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल राजमुंड आंद्रेजजक और ऑपरेशनल कमांडर जनरल टोमाज पियोत्रोव्स्की के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं और बाद में उनके उत्तराधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। इस्तीफों ने पड़ोसी यूक्रेन में युद्ध के समय वर्तमान रूढ़िवादी सरकार के तहत पोलैंड की सेना की स्थिति के बारे में सवाल खड़े कर दिए हैं। पोलिश मीडिया ने लंबे समय से दोनों कमांडरों और रक्षा मंत्री मारियस ब्लास्जक के बीच बढ़ते तनाव पर रिपोर्ट दी है। राष्ट्रीय सुरक्षा ब्यूरो के प्रमुख जेसेक सिविएरा ने कहा कि इस्तीफे सोमवार को सौंपे गए। सिविएरा ने डूडा द्वारा बुलाई गई एक सुरक्षा बैठक के बाद कहा, कमांड और प्रमुख गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए मंगलवार को नई नियुक्तियां की जाएंगी। पोलैंड में रविवार को चुनाव होगा, जिसमें मतदाता यह तय करेंगे कि मौजूदा रूढ़िवादी और यूरोस्केप्टिक सरकार को अभूतपूर्व तीसरे कार्यकाल में अगले चार साल तक पद पर रहना चाहिए, या क्या यूरोपीय समर्थक विपक्ष को सत्ता संभालनी चाहिए। कुछ राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने सुझाव दिया कि इस्तीफे चुनाव के साथ मेल खाने के लिए दिए गए थे। दोनों कमांडरों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई। विपक्षी नेता डोनाल्ड टस्क ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि 10 अन्य शीर्ष जनरल इस्तीफा दे रहे हैं। सैन्य कमान ने दावे का खंडन किया है।

ब्लास्जक ने दिसंबर में पोलिश जंगल में दुर्घटनाग्रस्त हुई एक भटकी हुई रूसी मिसाइल पर सेना की प्रतिक्रिया पर पियोत्रोव्स्की की सार्वजनिक रूप से आलोचना की है। जिसमें कोई चोटिल नहीं हुआ। ब्लास्जक ने आरोप लगाया कि पियोत्रोव्स्की ने उन्हें उस समय घटना की जानकारी नहीं दी थी और सेना मिसाइल को खोजने में विफल रही। बाद में एक नागरिक को संयोगवश मिसाइल मिल गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मंत्री ने हाल ही में पियोत्रोव्स्की को बेलारूस के साथ सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने या सप्ताहांत हमास के हमले के बाद इजराइल से अपने नागरिकों पोल्स की निकासी जैसे परिचालन निर्णयों से दूर रखा था। गजेटा वायबोरजा दैनिक के अनुसार, ब्लास्जक ने सेना में अपने भरोसेमंद कमांडरों में से एक, जनरल विस्लॉ कुकुला की ओर रुख किया, और उसे इजराइल से निकासी का प्रभारी बना दिया, जो इस्तीफों को ट्रिगर करने वाला साबित हुआ। रोजपोस्पोलिटा दैनिक सहित मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि दोनों जनरलों ने सरकार के चुनाव अभियान में सशस्त्र बलों के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई।

पोलैंड अमेरिका का करीबी नाटो सहयोगी है और उसने वाशिंगटन, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों से अरबों डॉलर के सैन्य उपकरण खरीदे हैं।

## भाजपा के इशारे पर संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रही ईडी : आप



एजेंसियां

**नयी दिल्लीः** आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर बुधवार को गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर सांसद संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रहा है। 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मंगलवार को अदालत में सिंह की पेशी के दौरान जो सच उजागर हुआ है उससे भाजपा की घटिया राजनीति और प्रतिशोध की भावना का पर्दाफार्श हो गया है। अदालत में यह स्पष्ट हो गया कि ईडी भाजपा के इशारे पर संजय सिंह को मरवाने की साजिश कर रहा है। यह एक बड़ा सवाल है और इस सवाल का जवाब ईडी और भाजपा दोनों को देना चाहिए। 'आप' नेता ने कहा कि ईडी की हिरासत में ऐसा दो बार हुआ कि अदालत की जानकारी के बगैर सिंह को अज्ञात जगह पर ले जाने की कोशिश की गई। इससे सवाल उठता है कि ऊपर कौन बैठा हुआ है जो नियमों को दरकिनार कर ईडी को कुछ करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## माफिया की तरह काम कर रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस



एजेंसियां

**नयी दिल्लीः** कांग्रेस ने मोदी सरकार पर कड़ा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि वह माफिया की तरह काम कर रही है और जो सच बोलता है उसे सजा दी जाती है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल पर ट्वीट कर आज कहा कि इस सरकार में हालात यह हो गये हैं कि जो सच बोलेगा, उसे सजा मिलेगी। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के भ्रष्टाचार और बड़े घोटालों को उजागर किया था इस संस्थान के जिन अधिकारियों ने इस मामले की जांच की उनका अब स्थानांतरण कर दिया गया है और उन्हें इसकी सजा दी जा रही है। पार्टी ने कहा, कैग ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि मोदी सरकार ने द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना, भारतमाला प्रोजेक्ट और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं में भारी घोटाला किया है।

हमारी मांग है कि अधिकारियों के ट्रांसफर आदेशों को तुरंत रद्द किया जाए, उन्हें सच बोलने की सजा न दी जाए। साथ ही जिन योजनाओं में घोटाले उजागर हुए हैं, उनसे जुड़े लोगों पर कार्रवाई की जाए। इस बीच पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, कैग के तीन अधिकारी हैं, जिन्होंने संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश की गई एक रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में बड़े पैमाने पर घोटालों का खुलासा किया था। कैग रिपोर्ट में ढांचागत और सामाजिक योजनाओं में घोटाले को उजागर किया गया था। रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे में 1400 प्रतिशत लागत बढ़ने और टेंडरिंग में धांधली सामने आई थी। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से 3,600 करोड़ रुपए की हेराफेरी, दोषपूर्ण बोली प्रक्रिया और भारतमाला योजना की लागत 60 प्रतिशत बढ़ने की बात भी रिपोर्ट में थी।

## राहुल गांधी मध्यप्रदेश में वोट नहीं, झूठे वचन पत्र के लिए माफी मांगें : शिवराज



एजेंसियां

**भोपालः** मध्यप्रदेश में चुनावी रैली करने आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वे (गांधी) झूठ की दुकान के मैनेजर हैं और उन्हें प्रदेश में वोट नहीं, झूठे वचन पत्र के लिए माफी मांगनी चाहिए। चौहान ने अपने बयान में कहा कि गांधी झूठ की दुकान के मैनेजर और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ झूठ के सेल्समेन हैं। दोनों मिलकर प्रदेश में झूठ बेच रहे हैं। गांधी छत्तीसगढ़ और राजस्थान की कांग्रेस सरकार के काले कारनामे मध्यप्रदेश में गिना रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बात मोहब्बत की करते हैं, लेकिन असलियत में वो झूठ की दुकान चला रहे हैं, मध्यप्रदेश आकर भी वो सिर्फ झूठ ही बोलते हैं। शहडोल के ब्यौहारी में कल वे महिला अपराध और आदिवासियों को लेकर झूठ बोलकर चले गए। दरअसल वे कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ और राजस्थान की सरकारों द्वारा किये जा रहे काले कारनामों को मध्यप्रदेश में गिना रहे हैं, क्योंकि यहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार में 20 साल में जनकल्याण और विकास के जो कार्य हुए हैं उसमें हर वर्ग खुशहाल है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को बांटा है, राहुल गांधी भी मध्यप्रदेश को बांटने के लिए आए थे। वे मध्यप्रदेश की जनता से कमलनाथ की ह्यकरप्शन, कमीशन और क्राइम वाली 15 माह की सरकार के कुकर्मों के लिए माफी मांगें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने 2018 के चुनाव के समय मध्यप्रदेश आकर किसानों की कर्जमाफी का वादा किया था, और कहा था यदि 10 दिन में कर्जमाफ नहीं हुआ तो मुख्यमंत्री बदल दूंगा, लेकिन सच्चाई इसके उलट है न तो कांग्रेस की सरकार कर्जा माफ कर सकी और न ही मुख्यमंत्री बदल सकी, इसलिए मध्यप्रदेश की जनता ने सवा साल में ही कांग्रेस की सरकार बदल दी। उन्होंने कहा कि बैगा, भारिया और सहरिया बहनों को आहार अनुदान के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए बंद करने वाले आज किस मुंह से महिलाओं के विकास की बात कर रहे हैं।

## पीएमएल-एन 21 अक्टूबर को प्रदर्शन के लिए कार्यकताओं में भर रही है जोश

एजेंसियां

**लाहौर** : पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने लाहौर में तीन रैलियों को रद्द करने का फैसला किया है, जो पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ के 21 अक्टूबर को घर वापसी से पहले कार्यकर्ताओं में इस बड़े कार्यक्रम से पहले जोश भर रही है। पंजाब में पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक यह निर्णय खुद शरीफ के निर्देश पर लिया गया था, जो इस महीने के अंत में लाहौर पहुंचेंगे और मीनार-ए-पाकिस्तान में एक सभा को संबोधित करेंगे। पीएमएल-एन नेता ने समाचार पत्र डॉन को बताया, नवाज शरीफ ने पार्टी अध्यक्ष शहबाज शरीफ को निर्देश दिया कि वह अपनी वापसी से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को थकने ने दें। पार्टी नेताओं को उनकी घर वापसी को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर जगह बैठकें करते रहना चाहिए और कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा समन्वय स्थापित करना चाहिए।

पार्टी के भीतर मतभेदों की खबरों के बीच पीएमएल-एन के शीर्ष नेता ने जूनियर शरीफ से 21 अक्टूबर के रैली को सफल बनाने के लिए पंजाब, खासकर लाहौर के कुछ नेताओं के बीच पनपे मतभेदों को तुरंत सुलझाने के लिए भी कहा है। नवाज शरीफ की घर वापसी के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ाने के लिए लाहौर में ख्वाजा साद रफीक, राणा मशहूद और रियाज़ मलिक के निर्वाचन क्षेत्रों में तीन रैलियों की योजना बनाई गई थी।

**स्मृति** | इस शहर को हड्डियों का शहर कहा जाता है

## सोवियत संघ के विभाजन के बाद पूरी तरह उजड़ गया इलाका

- खदान हादसे के बाद लोग इलाका छोड़ गये
- स्टालिन के जमाने में बसाया गया था
- मौसम बहुत ठंडा रहता है यहां का

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्लीः** यह बसा बसाया शहर अब पूरी तरह वीरान है, यहां कोई नहीं रहता। पास के कोयला खदान में विस्फोट को इसकी वजह कहा जाता है। यहां तक कि यह शहर अब मानचित्र पर भी मौजूद नहीं है। लोग इसे छोड़कर अन्यत्र जा चुके हैं। यह कादिक्चन शहर रूस के सुदूर पूर्व में स्थित है। एक पूरी बस्ती रातों-रात गायब हो गई। सभी निवासी चले गये। दुनिया में ऐसे शहरों या गांवों की संख्या कम नहीं है। जनसंख्या ह्रास के कारण अलग-अलग हैं। ऐसे शहर के बारे में बात करते समय सबसे पहले पिपरियात का नाम दिमाग में आता है। यह शहर उत्तरी यूक्रेन में था। बेलारूस की सीमा के पास। यह शहर चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास था। सरकार के अनुसार, 1986 में इस बिजली संयंत्र में आपदा के कारण कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई थी। इस आपदा से उत्पन्न रेडियोधर्मी संदूषण का प्रत्यक्ष प्रभाव कई वर्षों तक रहा। रेडियोधर्मी विकिरण के कारण पिपरियात की आबादी खत्म हो गई थी। वहां तीन दशकों से अधिक समय से कोई नहीं रहा। रूसी शहर कडिकचन को भी तुरंत खाली कर दिया गया। यह एक भुतहा शहर बन गया है। जहां कभी बहुत सारे लोग रहते थे, वहां आज एक भी व्यक्ति नहीं रहता।

कादिक्चन शहर रूस के सुदूर पूर्व में स्थित है। खदान में विस्फोट के कारण निवासियों को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह अब मानचित्र पर मौजूद नहीं है। करीब 30 साल पहले रूस के इस शहर में लोगों की बसें हुआ करती थीं। अब वहां केवल कुछ जीर्ण-शीर्ण परित्यक्त मकान, कारखाने और दुकानें बची हैं। अब इस इलाके का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं। कादिकचान शहर की ओर जाने वाली सड़क को हड्डियों की सड़क कहा जाता है। जब जोसेफ स्टालिन पूर्व सोवियत संघ के शासक थे, तब इस क्षेत्र में कई श्रमिकों की अंधाधुंध हत्याएं की गई थीं। 1930 के आस पास इस क्षेत्र में कोई मानव निवास नहीं था। परीक्षण के बाद पता चला कि मिट्टी के नीचे कोयला, सोना और विभिन्न धातुएं हैं। रूस के शासक ने उन्हें उठाने का निर्णय लिया। उस क्षेत्र में तापमान शून्य से लगभग 50 डिग्री सेल्सियस नीचे है। चारों ओर बर्फ से ढका हुआ। ऐसे मौसम में खदानों में काम करना लगभग असंभव था। कथित तौर पर रूसी शासक गरीब लोगों को खदानों में काम करने के लिए मजबूर करते थे। इसके बाद द्वितीय विश्वयुद्ध प्रारम्भ हो गया। तब युद्धबंदियों को यातनाएँ दी जाती थीं और उन्हें खदानों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता था। ऐसा माना जाता है कि अत्यधिक ठंड और यातना से लगभग दो लाख कैदी मर गए। युद्ध की समाप्ति पर कोयले और धातु का खनन बंद कर दिया गया।

---

## न्यूज फटाफट

### अमेरिका में सैन्य उपकरण ले जा रही ट्रेन पटरी से उतर गई

**लॉस एंजिल्स**: अमेरिका के पश्चिम प्रांत कोलोराडो में कोलोराडो स्प्रिंग्स शहर के पास सैन्य उपकरण ले जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। स्थानीय मीडिया ने मंगलवार को अधिकारियों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। ट्रेन की कम से कम 13 डिब्बे कैलीफोर्निया से फोर्ट कार्सन तक जा रही थीं। कोलोराडो स्प्रिंग्स के ठीक बाहर सोमवार शाम करीब 5:50 बजे ट्रेन के डिब्बे पटरी से उतर गये। सीबीएस से संबद्ध कोलोराडो स्प्रिंग्स के एक टेलीविजन स्टेशन केकेटीवी ने बताया कि इनमें से पांच डिब्बों को भयावह क्षति हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, फोर्ट कार्सन के अधिकारियों ने कहा कि जब रेलगाड़ी पटरी से उतरी तो उसमें सैन्य वाहन और अन्य उपकरण थे। अधिकारियों ने केकेटीवी से पुष्टि की कि जहाज पर कोई हथियार या खतरनाक सामग्री नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रेन के पटरी से उतरने के कारणों की जांच की जा रही है।

### फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध में कम से कम आठ फ्रांसीसी नागरिक मारे गएः मंत्रालय

**पेरिस**: इजरायल और हमास के बीच भीषण युद्ध के बाद इजरायल में कम से कम आठ फ्रांसीसी नागरिकों की मौत हो गई है और 20 अन्य अभी भी लापता हैं। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा, फ्रांस अपने चार अन्य नागरिकों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त करता है। इजरायल के खिलाफ हमास द्वारा किए गए आतंकवादी हमलों में फ्रांसीसी पीड़ितों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। इसके अलावा लगभग 20 अन्य फ्रांसीसी नागरिकों के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है जो वर्तमान में लापता बताए जा रहे हैं। फ्रांसीसी नेशनल असेंबली से मंगलवार को बात करते हुए विदेश मंत्री कैथरीन कोलोना ने कहा कि इज़राइल में फंसे उनके नागरिकों को वापस लाने के लिए गुरुवार को एयर फ्रांस द्वारा एक चार्टर्ड उड़ान भेजा जाएगा।

### अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए

**काबुल** : अफगानिस्तान के हेरात में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बुधवार को यह जानकारी दी। भूकंप का केंद्र 34.60 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 62.12 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा सतह से 10 किमी की गहराई पर स्थित था। अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में बीते शनिवार को आये विनाशकारी भूकंप में अब तक चार हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इस आपदा से सैंकड़ों घर तबाह हो गए हैं। भूकंप से सबसे ज्यादा हेरात प्रांत प्रभावित हुआ है।

### आज का इतिहास

- 1279 : निचिरेन ने अपने दाई-गोहोनज़ोन की रचना की।
- 1492 : क्रिस्टोफर कोलंबस अमेरिका के पास बहामास द्वीपसमूह में उतरे। उसे लगा कि वह भारत पहुंच गया है।
- 1692 : मैसाचुसेट्स के गवर्नर विलियम फिप्स ने सलेम विच ट्रायल को समाप्त करने वाला एक पत्र भेजा।
- 1711 : कैरेल छठी हैब्सबर्ग रोमन कैथोलिक सम्राट का ताज पहनाया गया।
- 1776 : ब्रिटिश ब्रिगेड ने ब्रॉन्क्स में थोरग नेकस रोड की सुरक्षा करना शुरू कर दिया।
- 1792 : अमेरिका की खोज करने वाले क्रिस्टोफर कोलम्बस को मेरीलैंड के बाल्टीमोर में पहला स्मारक समर्पित किया गया।
- 1792 : न्यू वर्ल्ड में आने के 300 साल बाद न्यू यॉर्क सिटी में संयुक्त राज्य में पहला कोलंबस दिवस समारोह आयोजित किया गया।
- 1798 : फ्रांस के कब्जे वाले बोएरेनक्रिज के खिलाफ फ्लेमिश विद्रोह आरम्भ हुआ।
- 1799 : जैनने गेनेविएवे लबरोस्से 900 मीटर की ऊंचाई से एक पैराशूट के साथ एक गुब्बारा से कूदने वाली पहली महिला बनी।
- 1815 : नेपल्स के पूर्व राजा जोआचिम मूरत को मृत्यु की सजा सुनाई।
- 1822 : ब्राजील के पेड्रो-प्रथम को ब्राजील का संवैधानिक सम्राट घोषित किया गया।
- 1847 : जर्मन आविष्कारक और उद्योगपति वर्नर वॉन सीमेंस ने सीमेंस एजी और हल्स्के को की स्थापना की।
- 1850 : पहली महिला चिकित्सा विद्यालय (महिला मेडिकल कॉलेज ऑफ पेन्स) खोला गया।
- 1854 : लिंकन यूनिवर्सिटी की आश्मुन संस्थान के रूप में स्थापना की गयी।
- 1860 : ब्रिटेन और फ्रांस की सेना ने चीन की राजधानी बीजिंग पर कब्जा जमाया।
- 1871 : ब्रिटिश सरकार ने क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट लागू किया गया जिसके तहत 160 स्थानीय समुदायों को अपराधी जाति घोषित कर दिया गया।
- 1879 : ब्रिटिश सैनिकों ने काबुल और अफगानिस्तान पर कब्जा किया।
- 1898 : मतीउर में पहली नगर परिषद की स्थापना की गयी।
- 1901 : अमरीकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने राष्ट्रपति भवन का नाम एक्जीक्यूटिव मेनसन से बदल कर व्हाइट हाउस कर दिया।
- 1909 : ब्राजील के कूर्टिबा शहर में फुटबाल टीम की स्थापना हुई।
- 1910 : जॉन डी ने न्यूयॉर्क में रॉकफेलर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च का अपना पहला 75 बेड का अस्पताल खोला।
- 1928 : पहली बार अमेरिका के बोस्टन में चिल्ड्रन हॉस्पिटल में एक बच्ची के लिए 'आयरन लंग' नाम की मशीन का इस्तेमाल किया गया।
- 1945 : कम्युनिस्टों ने शांगडांग अभियान पर जीत हासिल की।
- 1964 : विश्व में पहली बार सोवियत संघ ने बिना स्पेस सूट पहनाए अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा।
- 1967 : भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया का निधन हुआ।
- 1968 : मध्य अफ्रीका में स्थित देश इक्वेटोरियल गिनी को स्पेन से स्वतंत्रता मिली और यह दिन इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
- 1968 : स्पेन ने इक्वेटोरियल गिनी को इसकी स्वतंत्र घोषित किया।
- 1982 : थोरबॉर्न फ्लाल्डिन स्वीडन के प्रधानमंत्री बने।
- 1988 : भारत के त्रिपुरा में बिरचंद्र मनु नरसंहार हुआ।
- 1992 : मिस्र की राजधानी काहिरा में भूकंप से करीब 510 लोगों की मौत हुई।
- 1992 : 1993 में काहिरा भूकंप में 543 लोग मारे गए और 6,500 से अधिक घायल हो गए।
- 1997 : अल्जीरिया के सिदी दाऊद शहर के फॉल्स रोड ब्लॉक पर नरसंहार में 43 लोगों की हत्या की गई।
- 1998 : अमेरिकी संसद ने ऑनलाइन कॉपीराइट विधेयक को पारित किया।
- 1999 : पाकिस्तान में सेना द्वारा तख्ता पलट के बाद जनरल परवेज मुशर्रफ़ सत्ता पर क़ाबिज़
- 2000 : अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' का फ्लोरिडा से प्रक्षेपण हुआ।
- 2004 : पाकिस्तान ने गौरी-1 मिसाइल का परीक्षण किया।

## गुजरात में कार्यरत युवक की हादसे में मौत, परिजनों में कोहराम

**मधुबनी :** धनहा थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव के एक युवक की गुजरात के सूरत सहर में हो गई ही उसका मौत ओवर ब्रिज से गिरने के दौरान मौत हो गई। उक्त युवक पांच माह पहले अपने परिवार के जीवीका पार्जन के लिए गुजरात कमाने गया था। मधुबनी पंचायत के मुखिया राकेश चौधरी ने बताया कि मधुबनी गांव निवासी रामभजू चौधरी के 25 वर्षी पुत्र दिनेश चौधरी पांच माह पहले गुजरात गया था। जहां वह जेसीबी चलाता था। ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा था।






# आस्था का प्रतीक है सेमापुर मुख्य बाजार का सार्वजनिक दुर्गा मंदिर

### यहां आ कर पूरी हो जाती है हर मन्नतें

**राणा सिंह**

**कटिहार :** जिले अंतर्गत सेमापुर बाजार स्थित सर्वजनिक दुर्गा मंदिर की महिमा दूर-दूर तक प्रचलित है। मान्यता है कि यहां हर किसी की मांगी मुरादें अवश्य पूरी होती है। इस मंदिर के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मां के कृपा यहां बनी रहती है। इससे सेमापुर बाजार में सालों भर रौनक रहती है। जबकि इस मंदिर से फागुन मास में प्रत्येक वर्ष खाटू श्याम बाबा का भव्य निशान यात्रा निकाला जाता है।

कहा जाता है यह मंदिर सौ साल पुराना है। मुंशी गोप ने अपनी जमीन दान देकर इस मंदिर का निर्माण कराया था। कहा जाता है कि तब मां ने मुंशी गोप को स्वप्न में आकर दर्शन दीं थी और मंदिर स्थापित कर मां की प्रतिमा स्थापना को कहा था। मंदिर के निर्माण और प्रतिमा स्थापना के बाद क्षेत्र सेमापुर के क्षेत्र में रोनक आ गया था। मंदिर निर्माण के लिए उस समय राजस्थान और गुजरात के कारीगर आए थे। वर्तमान में मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कर आकर्षक नक्काशी की गई है। यह मंदिर मनोकामना सिद्ध के रुप में प्रसिद्ध है। मनोकामना पूर्ण होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते है। यहां मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है। फागुन मास में यहां खाटु श्याम का दरबार भी सजता है और निशान यात्रा निकाली जाती है। मंदिर के पुजारी आचार्य अर्जन बाबा, गोलू पंडित ने कहा इस मंदिर से निस्वार्थ भाव से मांगी हुई मुरादे पूरी होती है। जिले के विभिन्न स्थानों से पूजा कर अर्चना करने आते हैं। वहीं स्थानीय राजेश चौधरी, अजय कुमार सिंह, आनंद जसवाल, समीर चौधरी ने कहा कि यह मंदिर सार्वजनिक है। यहां सारे कार्य सार्वजनिक सहयोग से होता है। मंदिर में व्यवसायियों का खासा सहयोग रहता है। यहां नवमी, दशमी को विशेष पूजा अर्चना के साथ भंडारा भी होता है।



## पति समेत तीन पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**राष्ट्रीय खबर**

**बगहा प.च.:** प्रखंड अंतर्गत डैनमरवा गांव में एक महिला को चार दिनों तक कमरे में बंद कर प्रताड़ित करने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने चार लोगों को नामजद किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि लौरिया थाना क्षेत्र के बनकटवा गांव के जयंत दुबे की बेटी शशिबाला कुमारी का आरोप है कि उसका विवाह डैनमरवा के शुभम पांडे के साथ वर्ष 2021 में हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। विवाह के कुछ महीनो बाद तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा फिर बाद में विवाहिता के पति के साथ सास, ससुर और ननद ने मिलकर दहेज के लोभ में आकर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। हालांकि लड़की इसका विरोध करती रही लेकिन उसकी किसी ने न सुनी। दहेज के रूप में विवाहिता से पांच लाख और एक आल्टो कार की मांग की गई थी। ससुराल वालों के मांग को पूरा नहीं करने पर लड़की के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसकी शिकायत करने पर पिता ने जाकर मामला को समझा बुझाकर शांत कराया लेकिन विगत 6 अक्टूबर को उसके ससुराल वालों ने मिलकर लड़की को कमरे में बंद कर दिया और प्रताड़ित करने लगे मोबाइल भी तोड़ दिया और बाहर निकलने पर भी पाबंदी लगा दी।

# बद्रीनाथ मंदिर स्वरूप पूजा पंडाल में मां का दर्शन करेंगे भक्त

**राष्ट्रीय खबर**

**संझौली (रोहतास) :** 15 अक्टूबर से होने वाली मां दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए, पूजा पंडाल का निर्माण कारीगरों द्वारा युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पूजा कमिटी सदस्यों द्वारा एक से बढ़कर एक मंदिरों, धार्मिक स्थलों का रूप रेखा, पूजा पंडाल को देने के लिए पूजा कमेटी के सदस्यों व कारीगरों में होड़ मचा हुआ है। पूजा कमेटी के सदस्य बनाए जा रहे, पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग से सजाने संवारने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। श्रद्धालुओं व दर्शकों को राह चलते मुड़कर पंडाल की तरफ देखने के लिए, कारीगर भिन्न-भिन्न तरह के, कारीगरी का प्रदर्शन करते नहीं थक रहे हैं। मां काली मंदिर के समीप बन रहा पूजा पंडाल का लुक भगवान केदार नाथ मंदिर की तरह होगा, तो वहीं दूसरे जगह, आरा - सासाराम मुख्य पथ एसएच 12 के समीप, न्यू एरिया संझौली में माता दुर्गा की पूजा अर्चना के लिए बन रहा, पूजा पंडाल भगवान बद्रीनाथ मंदिर के तर्ज पर दिखेगा। यह जानकारी, दुर्गा पूजा समिति छात्र नवयुवक संघ, न्यू एरिया के अध्यक्ष मनु कुमार, उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, सचिव विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष सोनू कुमार ने दिया। पूजा कमेटी के अध्यक्ष की माने तो मां की पूजा अर्चना पिछले तीन दशकों से किया जाता रहा है। उक्त अवसर पर प्रद्युमन गुप्ता, पवन गुप्ता, राजेश गुप्ता, सूरज गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित थे।


